निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, गुरुवार 19 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 299 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



झारखंड विधानसभा में बिहार विधान परिषद की बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण समिति के सदस्यों के साथ सीएम हेमंत सोरेन

# वित्तीय प्रबंधन में झारखंड पूरे देश में तीसरे नंबर पर : हेमंत

**झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री ने सदन को किया संबोधित**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन बुधवार को सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह सदन राज्य की दिशा को तय करता है। बजट सत्र काफी महत्वपूर्ण होता है। इस सत्र के माध्यम से बहुत सारी बातें हुई। कई सुझाव भी आए, आलोचनाएं भी हुई और आरोप भी लगे। पिछले छह सालों में हमारी सरकार ने कई चुनौतियां देखी। क्योंकि इस राज्य में सिंगल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा किजब भाजपा की सरकार थी, क्या हाल था यह कई बार सदन में आया है। आज विपक्ष के साथी प्रश्न पूछते हैं लेकिन यह भी सच है जितना ये मजबूती से अपनी आलोचनाओं को



रखते हैं और यह भी सच है कि जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठा दिया। इनकी हर गतिविधियों को राज्य की जनता ने देखा है। श्री सोरेन ने कहा कि आज झारखंड सरकार के कार्यों की चर्चा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। जब हम सब लोगों को इस राज्य का सेवा करने का मौका मिला, उस समय झारखंड का बजट करीब 86 हजार करोड़ था। आज यह एक लाख 58 हजार करोड़ रुपए हो गया। ये हमारे लिए सिर्फ आंकड़ा नहीं है बल्कि सरकार के काम करने के बेहतर प्रबंधन का नतीजा है। वित्तिय प्रबंधन में हम आज पूरे देश में तीसरे नंबर पर है। सीएम ने कहा कि झारखंड रुका नहीं है, झुका नहीं है। झारखंड आगे बढ़ता रहा है। हमने नीचले स्तर तक लोगों का ध्यान रखा, उनकी पीड़ा को समझा और उन्हें भी पेंशन का लाभ दिया। महिला सशक्तिकरण को लेकर आज झारखंड की पूरे देश में चर्चा होती है। लगभाग 50 से अधिक महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना दी जा रही है। आज महिलाएं केवल लाभ नहीं ले रही हैं बल्कि वो निर्णय लेने वाली शक्ति बन गई है। उन्होंने कहा कि सरकार के काम का परिणाम भी दिख रहा है। हमलोगों यहीं नहीं रुकेंगे। आने वाले समय में भी कई ऐसी चीजों को चरणबद्ध तरीके से कार्य करना शुरू कर दिया है। हम मदद मांगने वाली सरकार नहीं अवसर देने वाली सरकार है। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमने शुरुआत से ही काम शुरू किया था। खाड़ी युद्ध पर उन्होंने कहा कि दुनिया ने हमारे लिए दरवाजे बंद कर दिए तो लोगों को भूखा मरना पड़ेगा। पता नहीं हमारे देश में किसका राज चल रहा है। ट्रंप का राज चल रहा है या हमारे विपक्ष का।

## वीबी जी राम जी के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण, 2025 यानी वीबी जी राम जी लाए जाने के खिलाफ झारखंड विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित हुआ है जिसे केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इस प्रस्ताव को झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने लाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिनियम झारखंड सरकार के साथ साथ यहां की ग्रामीण जरुरतों के लिहाज से सही नहीं है। उनके प्रस्ताव पर स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने गैर सरकारी संकल्प की प्रक्रिया शुरु करने से ठीक पहले वोटिंग कराई जो ध्वनिमत से पारित हो गई। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने वीबी जी राम जी के खिलाफ प्रस्ताव लाने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ने गरीबी कम करने, पलायन रोकने और महिलाओं के सशक्तिकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। लेकिन हाल ही में प्रस्तावित अधिनियम के प्रावधानों से ग्रामीण गरीबों के अधिकारों के हनन की आशंका है।

## झारखंड में हर हाल में बजेगा डीजे : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बुधवार को विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड में रामनवमी, सरहूल और ईद पर डीजे बजेगा और हर हाल में बजेगा। उन्होंने कहा कि हमने कभी डीजे पर रोक लगाने की बात नहीं कही थी बल्कि उसके दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराने की बात कही थी लेकिन मेरी बातों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। उन्होंने कहा कि हमने सूबे के सभी सिविल सर्जनों को आदेश दिया है कि वे जुलूस के दौरान जुलूस के साथ-साथ चलें ताकि किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा सके। हम किसी श्रद्धालु को किसी अनहोनी की चपेट में आने नहीं देंगे। विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कहा कि महूदी में सरकार को हर हाल में जुलूस निकालने की अनुमति देनी होगी। यदि नहीं देती है, तो हमलोग वहां जुलूस निकालेंगे। उन्होंने कहा कि रामनवमी का जुलूस ऐतिहासिक रहेगा। सरकार रामनवमी के जुलूस फूल बरसाकर स्वागत करे। विधायक मनीष प्रसाद ने कहा कि डीजे पर रोक नहीं लगनी चाहिए। सरकार यदि इसको रोक पाने में असमर्थ है, तो हमलोगों को स्वयं जुलूस निकालने के लिए अनुमति दे। हमलोग आपसी सौहार्द के साथ सभी त्योहार मनाते आए हैं और मनाते रहेंगे। विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि सरकार महूदी के जुलूस पर जो रोक लगाई है, वह पूरी तरह से गलत है। सरकार अविलंब इस रोक को हटा ले। अल्पसंख्यक कल्याण मामलों के मंत्री हफिजुल हसन ने कहा कि सरकार ने कभी भी डीजे पर रोक लगाने की बात नहीं की है, बल्कि कोर्ट के आदेश का पालन करवा रही है। सरकार किसी भी धर्म विशेष के त्योहार के पीछे नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल के लिए कृतसंकल्पित है। मंत्री दीपिका सिंह पांडेय ने कहा कि भाजपा अफवाह और धार्मिक उन्माद फैलाकर राजनीति करना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसबी जवान ने की आत्महत्या

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र स्थित शिला ओपी पिकेट में तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान प्रह्लाद कुमार सिंह ने मंगलवार रात करीब 10 बजे अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनते ही कैंप में तैनात अन्य जवान मौके पर पहुंचे, जहां प्रह्लाद खून से लथपथ पड़े थे। मृतक जवान की पहचान देवघर जिले के महतोडीह गांव निवासी प्रह्लाद कुमार सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या का मामला बताया जा रहा है, हालांकि घटना के बाद पूरे कैंप में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के मसमोहना गांव में एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय मनीषा सिंह के रूप में हुई है। मृतक के मायके वालों ने इसे हत्या करार दिया है। मृतक के पिता ने बताया कि उनकी बेटी के साथ उसके ससुराल वाले लगातार अभद्र व्यवहार करते थे, जिससे उनकी पुत्री लगातार परेशान रहती थी। 2 दिन पहले यानी 16 मार्च को उनकी बेटी से बात हुई थी, इस दौरान उन्होंने अपने पिता को अपने ऊपर हो रहे अत्याचार की आपबीती सुनाई थी, जिस पर उन्होंने अपनी बेटी को सबकुछ ठीक करने का आश्वासन दिया था।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कासियाटांड़ स्थित 8 लेन के पास एक बंद पड़े पत्थर क्रेशर के समीप लगभग 80 फीट गहरी खदान से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही बरवाअड्डा थाना की पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। खदान की गहराई और दुर्गम स्थिति को देखते हुए पुलिस को शव तक पहुंचने और उसे बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### प्रिंस खान के आतंक पर लगाम लगाने की तैयारी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के लोकल नेटवर्क पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विदेश (संभवतः दुबई) में बैठकर रांची में रंगदारी और आतंक फैलाने वाले प्रिंस खान के अंडरग्राउंड समर्थकों की एक बड़ी टीम सक्रिय है। पुलिस को एक दर्जन से अधिक संदिग्धों की पुख्ता जानकारी मिली है, जिनकी कुंडली खंगाली जा रही है। रांची पुलिस ने प्रिंस खान के बढ़ते आतंक पर लगाम लगाने की पूरी तैयारी कर ली है।

## ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं देने पर तेज होगा आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में ओबीसी को 27% आरक्षण देने की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। आज 18 मार्च को रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय समिति के प्रमुख पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं सदस्यों की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू और बैठक का संचालन प्रधान महासचिव बीरेंद्र कुमार ने किया। बैठक में ओबीसी को 27% आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन करने, छोटे दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफ करने, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे हमलों, हत्या, लूट, रंगदारी जैसी घटनाओं पर रोक लगाने, रामगढ़ जिला में जीएम लैंड की रसीद निर्गत करने आदि को लेकर चर्चा की गई। तत्पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों को लेकर फिर से आंदोलन और अभियान तेज किया जाएगा। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक में शहीद भगत सिंह की शहादत दिवस और डॉ। राम मनोहर लोहिया के जयंती पर 23 मार्च को रांची के आलोका सभागार में आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि वैश्य दिवस के अवसर पर 23 अप्रैल को रामगढ़ में वैश्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए सभी केंद्रीय पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों को सूचना भेजी जाएगी। दोनों कार्यक्रमों में वैश्य समाज के वरीय नेताओं और बुद्धिजीवियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

## सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं : डीजीपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** रामनवमी में सुरक्षा के दृष्टिकोण से कोई चूक ना हो, इसे लेकर फूल प्रूफ योजना तैयार की जा रही है। झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्रा ने रामनवमी जुलूस मार्ग का रूट वेरिफिकेशन किया है। यह पहली बार है कि किसी डीजीपी ने हजारीबाग पहुंचकर रामनवमी रूट का वेरिफिकेशन किया हो। रूट वेरिफिकेशन के दौरान जिले भर के सभी पदाधिकारी सड़क पर रहे। झंडा चौक पर डीजीपी ने सड़क पर उतरकर रूट की जानकारी प्राप्त की। वहीं बड़ा अखाड़ा में उन्होंने पुलिस पदाधिकारी के साथ वार्ता किया। इस दौरान बोकारो रेंज के आईजी सुनील भास्कर, हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन, उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे। डीजीपी ने सड़क पर ही कई अहम निर्देश पुलिस पदाधिकारी को



दिए और स्पष्ट किया कि सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीजीपी तदाशा मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आम जनता उत्सव उमंग के साथ मनाएं। कानून तोड़ने की इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस रास्ते से जुलूस गुजरेगी उसका निरीक्षण किया गया है और कई अहम निर्देश भी दिए गए हैं। रूट वेरिफिकेशन के पहले डीजीपी तदाशा मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारी शामिल रहे। इस दौरान डीजीपी ने सुरक्षा को लेकर किए जा रहे इंतजामों के बारे में हजारीबाग एसपी से जानकारी ली। साथ ही साथ इस दौरान कई अहम निर्देश भी निर्गत किए गए। रामनवमी रूट का महत्वपूर्ण अंग जामा मस्जिद रोड होता है। इस रूट पर भी डीजीपी पूरे पुलिस पदाधिकारियों के साथ सड़कों पर पैदल उतरीं। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। प्रशासन को जामा मस्जिद रोड से रामनवमी जुलूस पास कराना सबसे बड़ी चुनौती होती है। यहां सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जाता है। डीजीपी ने इस दौरान जामा मस्जिद रोड में सुरक्षा को लेकर कुछ अन्य निर्देश भी निर्गत किए हैं। हजारीबाग में पहली बार सुरक्षा को लेकर ऐसी व्यवस्था देखने को मिल रही है। जिले के वरीय पदाधिकारी के साथ पुलिस मुख्यालय से पहुंचे पदाधिकारी की बैठकें पहले भी हो चुकी हैं। रामनवमी के पहले ही तीन से चार बार फ्लैग मार्च हो चुका है। वहीं दो स्थानों पर मॉक ड्रिल भी किया गया है। रामनवमी के ठीक पहले डीजीपी का पहुंचना, कई मायने में महत्वपूर्ण बताया जा रहा है।

## पीएलएफआई के एरिया कमांडर ने किया सरेंडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी/रांची।** झारखंड पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर हाबिल मुंडू उर्फ प्रफुल्ल मुंडू ने बुधवार 18 मार्च को खूंटी पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। खूंटी पुलिस कार्यालय में आयोजित सादे समारोह में हाबिल मुंडू ने पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो और उपायुक्त आर। रोनिता के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इस दौरान उसे पुष्पगुच्छ और एक लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक भी प्रदान किया गया। आत्मसमर्पण के दौरान हाबिल मुंडू उर्फ प्रफुल्ल मुंडू ने पुलिस को 1 पिस्टल (9 एमएम), 1 पिस्टल (7.65 एमएम), 1 देसी कट्टा, 13 जिंदा कारतूस और 2 वॉकी-टॉकी सौंपे। पुलिस के अनुसार हाबिल मुंडू उर्फ प्रफुल्ल मुंडू पर एक लाख



रुपये का इनाम घोषित था। वह वर्ष 2012 से पीएलएफआई संगठन से जुड़ा हुआ था और खूंटी, मुरहू, तोरपा, कर्रा समेत कई थाना क्षेत्रों में सक्रिय रहा। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में करीब 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें रंगदारी वसूली, लूट, फायरिंग और हत्या जैसी गंभीर घटनाएं शामिल हैं। आत्मसमर्पण के बाद हाबिल मुंडू ने बताया कि संगठन के भीतर शोषण, भय और लगातार सुरक्षा बलों की कार्रवाई के कारण वह परेशान था। उसने कहा कि अब वह मुख्यधारा में लौटकर सामान्य जीवन जीना चाहता है और अपने परिवार के साथ नई शुरुआत करेगा।

## संस्थाओं को निष्क्रिय रखना किसी भी सूरत में उचित नहीं : हाईकोर्ट

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में संवैधानिक संस्थाओं में लंबे समय से खाली पड़े पदों को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस एम एस सोनक और राजेश शंकर की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार पर नाराजगी जताई और स्पष्ट कहा कि चार वर्षों से अधिक समय तक संस्थाओं को निष्क्रिय रखना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और प्रार्थी राजकुमार की ओर से अधिवक्ता वीपी सिंह ने पक्ष रखा। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि संवैधानिक संस्थाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ होती हैं और उनमें अध्यक्ष व सदस्यों के पद खाली रहने से उनकी कार्यक्षमता पूरी तरह प्रभावित होती है।

## आउटसोर्सिंग के माध्यम से हो रहा नौजवानों का शोषण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन बुधवार को राज्य के सभी सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से बहाल होने वाले तृतीय और चतुर्थवर्गीय कर्मियों के मामले में आउटसोर्सिंग एजेंसियों द्वारा राज्य के नौजवानों के शोषण का मुद्दा उठाया। सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से थर्ड और फोर्थ ग्रेड में सारे विभाग में मैनपावर की आपूर्ति आउटसोर्सिंग के माध्यम से हो रही है और वहां नौजवानों का शोषण हो रहा है। राज्य के नौजवानों से मोटी रकम लेकर उन्हें बहाल किया जा रहा है। उन्होंने सरकार से इस पर रोक लगाने की मांग की है। पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सरकार ने आउटसोर्सिंग कंपनी पर नकेल डालने के लिए 'मैन पावर प्रोक्योरमेंट मैन्युअल 2025' बनाया है, लेकिन यह राज्य के नौजवानों का शोषण रोकने में सक्षम नहीं है। प्रदीप यादव ने कहा कि खुद सरकार के मंत्री भी इसे स्वीकार रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अस्थायी बहाली में भी अगर शोषण होगा तो फिर राज्य के नौजवान क्या करेंगे। प्रदीप यादव ने उम्मीद जताई है कि आज विधानसभा में उनके द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद स्थितियों में सुधार होगा और आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा नौजवानों से नौकरी के नाम पर मोटी रकम वसूली पर रोक लगेगी।

## झारखंड विधानसभा में लगे जय श्रीराम के नारे

**रामनवमी में डीजे बैन पर भाजपा विधायकों का विरोध प्रदर्शन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन विधानसभा का पोर्टिको जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा के पोर्टिको में भाजपा और आजसू के विधायकों ने भगवान श्रीराम की तस्वीर लेकर नारे लगाए। विपक्षी विधायकों ने हजारीबाग में रामनवमी के जुलूस में डीजे बजाने पर लगी प्रशासनिक रोक का तख्ती बैनर लेकर विरोध किया। इसके साथ ही हेमंत सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया। सदन के बाहर प्रदर्शन कर रहे भाजपा और आजसू के विधायकों ने कहा कि हजारीबाग के बड़कागांव के महूदी में रामनवमी के दौरान जुलूस में डीजे बजाने पर रोक लगा दी है। विधायकों ने कहा कि प्रशासनिक रोक इसलिए लगाई गई है, ताकि एक विशेष समुदाय को खुश किया जा सके। हजारीबाग के भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा




इस तरह के तुगलकी फरमान को हजारीबाग की जनता नहीं मानेगी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान वह इस मुद्दे को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रतिबंध स्थानीय लोगों की परंपराओं और उत्सवों पर सीधा असर डालता है। भाजपा और आजसू विधायकों ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हेलीकॉप्टर से रामनवमी में फूलों की वर्षा करें तो उनका भला होगा। रामनवमी के दौरान प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे तरह-तरह के प्रतिबंध को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस महूदी को सेंसेटिव बताकर वहां रामनवमी को लेकर प्रतिबंध लगाए गए हैं, वह सेंसेटिव क्यों बना हुआ है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि माहौल खराब करने वाले गुंडों पर कठोर कार्रवाई की जगह उसे प्रोत्साहित कर क्षेत्र को सेंसेटिव बनाकर रखा है। उसी के आड़ में रामनवमी जुलूस को लेकर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। भाजपा-आजसू विधायकों द्वारा बुधवार को डीजे विवाद पर सदन के बाहर प्रदर्शन पर मंत्री इरफान अंसारी ने प्रतिक्रिया दिया। मंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि माहौल बिगाड़ने और इसके लिए लोगों को उकसाने वाले विधायकों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि रामनवमी मनाने पर कहीं कोई रोक नहीं है, बल्कि डीजे बजाने पर रोक है। क्योंकि कोर्ट के आदेश के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी यह खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि कई विधायक पहली बार विधायक बनें हैं, ऐसे में उनमें ज्ञान की कमी है। ऐसे में वह स्पीकर से आग्रह करेंगे कि इनके लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई जाए।



# जेटीइटी परीक्षा की मांग को लेकर आजसू छात्र संघ का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू की जिला इकाई ने बुधवार को टावर चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने सीएम का पुतला दहन कर राज्य सरकार के प्रति आक्रोश जताया जिला सचिव अक्षय यादव के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन का मुख्य कारण रांची में छात्र नेता बबलू महतो पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और लंबे समय से जेटीइटी झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं होना बताया गया अक्षय यादव ने कहा कि हाल ही में रांची में आजसू के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो पर लाठीचार्ज किया गया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या




आम जनता और छात्र अपने अधिकारों के लिए आवाज भी नहीं उठा सकते।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार छात्रों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। जटेट परीक्षा को लेकर उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 के बाद से नियमित रूप से परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। वर्ष 2024 में करीब 3.5 लाख अभ्यर्थियों के आवेदन रद्द कर दिए गए, जिससे छात्रों में भारी नाराजगी है। साथ ही, हाईकोर्ट द्वारा 31 मार्च 2026 तक परीक्षा कराने के आदेश के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है छात्र नेताओं ने परीक्षा के सिलेबस को जटिल बताते हुए इसमें सुधार की मांग की, साथ ही मुंडारी भाषा को शामिल करने की भी बात कही अक्षय यादव ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा इस विरोध प्रदर्शन में केंद्रीय सचिव संतोष कुमार यादव, संदीप कुमार, दिवाकर कुमार, सुभाष कुमार, चंदन मंडल, दिलीप पोखन यादव, सौरभ और विवेक समेत बड़ी संख्या में छात्र नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूनम बरनवाल के नेतृत्व में महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अहिल्याबाई होलकर समिति द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी पूनम बरनवाल ने किया यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शहर के विवाह भवन, झंडा मैदान के सामने स्थित पुराना जेल मंदिर के पास आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लड़कियों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को लाठी एवं तलवारबाजी जैसे पारंपरिक आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी दी गई।

साथ ही उन्हें व्यावहारिक अभ्यास कराते हुए कठिन परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा करने के गुर सिखाए गए। इस पहल से महिलाओं और युवतियों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

# गिरिडीह नगर निगम को बेहतर बनाने की अपील, माले ने दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव के बाद नव निर्वाचित मेयर, डिप्टी मेयर और सभी वार्ड पार्षदों को बधाई देते हुए माले नेता राजेश सिन्हा ने शहर की बुनियादी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर विकास मंत्री के सहयोग से गिरिडीह को बेहतर बनाया जा सकता है और यह झारखंड का सौभाग्य है कि आने वाले चार वर्षों तक जनता को स्थिर नेतृत्व मिलेगा माले की ओर से 14 मार्च को नगर निगम को विभिन्न समस्याओं को लेकर एक आवेदन दिया गया था। राजेश सिन्हा ने कहा कि नगर निगम प्रशासन ने भी मीडिया के माध्यम से समस्याओं को स्वीकार करते हुए सुधार की बात कही है, जो सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे पेयजल संकट, जल टंकियों की सफाई, जलस्त्रोतों के संरक्षण, नालियों की मरम्मत, कचरा प्रबंधन, सड़कों व गलियों में प्रकाश व्यवस्था, प्रत्येक वार्ड में लाइब्रेरी और क्लब की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ कार्य करें उन्होंने नगर निगम प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल करने की मांग की। साथ ही कहा कि पिछले ढाई वर्षों से जनप्रतिनिधि विहीन रहे नगर निगम में भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आई हैं,

**■ पेयजल संकट, जल टंकियों की सफाई, जलस्त्रोतों के संरक्षण, नालियों की मरम्मत, कचरा प्रबंधन, सड़कों व गलियों में प्रकाश व्यवस्था, प्रत्येक वार्ड में लाइब्रेरी और क्लब की व्यवस्था जैसे मुद्दों पर निगम को दिया मांग पत्र**

जिसकी जानकारी आरटीआई के माध्यम से जनता के सामने लाई जाएगी राजेश सिन्हा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो मार्च के अंत तक माले आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील की कि वे जाति, धर्म और पार्टी से ऊपर उठकर जनहित के मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों का मूल्यांकन करें साथ ही उन्होंने यह सुझाव दिया कि रांची नगर निगम की तर्ज पर गिरिडीह में भी ढक्कनयुक्त कचरा उठाने वाली गाड़ियों की व्यवस्था की जाए, ताकि शहर में गंदगी और दुर्गंध की समस्या से राहत मिल सके माले नेता ने बताया कि पूर्व में सफाई कर्मियों और ड्राइवरों के कम मानदेय के खिलाफ आंदोलन कर उनके वेतन में बढ़ोतरी कराई गई थी। इसके अलावा झिंझरी मोहल्ले में कचरा प्रबंधन स्थल पर जलाए जाने वाले कचरे से उठने वाले धुएं की समस्या को भी माले और पूर्व वार्ड पार्षद शिवम आजाद के प्रयास से दूर कराया गया। फिलहाल वहां नियमित सफाई कार्य जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### कस्तूरबा बालिका विद्यालय का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**कुरसेला/कटिहार (नबिटासं)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में प्रशासनिक सक्रियता तेज रही। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी प्रियंवदा ने विभिन्न पंचायतों का दौरा कर सरकारी योजनाओं एवं




संस्थानों का सघन निरीक्षण किया। इसी क्रम में बीडीओ कुमारी प्रियंवदा उत्तरी मुरादपुर पंचायत अंतर्गत बलथी महेशपुर स्थित कस्तूरबा बालिका विद्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था, साफ-सफाई, पठन-पाठन एवं पोषण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में साफ-सफाई, शिक्षा व्यवस्था एवं छात्राओं के पोषण मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित कर्मियों को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद बीडीओ कुमारी प्रियंवदा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक सही तरीके से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जहां भी कमियां पाई गई हैं, वहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं और लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### रघुनाथपुर पैक्स चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न

**बारसोई /कटिहार (नबिटासं)।** बारसोई प्रखंड के रघुनाथपुर पैक्स चुनाव बुधवार को पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न हो गया। प्रशासन द्वारा पहले से ही सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे । जिसके फलस्वरूप मतदान प्रक्रिया बिना किसी



बाधा के सुचारू रूप से संचालित होती रही।मतदान के प्रमुख आंकड़े।निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद ने बताया कि इस चुनाव में कुल 3,313 पंजीकृत मतदाता थे। जिनमें से 932 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार कुल मतदान प्रतिशत 28.13 फीसदी रहा। मतदान करने वाले मतदाताओं में 619 पुरुष एवं 313 महिला मतदाता शामिल रहे। मतदान केंद्र व्यवस्था चुनाव के लिए कुल पाँच मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। जिनका केंद्र स्थल नगर पंचायत कार्यालय, बारसोई को निर्धारित किया गया था। पूरी मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहे। मतदान के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। प्रशासन की सतर्कता एवं मतदाताओं के सहयोग से चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। मतगणना देर रात तक चलेगी और समापन होगी। जिसको लेकर निर्वाचित पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने कहा कि मत करना को लेकर सारी तैया पूरी कर ली गई है। मुख्य गेट एवं मतगणना केंद्र के मुख्य द्वार दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है तथा पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### सीएम की समृद्धि यात्रा को लेकर रहुई में प्रशासन ने किया स्थल निरीक्षण

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** मुख्यमंत्री की ह्यसमृद्धि यात्राह्न के तहत संभावित रहुई आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल, ट्रैफिक डीएसपी खुर्शीद आलम और थानाध्यक्ष ललित विजय ने संयुक्त रूप से प्रखंड परिसर स्थित खेल मैदान का निरीक्षण किया। अधिकारियों



ने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से जायजा लेते हुए सुरक्षा और विधि-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंच स्थल, आमजन के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, वीआईपी मूवमेंट और सुरक्षा घेराबंदी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ट्रैफिक डीएसपी खुर्शीद आलम ने विशेष रूप से कहा कि कार्यक्रम के दौरान जाम की स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों की भी तैयारी रखी जाए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती, सघन चेकिंग और निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया गया। डीएसपी ने थानाध्यक्ष को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पचम्बा के चार वरिष्ठ नेता समर्थकों संग झामुमो में शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** जिले के उपनगरीय क्षेत्र पचम्बा में भारतीय जनता पार्टी भाजपा को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। क्षेत्र के चार वरिष्ठ नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सदस्यता ग्रहण कर ली भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल होने वालों में नरेंद्र सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद मुकेश साहू, झारखंड महाब्राह्मण संघ के जिला अध्यक्ष संतोष तिवारी तथा संतोष चौरसिया शामिल हैं।

सभी नेता रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे, जहां उन्होंने हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झामुमो की प्राथमिक सदस्यता ली इस अवसर पर नेताओं ने



कहा कि झारखंड में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का रवैया पक्षपातपूर्ण होता जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है नेताओं ने गिरिडीह विधायक सह मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू के कार्यों की भी सराहना की और कहा कि उनके विकासपरक प्रयासों से प्रेरित होकर वे झामुमो में शामिल हुए हैं पचम्बा क्षेत्र में इस घटनाक्रम को स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

# बीएलओ एवं सुपरवाइजर को एसआईआर प्रशिक्षण, मतदाता सूची शुद्धिकरण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** 28 धनवार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गांवा एवं तिसरी प्रखंड में बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर एवं बीएलओ सुपरवाइजर के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराना रहा प्रशिक्षण सत्र में उप निर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो ने उपस्थित बीएलओ एवं सुपरवाइजर को एसआईआर की प्रक्रिया, उद्देश्यों तथा इसके विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं त्रुटिरहित होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसमें बीएलओ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे घर-घर जाकर सत्यापन कार्य करते हैं इस दौरान फॉर्म-6, 7, 8 एवं 8ए के सही उपयोग, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा त्रुटियों के सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पूरी पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ घर-घर सत्यापन सुनिश्चित करें उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक घर का सत्यापन, हाउस नंबर का अंकन एवं पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाना है।

## धनवार नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** खोरीमहुआ अनुमंडल कार्यालय सभागार में बुधवार को धनवार नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उपायुक्त रामनिवास यादव ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय कुमार संथालिया सहित 11 वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सभागार में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने की सलाह दी उपायुक्त यादव ने कहा कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को विश्वास के साथ चुना है, इसलिए उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# डकैती की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पचंबा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में हैं।सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए बुढ़वा आहर तालाब के पास तीन संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बड्डीहा स्थित ज्वेलर्स दुकान में डकैती की योजना बना रहे थे।

साथ ही उन्होंने यह भी कबूल




किया कि पूर्व में 28 फरवरी को सड़क पर एक सुनार से करीब 3 लाख रुपये नकद और सोना-चांदी लूट चुके हैं पुलिस के अनुसार, ये आरोपी 7 मार्च को भी ज्वेलर्स दुकान में लूट की योजना से गए थे, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होने के कारण वारदात को अंजाम नहीं दे सके गिरफ्तार आरोपियों में छोटू दास (31 वर्ष), अजय साव (39 वर्ष) और सुनील दास (25 वर्ष) शामिल हैं। सभी पचंबा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल और 5,000 रुपये नकद बरामद किया है तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक सहित कई पुलिस पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही।

# सीएम एक्सीलेंस विद्यालय पचंबा में फलन मेला सह वार्षिक दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** पचंबा स्थित सीएम ऑफ एक्सीलेंस विद्यालय में बुधवार को फलन फाउंडेशनल लिटरेसी एंड नुमैरेसी मेला सह सांस्कृतिक, एकेडमिक, स्पोर्ट्स एवं वार्षिक दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त रामनिवास यादव एवं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उत्सव के माहौल में नजर आया, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया उपायुक्त ने फलन मेले का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए शैक्षणिक स्टॉलों की सराहना की। इन स्टॉलों के माध्यम से बच्चों ने भाषा, गणित एवं बुनियादी साक्षरता से जुड़े अपने प्रोजेक्ट्स और नवाचार प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाते हैं और उनकी बौद्धिक क्षमता को विकसित करते हैं अपने संबोधन में उपायुक्त यादव ने कहा कि फलन मिशन का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों में पढ़ने, लिखने एवं गणना करने की क्षमता को मजबूत करना है, जिससे उनके भविष्य की नींव सुदृढ़ होती है। उन्होंने शिक्षकों को गतिविधि आधारित और रोचक शिक्षा देने का निर्देश दिया, वहीं अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

# सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी (कटिहार)।** सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो, वीडियो वायरल करने के मामले में बरारी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के रौनिया गांव में एक व्यक्ति द्वारा देशी कट्टा



के साथ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है । सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस टीम द्वारा गांव में छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम रमेश पासवान (41) पिता स्वर्गीय दिनेश पासवान निवासी रौनिया थाना बरारी जिला कटिहार बताया। तलाशी के क्रम में उसके घर से एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया । इसके बाद अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार करते हुए बरारी थाना कांड संख्या 70/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी) ए/26 में प्राथमिकी दर्ज की गई ।

# ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** आगामी ईद और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मुफस्सिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा दोनों समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान किसी भी परिस्थिति में डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी।

नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें बैठक में उप महापौर सुमित कुमार, मिथुन चंद्रवंशी, उज्जवल साव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का संकल्प लिया।

# एनएफ रेलवे एम्पलाइज यूनियन का आंदोलन समाप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** एनएफ रेलवे एम्पलाइज यूनियन कटिहार मंडल समिति के कर्मचारियों के विभिन्न हितों से जुड़े 206 महत्वपूर्ण एजेंडा प्रशासन को सौंपे गए थे। लंबित मुद्दों एवं प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में यूनियन को अनिश्चितकालीन रिले भूख हड़ताल प्रारंभ करनी पड़ी।यूनियन के सकारात्मक दबाव के फलस्वरूप प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की। भूख हड़ताल के पहले दिन से जहाँ रेल प्रशासन द्वारा हड़ताल खत्म करने का अनुरोध जारी था वही मंडल सचिव ने सीधा सीधा कहा कि जब तक इन मुद्दों पर मंडल रेल प्रबंधक महोदय की स्वीकृति नहीं होगी तब तक यह हड़ताल जारी रहेगा। वही



दूसरे दिन डीआरएम के पहल पर उनकी अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें एडीआरएम एवं सभी शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में सभी मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में लगभग सभी मांगों को वैध मानते हुए स्वीकृति प्रदान की गई तथा शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया गया।इसके उपरांत डीआरएम एवं प्रशासनिक टीम ने धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों को संबोधित किया और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया, जिसके बाद उन्होंने मंडल मंत्री को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त किया। इस आंदोलन के प्रमुख परिणामों में लंबित एमएसीपी एवं प्रमोशन मामलों का समाधान, विभिन्न प्रशासनिक समस्याओं का निराकरण तथा रेलवे स्टाफ कैंटीन का पुनः संचालन शामिल है, जहां कर्मचारियों को सस्ती दर पर भोजन उपलब्ध कराया जाए ऐसी सैकड़ो मांगों थी ।

यूनियन के मंडल सचिव श्री रजनीश कुमार ने इस सफलता का श्रेय कर्मचारियों की एकजुटता, अनुशासन एवं सामूहिक संघर्ष को देते हुए सभी सदस्यों, पदाधिकारियों, मीडिया कर्मियों एवं सहयोगी नागरिकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रशासन के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ पैक्स चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलरामपुर (कटिहार)।** प्रखंड के बलरामपुर पंचायत में बुधवार को प्राथमिक कृषि शाखा समिति पैक्स का चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।चुनाव को लेकर आदर्श मध्य विद्यालय बी बलरामपुर में मतदान केंद्र बनाया गया था।जहां मतदान अपने निर्धारित समय 7बजे पूर्वांहन से शुरू होकर 4.30 बजे अपराह्न तक चला। उक्त पैक्स में कुल 1645 मतदाताओं में 896 मतदाताओं ने अपने मत अधिकार का प्रयोग किया।

मतदान के लिए कुल तीन बूथ बनाया गया था।प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रशांत कुमार ने बतायाकि बलरामपुर पैक्स के लिए अध्यक्ष पद पर दो दावेदार अपनी भाग्य आजमा रहे हैं। जिसमें एक



महिला एवं एक पुरुष प्रत्याशी के रूप में है।मतदान के शुरआती दौर में मतदान प्रतिशत काफी कम देखा गया। जैसे जैसे दिन चहरने लगा तीनों बूथों में मतदाताओं की भीड़ बढ़ने लगी। खासकर रोजेदार मतदाताओं के काफी उत्साह देखा गया। वहीं मतदान सम्पन्न होने तुरंत पश्चात मत पेटीयों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित ब्रजग्रह में पहुंचाया गया।जहां देर शाम मतगणना का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ प्रत्याशीयों एवं उनके समर्थकों के बीच मतगणना को लेकर बेचैनी बनी हुई है।

# तिलैया जलाशय में प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर प्लांट का मामला विधान सभा में उठा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चंदवारा (कोडरमा)।** तिलैया डैम जलाशय से जुड़े ग्राम पंचायत उरवां के हजारों मछुआरा परिवारों की आजीविका की रक्षा को लेकर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने डीवीसी केटीपीएस द्वारा प्रस्तावित 220 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लांट पर गंभीर चिंता जताई। विधायक श्री यादव ने कहा कि इस परियोजना के तहत जलाशय का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा ढक जाने की संभावना है। इससे जलाशय के प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आशंका जताई कि इससे मछलियों के प्रजनन पर असर पड़ेगा, जिससे मछली उत्पादन में गिरावट आ सकती है। उन्होंने आगे कहा कि इस जलाशय पर निर्भर हजारों मछुआरा परिवार कई पीढ़ियों से मछली पकड़कर अपनी जीविका चला रहे हैं। यदि परियोजना लागू होती है, तो इन परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। विधायक मनोज कुमार यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों के नाम पर गरीबों की आजीविका से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। विकास की चमक में गरीबों का चूल्हा नहीं बुझना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर परियोजना पर पुनर्विचार किया जाए। साथ ही मछुआरों के रोजगार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, स्थानीय ग्राम पंचायतों की सहमति लेने और जनहित को सर्वोपरि रखने की अपील की।

## संजीवनी अकादमी के चार विद्यार्थियों को मिला नवोदय में प्रवेश

**चंदवारा (कोडरमा)/नबिटा संवाददाता।** चंदवारा प्रखंड के बाँझेडीह रोड नंदनगर स्थित संजीवनी अकादमी के यश कुमार, प्रिया भारती, सुमन राज, आहुति श्री ने नवोदय प्रवेश परीक्षा 2026 में सफलता का परचम लहराया. ज्ञात हो की कुल 4 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा के लिए संजीवनी अकादमी के कोचिंग से तैयारी करके परीक्षा में शामिल हुए थे और चारों के चारों सफल रहे. निदेशक संजीव कुमार ने बताया की यह संस्थान अपने स्थापना काल 2014 से हीं विभिन्न स्कूली प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में लगातार बेहतर रिजल्ट देते हुए अबतक 109 बच्चों को विभिन्न विद्यालय जैसे सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, नेतरहाट, सिमुल्तला और आर के मिशन में सफलता दिला चुके हैं.विद्यालय को अपना यू डी आई एस ई कोड और जे ए सी कोड प्राप्त है. बच्चों की सफलता पर विद्यालय संरक्षक सुधीर सिंह,सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव,मनोज मोदी,उप - प्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव, मनोज राणा, द्वारिका राणा अशोक सिंह कपूर परविंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि सह शिक्षाविद बिरेन्द्र साव 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अज्जू सिंह ने सफल सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

# पीवीयूएनएल ने दी अत्याधुनिक एएलएस एम्बुलेंस






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फेसर पुलिस ने देर रात स्प्रिट से लदा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। इतनी भारी मात्रा में स्प्रिट से बड़ी मात्रा में देसी शराब बनाने की तैयारी थी। यह बरामदगी थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ से की है। इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए तस्करों की पहचान गया जिले के डुमरिया निवासी अभय कुमार एवं औरंगाबाद जिले के नरारी कलां खुर्द निवासी मंटू कुमार के रूप में की गई है। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि स्प्रिट झारखंड के छतरपुर से लाया जा रहा है और इसे रफीगंज थाना क्षेत्र के बौर-बहादुरपुर निवासी बीरन पासवान को डिलीवरी करना था। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ पर रात्रि गस्ती के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया लेकिन चालक भगाने का प्रयास किया जिसे पीछा कर धर दबोचा गया। इसके बाद पिकअप से 20 गैलन में 800 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। यह शराब कारोबार के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा प्रतीत होता है, जो नकली शराब बनाने के लिए कच्चे स्प्रिट का उपयोग करते है। मामले की गहन जांच जारी है, और इससे जुड़े अन्य लोगों की खोज की जा रही है। इस कार्रवाई ने नकली शराब के रैकेट को बड़ा झटका दिया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य, जारी किए गए औसत दैनिक आंकड़े



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है, हालांकि कुछ एजेंसियों में लंबित बुकिंग एवं बैकलॉग की स्थिति भी बनी हुई है, जिस पर प्रशासन द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में औसत दैनिक मांग 6942 रिफिल है, जबकि औसत दैनिक आपूर्ति 6718 रिफिल दर्ज की गई है। कुल लंबित रिफिल बुकिंग की संख्या 18,499 है तथा औसतन बैकलॉग 2.75 दिनों का है। विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध कुल स्टॉक 11,366 सिलेंडर है। कुछ गैस एजेंसियों जैसे रफीगंज, मदनपुर, औरंगाबाद एवं बारुण प्रखंडों में अपेक्षाकृत अधिक लंबित बुकिंग एवं बैकलॉग दर्ज किया गया है, जिसे शीघ्र निष्पादित करने हेतु संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया है। वहीं कई एजेंसियों द्वारा मांग के अनुरूप आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने, लंबित बुकिंग का त्वरित निष्पादन करने, वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं नियमितता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की कृत्रिम कमी उत्पन्न न होने देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें एवं किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन आमजन से अपील करता है कि वे धैर्य बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित गैस एजेंसी अथवा नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# देव किले का इतिहास है काफी पुराना, कभी था शासन का केन्द्र




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के प्राचीन इतिहास के बारे में अगर आप ने अध्यन किया होगा तो आपको कई ऐसे अनेक इतिहास जानने को मिला होगा। जिले के प्राचीन धार्मिक स्थल देव सूर्य मंदिर, उमगा सूर्य मंदिर, देवकुंड धाम, अमझर शरीफ मजार, ऐतिहासिक धरोहर में दाउदनगर किल्ला सहित औरंगाबाद को गर्वशाली बनाता है परंतु इसके अलावे और भी ऐसे ऐतिहासिक धरोहर है जिसे शायद ही इसे लोगों तक प्रसार किया हो या लोग इसे अच्छी तरह से जानते होंगे। बता दें कि औरंगाबाद जिले के देव में काफी प्राचीन किला है। किले का इतिहास काफी पुराना है। यहां कभी राजा महाराजा का शासन चलता था।

बता दें कि किला का रहस्य राजपूत परिवार के सिसोदिया वंश से जुड़ी हुई है। ये वर्णन इतिहास में मिलती है कि देव किला का सबसे अंतिम राजा जगनाथ जी थे, जो काफी लंबे समय तक अपने राज्य में शांति और वह प्रजा लोगों के साथ शांति के साथ राज्य का जिम्मा अपने हाथ में लेकर शासन किया। उनका कोई भी अपना संतान नहीं था। उनके देहांत के बाद बारी आई कि अब राज्य का जिम्मा कौन संभाले तो ये जिम्मेदारी उनकी पत्नी को लेनी थी। उनकी दो प'यिां थी जिसमे से राज्य का जिम्मा उनकी छोटी पत्नी ने संभाली। उनकी छोटी पत्नी ने अपने राज्य पर देश को स्वतंत्र होने 1947 तक किया। भारत को स्वतंत्र देश बनने के बाद उस वक्त के देव राज्य के अटॉर्नी जॉर्नल मुनेश्वर सिह ने देश में विलय के लिए हस्ताक्षर किया था और इस तरह से देव राज्य भारत देश में विलय हो गया। आज भी अगर आप देव किले आते हैं तो आप को देव का किला जरूर देखने को मिलेगा। इसके अलावा देव किले के अलावा यहां एक विद्यायल भी जो उसी समय की रानी ने अपने राज्य की भूमि विद्यायल बनाने के लिए नाम कराई थी।

**विद्यालय की स्थापना का है अपना इतिहास**

विद्यालय की स्थापना का एक अपना इतिहास है। सन 1938 के नवंबर में देव के जिला बोर्ड के सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डा. अश्विनी कुमार चटर्जी के प्रयास से देव के गणमान्य व्यक्तियों की एक सार्वजनिक सभा हुई, इसमें नगर के शिक्षा प्रेमियों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा गया कि देव के स्व. राजा जगन्नाथ प्रसाद सिह 'किकर' के स्मृति में एक हाइ स्कूल खोला जाए इसका लोगों ने समर्थन किया। इसके बाद पहले प्रधानाध्यापक के रूप में कंठी प्रसाद देशान्धी को नियुक्त किया गया और इस तरह विद्यालय में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ हुआ। विद्यालय में आठवीं, नौवीं व 10वीं की विभागीय स्वीकृति क्रमशः 1938, 39, 40 में मिली। अब इस विद्यालय में प्लस टू तक की शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराई जाती है। देखरेख के अभाव में किला का अस्तित्व संकट में देव निवासी दिलीप सिंह, अजय सिंह सहित बताते हैं कि देखरेख के अभाव में किला का अस्तित्व अब संकट में है। किला के चारों ओर पेड़-पौधो उग आए हैं। किला के अंदर सिर्फ सांप, बिच्छू सहित जीव जंतु मिलते हैं। किला हमेशा बंद रहता है। राज्य सरकार को किला के जीणोद्धार के प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि पर्यटक यहां आकर किला का लुफ्त उठा सके।

# खूंटी नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों ने ली शपथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के लिए निर्वाचित अध्यक्ष रानी टुटी को आज समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर० रॉनिटा द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा नगर पंचायत के अंतर्गत निर्वाचित सभी वार्ड पार्षदों (वार्ड संख्या 1 से 19 तक) को भी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। उपायुक्त आर० रॉनिटा ने सभी निर्वाचित अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जन अपेक्षाओं के अनुरूप ईमानदारी, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। उन्होंने नगर क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्र आज से शुरू, मां छिन्नमास्तिका मंदिर में की गई विशेष तैयारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** चैत्र नवरात्र 2026 का शुभारंभ गुरुवार 19 मार्च से हो रहा है। इसे लेकर रामगढ़ के मां छिन्नमस्तिका मंदिर में विशेष तैयारी की गई है। साथ ही भक्तों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होने वाला यह पर्व 27 मार्च तक चलेगा, जबकि 28 मार्च को विजयादशमी मनाई जाएगी। नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। हर दिन मां का भव्य श्रृंगार होगा और विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। नवरात्र को लेकर रजरप्पा मंदिर परिसर में भक्तों और साधकों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। कल से दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन और अनुष्ठान किए जाएंगे। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए धर्मशालाओं में विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में रजरप्पा मंदिर के वरिष्ठ पुजारी सुबोध पंडा ने बताया, "मां के दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। हवन कुंडों की साफ-सफाई से लेकर ठहरने तक की पूरी व्यवस्था की गई है।"उन्होंने बताया कि इस बार माता का आगमन पालकी पर है और गमन हाथी पर है। हाथी पर माता का गमन काफी शुभ माना गया है। उन्होंने कहा कि पूरे नौ दिनों तक विधि-विधान और सच्चे मन से जो भक्त मां की आराधना करते हैं माता उनकी सभी मनोकामना पूरी करती हैं।

वहीं बोकारो से आए साधक अर्जुन बाबा ने कहा, "चैत्र नवरात्र में मां की आराधना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। यहां साधना करने का अलग ही आध्यात्मिक अनुभव मिलता है।" लगातार 35 सालों से वे माता की आराधना करने के लिए रजरप्पा मंदिर पहुंचते हैं। विशेष तौर पर हर अमावस्या के दिन माता की आराधना करता हूं। तंत्र साधना के लिए यह मंदिर काफी प्रभावशाली माना जाता है।

# खूंटी नगर पंचायत में नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष को निर्वाची पदाधिकारी ने सौंपा प्रमाणपत्र, दिलाई गई शपथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभागार में खूंटी नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी द्वारा पूरी प्रक्रिया को राज्य निर्वाचन आयोग के मार्गदशिका के अनुरूप सम्पन्न कराया गया।

उपाध्यक्ष पद के लिए कुल दो उम्मीदवारों— शशांक शेखर (वार्ड पार्षद, वार्ड संख्या-8) एवं दिनेश कुमार महतो (वार्ड पार्षद, वार्ड संख्या-3) द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदान कराया गया, जिसमें खूंटी नगर पंचायत के सभी 19 वार्ड पार्षदों ने मतपेटिका के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान उपरांत सम्पन्न मतगणना में शशांक शेखर ने कुल 13 मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष पद पर विजय प्राप्त की। वहीं, अन्य प्रत्याशी दिनेश कुमार महतो को कुल 6 मत प्राप्त हुए।

विधिमान्य मतों की कुल संख्या-19

प्रतिक्षेपित मत-0

डाले गए मतों की संख्या-19

निर्वाचन परिणाम घोषित होने के पश्चात खूंटी नगर पंचायत के निर्वाचित उपाध्यक्ष शशांक शेखर को निर्वाची पदाधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इसके उपरांत नगर पंचायत अध्यक्ष रानी टुटी द्वारा नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष शशांक शेखर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, जिला निर्वाचन के संबंधित पदाधिकारी, कोषांग के पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खूंटी में पीएलएफआई के एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति "नई दिशा" के तहत खूंटी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर हाबिल मुण्डू उर्फ प्रफुल मुण्डू ने बुधवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। हाबिल मुण्डू, जो मुरहू थाना क्षेत्र के बम्हनी गांव का निवासी है, उस पर झारखंड पुलिस द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पण के दौरान उग्रवादी के पास से भारी मात्रा में हथियार और उपकरण बरामद किए गए हैं। इनमें 9 एमएम का एक पिस्टल, 7.65 एमएम का एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, 13 कारतूस तथा दो वॉकी-टॉकी शामिल हैं। यह बरामदगी संगठन की सक्रियता और उसकी तैयारियों की गंभीरता को दर्शाती है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि "नई दिशा" नीति का उद्देश्य भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें एक सम्मानजनक जीवन का अवसर प्रदान करना है। इसी पहल के तहत लगातार उग्रवादियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है।

हाबिल मुण्डू का आत्मसमर्पण न केवल सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, बल्कि यह क्षेत्र में शांति और विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस ने उम्मीद जताई है कि इस पहल से प्रेरित होकर अन्य उग्रवादी भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटेंगे।

# बासुकीनाथ मंदिर में पहुंचीं बिहार सरकार की मंत्री रमा निषाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** बिहार सरकार में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद ने अपने सहयोगियों के साथ बासुकीनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद अपने गंतव्य स्थान की ओर प्रस्थान किया। उन्होंने समर्थकों के साथ बाबा फौजदारी की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही जन कल्याण के लिए उन्होंने वैदिक आरती भी की।

मंत्री रमा निषाद ने पंडा पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से बाबा एवं पार्वती मंदिर, बगलामुखी सहित मंदिर परिसर स्थित अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर में काफी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री जनकल्याण के लिए भगवान से दुआ मांगी।

**मंत्री के दौरा को लेकर मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

पूजा अर्चना के बाद मंत्री रमा निषाद ने बताया कि बाबा फौजदारी एवं जगत जननी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। बिहार और सभी भारत वासियों के लिए बाबा बासुकीनाथ से कल्याण की कामना की। जरमुंडी थाना पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंत्री रामा निषाद को पूजा कराई। मौके पर मंदिर प्रभारी कुंदन भगत, डीएसपी श्यामानंद मंडल, गार्ड कुंदन कुमार और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालें, वरना ये हमें निकाल देंगे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** विराट हिंदू सम्मेलन में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया बुधवार को दुमका पहुंचे। कार्यक्रम के बाद दुमका के यज्ञ मैदान में मीडिया से बातचीत के क्रम में उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ, डीजे विवाद, मिडिल इस्ट युद्ध सहित कई ज्वलंत मुद्दों पर बयान दिया।

**बांग्लादेशी घुसपैठ पर दिया बयान**

बांग्लादेशी घुसपैठ पर लेकर प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि भारत के कई राज्यों असम, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में काफी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए बसे हुए हैं। खासकर उत्तर बिहार तो बांग्लादेशियों से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार और जनता को मिलकर इन्हें भगाना होगा, अन्यथा ये हमें भगा देंगे। उन्होंने यह विश्वास जताते हुए कहा कि वर्तमान की केंद्र सरकार ने जिस तरह धारा 370 हटाया है उसी तरह देश से बांग्लादेशियों को भी भगाने का काम करेगी।

**नहीं जाएंगे चुनाव वाले राज्यों में: प्रवीण तोगड़िया**

हिंदूवादी नेता प्रवीण तोगड़िया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अभी उनका झारखंड और ओडिशा में प्रवास का कार्यक्रम है। उन सभी राज्यों में जहां अभी चुनाव की घोषणा हुई है , वहां मैं जाने वाला नहीं हूं।

**डीजे विवाद पर दी प्रतिक्रिया**

झारखंड में रामनवमी के दौरान डीजे बैन के विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि झारखंड के हिंदू हिम्मतवाले हैं। वे डीजे के मुद्दे पर ऐसा रास्ता निकलेंगे कि लोग देखते रह जाएंगे। जहां तक हजारीबाग में अक्सर रामनवमी में होने वाले विवाद का विषय है तो प्रशासन को चाहिए कि इस पर्व में खलल डालने वालों पर पहले से कानूनी कार्रवाई करें।

प्रवीण तोगड़िया ने खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इतिहास में यह पहला मौका है जब ईरान, इराक, कुवैत, दुबई सभी एक-दूसरे से लड़ रहे हैं और एक-दूसरे को मार कर रहे हैं। हां, इस वजह से रसोई गैस सिलेंडर की समस्या आ रही है, पर इसका समाधान सरकार जरूर निकालेगी।

वहीं, इसके पूर्व प्रवीण तोगड़िया के स्वागत में दुमका में एक रैली निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर यज्ञ मैदान में एक सभा के रूप में तब्दील हो गई। प्रवीण तोगड़िया ने यज्ञ मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों से संगठित रहने और जो जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने की अपील की।

# नकली स्नैक्स फैक्ट्री का पर्दाफाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** सेहत के सौदागरों का एक बड़ा सिंडिकेट सक्रिय था, जो आपकी पसंद के स्नैक्स के नाम पर नकली माल बाजारों में खपा रहा था। सदर थाना पुलिस और दरभंगा की अम्बे फूड प्रोडक्ट्स के अधिकारियों ने एक संयुक्त ऑपरेशन चलाकर कार्रवाई की। टीम ने कप्तान पाड़ा स्थित एक फैक्ट्री में चल रहे इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश किया है। यहां अम्बे फूड प्रोडक्ट्स के ब्रांड पालक पनीर की नकल कर धड़ल्ले से बाजार में अवैध कारोबार चलाया जा रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली माल, रोल और पैकेजिंग सामग्री बरामद की है।

अम्बे फूड प्रोडक्ट्स के अधिकृत अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि कंपनी को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि पूर्णिया के बाजारों में उनके प्रमुख ब्रांड पालक पनीर की हुबहू नकल कर घटिया गुणवत्ता वाला माल बेचा जा रहा है। कंपनी के निर्देश पर कोलकाता की जीएस आईपीआर सर्विसेज के प्रतिनिधियों ने सदर थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई।

सदर थाना पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर खुश्कीबाग के कप्तानपाड़ा स्थित आदर्श नगर कॉलोनी में छापेमारी की। यह अवैध धंधा मोहिनी फूड प्रोडक्ट्स नामक कारखाने में चल रहा था। पुलिस ने जब वहां दबिश दी, तो फैक्ट्री के अंदर का नजारा देखकर अधिकारी दंग रह गए। वहां से बड़ी मात्रा में नकली पालक पनीर के प्रिंटेड रोल, खाली पैकेट और तैयार किए गए स्नैक्स के कट्टे बरामद किए गए।

पुलिस ने मौके से फैक्ट्री मालिक विवेक बैद को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसने चौंकाने वाले खुलासे किए। विवेक ने बताया कि वह नकली ब्रांडिंग वाले रोल गुलाबबाग के एक सप्लायर से मंगाता था और फिर उनकी पैकेजिंग कर स्थानीय बाजार में खपा देता था। यह धंधा पिछले कई महीनों से चुपचाप संचालित किया जा रहा था। गौरतलब है कि जिस पालक पनीर ब्रांड की नकल की जा रही थी, वह मूल रूप से दरभंगा की अम्बे फूड प्रोडक्ट्स कंपनी का पेटेंट उत्पाद है। छापेमारी के बाद खुश्कीबाग और गुलाबबाग के बाजारों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अब मुख्य सप्लायर की तलाश में जुटी है जो नकली रोल की आपूर्ति कर रहा था। कंपनी के अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी खाद्य उत्पाद खरीदते समय होलोग्राम और पैकेजिंग की बारीकी से जांच जरूर करें।

# लाखों के जाली नोट के साथ तस्कर धराया

## गयाजी में मिला नोट छापने का सेटअप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** मधुबनी रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जाली नोट छापने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 6,44,000 रुपये की नकली भारतीय मुद्रा बरामद की गई है।

मधुबनी के एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने स्टेशन के दोनों निकास द्वारों पर सघन जांच अभियान चलाया।

इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया, जिसकी पहचान सूर्यदेव कुमार उर्फ सूरज कुमार के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके बैग से भारी मात्रा में नकली नोट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह ये जाली नोट उदल पासवान से लेकर आया था और नेपाल के एक व्यक्ति को देने जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर गया जिले में छापेमारी कर उदल पासवान को भी गिरफ्तार कर लिया।

जांच के दौरान पुलिस ने बोधगया के गौतम नगर इलाके में एक किराये के मकान से जाली नोट छापने का पूरा सेटअप भी बरामद किया। यहां से असली नोट के सैंपल, प्रिंटिंग उपकरण और बड़ी मात्रा में नकली मुद्रा बरामद हुई।

दोनों आरोपियों के पास से कुल 6,44,000 रुपये की जाली करेंसी और 3,200 रुपये के असली नोट बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस इस कार्रवाई को बड़ी सफलता मान रही है और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

# डेरनी कांड के पीड़ित परिवार से मिले सांसद पप्पू यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**छपरा (सारण)।** सारण जिले के डेरनी थाना क्षेत्र में कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने पीड़ित निर्भया के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस मामले को जातीय रंग देने की आवश्यकता नहीं है और पुलिस को जल्द से जल्द सच्चाई सामने लानी चाहिए।

सांसद ने कहा कि बेटी पूरे समाज की होती है और अपराधी की कोई जात नहीं होती। उन्होंने कहा कि अपराधी केवल अपराधी होता है, इसलिए समाज में इस घटना को लेकर जातीय उन्माद फैलाने से बचना चाहिए। उन्होंने मांग की कि मामले में अपराधियों का स्ट्रिट ट्रायल किया जाए। साथ ही पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड की निगरानी में और सीसीटीवी कैमरे के सामने कराया जाए तथा पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके।

सांसद ने समाज के लोगों से पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आने की अपील की। साथ ही उन्होंने बिहार में बच्चियों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने और बलात्कार जैसे मामलों में अधिकतम छह महीने के भीतर सजा सुनिश्चित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को वह संसद में भी उठाएंगे और बेटियों की सुरक्षा के सवाल पर चुप नहीं बैठेंगे। साथ ही सरकार से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता देने की मांग की।

सांसद ने यह भी कहा कि इस मामले को केवल हत्या की धारा तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह मामला दुष्कर्म या दुष्कर्म के प्रयास से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने पुलिस से कॉल डिटेल और सर्विलांस के माध्यम से अपराधियों की पहचान कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों डेरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पट्टीसितल गांव में एक छात्रा की संदिग्धावस्था में मौत हो गई थी। जिसका शव कुएं से बरामद किया गया था।

# इजराइल- इरान के बीच चल रहे युद्ध को तत्काल बंद कराने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इजराइल- इरान के बीच चल रहे युद्ध तत्काल बंद हो, मोदी सरकार अपनी विदेश नीति स्पष्ट करे आदि का आह्वान करते हुए काँग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार से इस बात को रखने का मांग किया है।

बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला काँग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, विपिन बिहारी सिन्हा, राजीव कुमार सिंह उर्फ लबी सिंह, शिव कुमार चौरसिया आदि ने कहा कि अमेरिका- इजराइल पूरी दुनिया के देशों को अपने इशारों पर चलाना चाहता है और सभी देश में जासूसी करता है।

खुद न्यूक्लियर हथियार रखता है और दुसरों पर प्रतिबंध लगा कर और उस देश के संसाधनों ऊर्जा

### कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने की मांग

श्रोतों पेट्रोलियम पदार्थों पर अपना आधिपत्य जमाता है, इसी तरह ईरान में कठपुतली सरकार बनाकर अमेरिका इजराइल उस देश के पेट्रोलियम पदार्थों पर कब्जा करने के लिए युद्ध थोप दिया है। इस युद्ध से पूरी दुनिया में अशांति फैला हुआ है, जिसमें भारत में इसको लेकर महंगाइ की मार झेलना पड़ रहा है, भारत में रसोई गैस के लिए लंबी कतार लगना शुरू हो गया है, और प्रति सिलिंडर 60 से 110 रुपया महंगा हो गया है, इसे नियंत्रित करने में मोदी, नीतीश सरकार विफल है। ईरान भारत का पुराना मित्र रहा है लेकिन इस समय मोदी सरकार अमेरिका का कठपुतली बना हुआ है। नेताओं ने कहा कि युद्ध नहीं शांति चाहिए युद्ध तत्काल बंद हो तथा मोदी सरकार अपनी विदेश नीति स्पष्ट करे।

# दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** खगड़िया जिले के मड़ैया सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत रहमतपुर गांव में बुधवार को दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय बॉबी कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक ने एक तलाकशुदा महिला से शादी की थी, जिससे महिला का पूर्व पति नाराज चल रहा था। इसी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया।

बताया जा रहा है कि बॉबी कुमार अपने घर से मड़ैया बाजार जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान गांव के रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे हथियारबंद बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में बॉबी कुमार को दो से तीन गोलियां लगीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गोलीबारी की आवाज से इलाके में दहशत फैल गई।

मृतक के भाई नीतीश कुमार ने बताया कि बॉबी ने जिस महिला से शादी की थी, उसका अपने पहले पति से तलाक हो चुका था। हालांकि महिला का पूर्व पति इस रिश्ते से नाराज था और लगातार धमकी दे रहा था। परिजनों का आरोप है कि उसी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश रची और घटना को अंजाम दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मड़ैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मृतक के भाई ने कहा कि मेरे भाई का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने एक ऐसी महिला का साथ दिया, जिसे उसका पति छोड़ चुका था। इसी बात के चलते दिनदहाड़े उसकी हत्या कर दी गई।

### छठ घाट का निर्माण शुरू

**नवादा।** अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलना के ग्राम भुमई में चैती छठ पूजा को लेकर तैयारी आरंभ हो गया है।

बिहार सरकार के विकास फंड से प्राप्त राशि से खुरी नदी के किनारे छठ घाट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसका शुभारंभ पंचायत के मुखिया करण मांझी की उपस्थिति में किया गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष छठ पूजा के दौरान छठव्रतियों को अर्घ्य देने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नदी किनारे समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ती थी। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पक्के छठ घाट का निर्माण कराया जा रहा है। मुखिया करण मांझी ने बताया कि छठ महापर्व आस्था का प्रतीक है और इसमें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घाट निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि चैती छठ में व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### चोर चढ़ा गृहस्वामी के हत्थे, पुलिस को सौंपा

**मुजफ्फरपुर।** जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के चकवा जगदीशपुर गांव में देर रात चंद्रदेव राम के घर में घुसे चोर को घरवालों और ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि वह घर के पीछे टाटी के पास छिपा हुआ था। इसी दौरान गृहस्वामी की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया और बांधकर रखा गया।

ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पकड़े गए आरोपी को लोगों ने जमकर फटकार लगाई। मामले को लेकर गृहस्वामी की पत्नी मीना देवी ने बताया कि वे खाना खाकर सो रही थीं। रात करीब साढ़े दस बजे घर में खटपट की आवाज सुनकर उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा कि घर के टाट के पास एक चोर खड़ा है। हल्ला करने पर चोर उनके पास आ गया और उनके साथ मारपीट करने लगा। इसी बीच घर के अन्य सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर उसे पकड़ लिया।

# चालकों ने अपनी-अपनी गाड़ी खड़ी कर किया सड़क जाम

## लगाया गश्ती दल पर उगाही का आरोप, भागी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मनियारी थाना क्षेत्र में पुलिस पर अवैध वसूली के आरोप को लेकर मंगलवार रात हंगामा खड़ा हो गया। आक्रोशित ट्रक चालकों ने मुजफ्फरपुर-महुआ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे करीब आधे घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा।

घटना पकाही चौक की है, जहां रात करीब आठ बजे यूपी नंबर के एक ट्रक चालक ने गश्ती पुलिस पर पैसे मांगने का आरोप लगाया। चालक का कहना था कि जब उसने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाना शुरू किया तो पुलिस गाड़ी के चालक ने उसका मोबाइल छीन लिया और वीडियो डिलीट करने की कोशिश की। इस दौरान मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और

### थाना प्रभारी ने कहा दोषी पाये जाने पर होगी कार्रवाई

स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ बढ़ती देख गश्ती पुलिस की टीम वहां से निकल गई। इसके बाद नाराज ट्रक चालकों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना मिलने पर मनियारी थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। उन्होंने ट्रक चालक को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यदि जांच में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भक्तों की पुकार पर आयी थी मां

## भक्त रहषु व चेरों से जुड़ा इतिहास



## देश-विदेश से पहुंचते हैं श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिला मुख्यालय से छह किलोमीटर दूर सिवान-गोपालगंज मुख्य मार्ग पर थावे में मां दुर्गा का मंदिर स्थित है। करीब तीन सौ साल पूर्व स्थापित यह जाग्रत प्राचीन शक्ति पीठ में से एक है। प्रति वर्ष नवरात्र के समय यहां बिहार ही नहीं सीमावर्ती यूपी व नेपाल के भक्त हजारों की संख्या में आते हैं और माता का दर्शन करते हैं।

आदि काल से यहां मां की पूजा अर्चना की जाती है। यहां मां भगवती भक्त की पुकार पर प्रकट हुई थीं। यहां पूजा अर्चना करने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

जिला मुख्यालय से प्रत्येक पांच मिनट पर आटो व बस की सुविधा है। इसके अलावा थावे जंक्शन पर पटना, सिवान, छपरा व गोरखपुर से आने के लिए ट्रेन की सुविधा है। मंदिर के समीप स्थित देवी हॉल्ट पर सभी ट्रेन रुकती है।

शक्ति पीठ का इतिहास भक्त रहषु स्वामी तथा चेरों वंश के क्रूर राजा की कहानी जुड़ी हुई है। 1714 के पूर्व यहां चेरों वंश के राजा मनन सेन का साम्राज्य हुआ करता था। इस क्रूर राजा के दबाव डालने पर भक्त रहषु स्वामी की पुकार पर मां भवानी कामरूप कामाख्या से चलकर थावे पहुंचीं।

उनके थावे पहुंचने के साथ ही राजा मनन का महल खंडहर में तब्दील हो गया और भक्त रहषु के सिर से मां ने अपना कंगन युक्त हाथ प्रकट कर राजा को दर्शन दिया। देवी दर्शन के साथ ही राजा मनन के प्राण भी पखेरू हो गए। तब से यहां मां की अराधना होती आ रही है।

ऐतिहासिक थावे दुर्गा मंदिर तीन ओर से वन प्रदेश से घिरा हुआ है। वन प्रदेश से घिरे होने के कारण पूरा मंदिर परिसर रमणीय दिखता है। मंदिर में प्रवेश व निकास के लिए एक-एक द्वार हैं। यहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध हैं। मान्यता है कि मां के दर्शन मात्र से लोगों की समस्याएं दूर हो जाती हैं।

यहां सालों भर मां की दिन में दो बार आरती होती है। नवरात्र को छोड़ अन्य दिनों में रात्रि की आरती के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाते हैं।

लेकिन नवरात्र के दौरान कपाट बंद नहीं होते। सप्तमी व अष्टमी को यहां मां की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। सप्तमी को महाप्रसाद का वितरण किया जाता है।

### 504 डिफॉल्टर छात्रों की हुई पहचान

**शेखपुरा।** शिक्षा के लिए दी जाने वाली स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में अब सख्ती बढ़ा दी गई है। लोन लेने के बाद भुगतान नहीं करने वाले छात्रों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र ने डिफॉल्टर छात्रों की पहचान की है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि लोन हर हाल में चुकाना होगा। नौकरी नहीं मिलने का तर्क अब मान्य नहीं होगा। कार्रवाई की खबर से छात्रों में हड़कंप मच गया है।

जिले में कुल 504 छात्र-छात्राओं को डिफॉल्टर के रूप में चिह्नित किया गया है। इनमें से 214 विद्यार्थियों पर सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जा चुका है।

बाकी मामलों में भी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। विभाग ने चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई शुरू की है। कई छात्रों ने अब भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रशासन की सख्ती का असर दिखने लगा है।

विभाग के अनुसार चिह्नित छात्रों पर 10 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। इस राशि की वसूली के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध गैस सिलेंडर फटने से पांच झुलसे

## प्रशासन के दावों की खुली पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा ।** एपीएम थाना क्षेत्र के उसमा मठ चौक पर बुधवार की शाम करीब चार बजे पांच किलो वाला अवैध गैस सिलिंडर फटने से पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए डीएमसीएच लाया गया है, जहां ट्रायज रूम में सभी का प्राथमिक उपचार चल रहा है। सभी हाट में मूढ़ी-कचरी, प्याजी एवं चप बेचते हैं।घायलों में पतोर थाना क्षेत्र के पनसिहा के स्व. राजाराम साहू की पत्नी हीरा देवी (60), पुत्री मेनका कुमारी (13), एपीएम थाना के पेठियागाछी निवासी स्व. रवींद्र साह की पत्नी डुमनी देवी (55), स्व. नथुनी साह के पुत्र लालू साह (60) एवं लालू साह का पुत्र चंदन साह (20) शामिल है।



जानकारी के अनुसार, उसमा मठ के बजरंग बली मंदिर के पास बुधवार को हाट लगता है। हाट में सभी लोग अपनी दुकान लगाए थे। हीरा देवी की गोतनी फूल कुमारी ने बताया कि लालू साह का छोटा सिलिंडर रिसाव कर रहा था, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस बीच अचानक सिलिंडर तेज आवाज के साथ फट गया। इसकी चपेट में आकर सभी गंभीर रूप से झुलस गए। आनन-फानन में सभी को एंबुलेंस से डीएमसीएच लाया गया है। चिकित्सक प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करने की बात कह रहे हैं।

# बिजली उपभोक्ताओं को सरकार ने दी बड़ी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की आम जनता के लिए राहत भरी खबर है। राज्य में बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं को मौजूदा दरों पर ही बिजली मिलती रहेगी।

बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की याचिका पर सुनवाई के बाद दर वृद्धि के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। बिजली कंपनियों ने सभी श्रेणियों में 35 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि का प्रस्ताव दिया था, जिसे आयोग ने अस्वीकार कर दिया। हालांकि, आयोग ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए शहरी घरेलू, ग्रामीण तथा शहरी गैर-घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणियों में दो स्लैब की जगह एक ही स्लैब लागू करने का निर्णय लिया है। इस बदलाव के तहत न्यूनतम दर को ही लागू किया



गया है, जिससे 100 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अब सस्ती बिजली मिलेगी। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी।

बुधवार को आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी तथा सदस्य अरुण कुमार सिन्हा और परशुराम सिंह यादव ने इस मामले में फैसला सुनाया। आयोग के अनुसार, पहले

### 1 अप्रैल से नयी दरें होगी लागू

1 से 100 यूनिट और 100 यूनिट से अधिक खपत पर अलग-अलग दरें थीं। अब एक ही स्लैब लागू होने से उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इसके तहत

आयोग ने बताया कि बिजली कंपनियों ने नवंबर 2025 में दर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था, जिस पर पटना, गया और बेगूसराय में जनसुनवाई की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कंपनियों ने भारी राजस्व की मांग की थी, लेकिन सुनवाई के दौरान नॉर्थ बिहार कंपनी में 2.69 करोड़ और साउथ बिहार कंपनी में 1931.35 करोड़ रुपये का सरप्लस पाया गया। इसी आधार पर दर वृद्धि को खारिज कर दिया गया।

# आर्केस्ट्रा से छुड़ायी गयीं कई राज्यों की नाबालिग लड़कियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में आर्केस्ट्रा की आड़ में चल रही संदिग्ध गतिविधियों का राजफाश करते हुए पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की।

सिरसा सहित अन्य स्थानों पर छापेमारी कर 10 नाबालिग बच्चियों को मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई बिहार पुलिस मुख्यालय पटना के वीकर सेक्शन व सीआइडी के निर्देश पर की गई।

पुलिस को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि कुछ आर्केस्ट्रा ग्रुप्स में नाबालिग बच्चियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

रेस्क्यू की गई बच्चियां पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार सहित विभिन्न राज्यों की रहने वाली हैं। अभियान में गोपालगंज पुलिस

### तीन आर्केस्ट्रा संचालक हिरासत में

की विशेष टीम के साथ एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन और नारायणी सेवा संस्थान की टीम भी शामिल रही।

टीम के सदस्यों ने कई ठिकानों पर एक साथ दबिश देकर बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के दौरान उनकी स्थिति को देखते हुए तत्काल आवश्यक सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराई गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन आर्केस्ट्रा संचालकों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के आधार पर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सदर एसडीपीओ-2 राजेश कुमार ने



बताया कि मामले में प्राथमिकी करने की प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नाबालिगों के शोषण से जुड़े मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। रेस्क्यू के बाद सभी बच्चियों को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है।

उनके स्वजन से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही बाल कल्याण समिति के माध्यम से आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### शांति समिति की बैठक

**औरंगाबाद।** ईद एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर परिषद के मुख्य पार्षद उदय गुप्ता, जिला पार्षद अनील यादव, सर्किल इंस्पेक्टर फहीम आजाद खान, थानाध्यक्ष बबन बैठा, कई पार्षद व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया।नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने आम लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मोबाइल नंबर 9031826335 पर तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।थानाध्यक्ष ने बताया कि पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ हीईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक, प्रशासन पूरी तरह मुस्तैदनगर अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर ने कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

# नवम कक्षा की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** उच्च माध्यमिक विद्यालय में नवमी कक्षा की वार्षिक परीक्षा बुधवार से प्रारंभ हुई। परीक्षा को लेकर सभी विद्यालयों में व्यापक तैयारी की गई थी और इस परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए विद्यालय प्रबंधन पूरी तरह सजग नजर आ रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पाली में मातृभाषा हिंदी तथा द्वितीय पाली में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। वार्षिक परीक्षा संपन्न हो जाने के उपरांत वर्ग 8 की छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर में एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर खुशी की इजहार किया। प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर, माध्यमिक विद्यालय जंदाहा, मवि रहियार उत्तर, माध्यमिक विद्यालय रहियार दक्षिण, माध्यमिक विद्यालय दा्सौत, उच्च माध्यमिक विद्यालय बलीपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय रहटोली सहित प्रखंड के अन्य उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्ग नवमी एवं ग्यारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की कदाचार मुक्त परीक्षा संचालित की जा रही है।

# वैश्विक निवेशकों के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रहा बिहार : उद्योग सचिव

## वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : कुंदन कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा वैश्विक साझेदारियों को सुदृढ़ करने तथा निवेश के नए अवसरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित किया जा रहा है। इसी क्रम में इन्वेस्ट इंडिया तथा जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइज़ेशन के सहयोग से एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया जो वैश्विक व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने वाली एक प्रमुख संस्था है। वेबिनार की शुरुआत इन्वेस्ट इंडिया के स्वागत भाषण और परिचय से हुई जिसमें बिहार और जापान के बीच आर्थिक सहयोग और निवेश के अवसरों पर चर्चा की पृष्ठभूमि तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता उद्योग विभाग के सचिव-सह-निवेश आयुक्त एवं




बिहार सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर ने की। उन्होंने बिहार को अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाने और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर कुंदन कुमार ने बिहार के औद्योगिक माहौल, नीतियों और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने राज्य की निवेशक-अनुकूल नीतियों, तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान कारोबार के लिए सरकार के सक्रिय प्रयासों को रेखांकित किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार सरकार एक ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हो और निवेशकों के लिए अनुकूल हो। इससे उद्योगों का विकास आसानी से हो सके और लंबे समय तक साझेदारी बनी रहे। प्रगतिशील नीतियों, मजबूत बुनियादी ढांचे और आइएमसी गया जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के साथ हमें विश्वास है कि भारत में विस्तार करने के इच्छुक वैश्विक निवेशकों के लिए बिहार में बहुत अच्छे अवसर हैं। इस सत्र का मुख्य आकर्षण अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत विकसित किया जा रहा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, गया रहा। बोधगया के पास स्थित यह क्लस्टर बेहतर कनेक्टिविटी, देश और विदेश के प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल प्रदान करेगा। चर्चा के दौरान बिहार की नीतियों पर भी जोर दिया गया जो निवेश के लिए काफी प्रतिस्पर्धी और आकर्षक हैं। इसमें 25 एकड़ तक मुफ्त जमीन, अलग-अलग क्षेत्रों के लिए विशेष नीतियां, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और आसान प्रक्रियाएं शामिल हैं जो लंबे समय तक निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देती हैं। इस सत्र में हारुका मारुयामा (सीनियर डायरेक्टर जेइटीआरओ), संदीप सिंह (असिस्टेंट डायरेक्टर, जेइटीआरओ) के साथ-साथ एनआइसीडीसी, इन्वेस्ट इंडिया और बियाडा के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। वेबिनार का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत किया जाएगा और बिहार को वैश्विक स्तर पर विनिर्माण और निवेश का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाया जाएगा।

# सृजनशील बनें या मिट जाएं: विजय प्रकाश

## स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में 15 दिवसीय 'सृजनोत्सव' का भव्य आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बुधवार को स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग के प्रांगण में 15 दिवसीय रचनात्मक महोत्सव 'सृजनोत्सव' का भव्य आगाज हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और नवाचार को मंच प्रदान करना है। पहले दिन 'लोकोत्सव' का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन एपीबीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश और विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विजय प्रकाश ने छात्रों को संदेश दिया– 'सृजनशील बनें या मिट जाएं।' उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सृजनशीलता ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को स्थायी पहचान दिलाती है। उन्होंने लोकोत्सव में प्रदर्शित




मॉडलों की सराहना करते हुए इसे विद्यालय की गौरवशाली परंपरा बताया। लोकोत्सव के तहत लगभग 150 प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों ने पर्यावरण और कृषि के अंतर्गत एकीकृत खेती और संरक्षण के उपाय, इतिहास में सिंधु घाटी सभ्यता का चित्रण तथा सामाजिक मुद्दों में जनसंख्या वृद्धि और उसके समाधान पर मॉडल प्रस्तुत किए। प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने बताया कि आगामी 14 दिनों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा, जिसमें इनोफेस्ट, मैथ मेला और क्रिएटिव ओलंपियाड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सृजनशीलता ही परिवर्तन की कुंजी है और विद्यार्थियों को हर गतिविधि में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम का समन्वय ऋचा, रिंकी और अलका ने किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मशरूम की खास प्रजाति बटन मशरूम ने बदली दुनिया

## बांका की रिंकू देवी कृषि उद्यमी सम्मान से हुई सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भागलपुर सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में मशरूम फॉर्मिंग के क्षेत्र में सफल उद्यमी की गाथा लिख चुकी बांका की रिंकू देवी को कृषि उद्यमी सम्मान से सम्मानित किया गया है। 16 से 18 मार्च तक सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय किसान मेला में यह सम्मान कृषि मंत्री राम कृपाल के द्वारा दिया गया। मशरूम उत्पादक रिंकू देवी ने कहा कि दलहन-तिलहन उत्पादन में वृद्धि द्वारा पोषण व खाद्य सुरक्षा के लिए आयोजित मेला में कृषि उत्पादकों को उनके कामों के लिए सम्मानित किया जिससे हम जैसे उद्यमियों को बिहार सरकार की तरफ से सम्मानित किये जाने पर एक नयी ऊर्जा का संचार होने लगा है। वहीं बातचीत करने पर बांका के झिरंवा गांव की रहने वाली रिंकू देवी ने कहा



कि 13 सालों से अधिक समय से वे बटन मशरूम से सफल उद्यम तक का सफर तय कर चुकी है। कृषि मेला में शामिल होने के बाद उन्होंने सभी विशेषज्ञों के सामने मशरूम स्पॉन कल्टीवेशन, प्रोडक्शन हॉल, कंपोस्ट मेकिंग का प्रस्ताव रखा है जिससे अव्वल दर्जे के मशरूम के साथ-साथ रोजगार के क्षेत्र में नये दरवाजे खुलेंगे साथ ही मशरूम फॉर्मिंग के लिए निर्यात की जरूरत भी नहीं होगी। बता दें कि झिरंवा की रहने वाली रिंकू देवी को 2022-23 में मुख्यमंत्री के हाथों पुरस्कृत किया गया था। इसके अलावा महिला उद्यमी योजना के लाभ से भी उनके उद्यमी को नयी रफ्तार हासिल हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से आज वे इस मुकाम तक पहुंची है। एनडीए की सरकार में उन्हें ऋण के साथ उनके खास मशरूम के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाई है जिसके बदौलत उन्होंने जगजीवन राम व बांका जिला प्रशासन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

# कोहिमा प्रेस ब्यूरो के सात सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने की कृषि मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कोहिमा प्रेस ब्यूरो के सात सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री राम कृपाल यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए बिहार की मखाना क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों तथा राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी साझा की। कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार देश में मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान रखता है। मखाना केवल एक कृषि उत्पाद नहीं, बल्कि बिहार की परंपरा, आजीविका और आर्थिक सामर्थ्य का महत्वपूर्ण आधार है। राज्य सरकार द्वारा मखाना की खेती, प्रसंस्करण, विपणन तथा किसानों की आय वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्रधान कृषि सचिव नर्मदेश्वर लाल, भा0 प्र0 से0, की अध्यक्षता में निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, भा0 व0 से0, द्वारा 'बिहार में मखाना की खेती' विषय पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कैंप का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बुधवार को 01 बिहार नेवल यूनिट द्वारा राजेंद्रनगर स्थित एनसीसी ग्रुप मुख्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सीएटीसी-एक्सएक्स (याम्स) कैंप का भव्य समापन हुआ। दस दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने अनुशासन के साथ-साथ आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अब वे अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान कर गए। कैंप कमांडेंट कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने समापन भाषण में कैडेट्स को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ समर्पण की भावना अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सहयोग की भावना के साथ योग्य और जिम्मेदार नागरिक बनना ही इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। यह कैंप आपदा के समय निस्वार्थ सेवा, अनुशासन



और सामाजिक सहयोग की भावना को विकसित करने में सहायक रहा। शिविर के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार की आपदाओं से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स ने इस प्रशिक्षण का भरपूर लाभ उठाया और आपात स्थिति में लोगों की सहायता करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कैंप कमांडेंट सन्नी कुमार गुप्ता और मौसम गुप्ता द्वारा प्रतीक चिन्ह, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई जिसमें कैडेट्स ने अपने-अपने कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं में घर लौटने की खुशी के साथ-साथ दस दिनों में बने आपसी संबंधों के कारण विदाई के समय भावुकता भी देखी गई। समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल दीप्ति, एएनओ डॉ. संजय कुमार सिंह, आशीष आनंद, डॉ. अर्चना त्रिपाठी, प्रशिक्षक अमल यादव, राजेश कुमार, ओंकार सुमंत, दीपक कुमार, कुमोद रंजन सिंह, नीरज कुमार, राजू रंजन, अभिनीत नमन सिंह, बाबुल, रविकांत, दीपक कुमार जीसीए, योग्यता कुमारी सहित सभी सिविलियन स्टाफ मौजूद थे।

# दादीजी मंदिर में 21 को मनेगी गणगौर पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** श्री दादीजी मंदिर में 21 मार्च को गणगौर पूजा का होगा भव्य आयोजन। यह जानकारी देते हुए दादीजी सेवा समिति के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने गणगौर पूजा के सम्बन्ध में बताया कि नवरात्रों के तीसरे दिन यानी की चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तीज को गणगौर माता याने की मां पार्वती की पूजा की जाती है। अग्रवाल ने बताया कि 20 मार्च को दादीजी का सिंघाड़ा मेहंदी होगा। महिलायें दादीजी के हाथों में मेंहदी लगाएंगी। गणगौर पूजा के सम्बन्ध में बताते हुए अग्रवाल ने बताया कि पार्वती के अवतार के रूप में गणगौर माता व भगवान शंकर के अवतार के रूप में ईशर जी की पूजा की जाती है। प्राचीन समय में पार्वती ने शंकर भगवान को पति (वर) रूप में पाने के लिए व्रत और तपस्या की। शंकर भगवान तपस्या से प्रसन्न हो गए और वरदान मांगने के लिए कहा। पार्वती ने उन्हें वर रूप में पाने की इच्छा जाहिर की। पार्वती की मनोकामना पूरी हुई और उनकी शादी शंकर भगवान से हो गयी। बस उसी दिन से कुंवारी लड़कियां मन इच्छित वर पाने के लिए ईशर और गणगौर की पूजा करती है। सुहागिन स्त्री पति की लम्बी आयु के लिए पूजा करती है। गणगौर की पूजा चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि से आरम्भ की जाती है।

# 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी' के जरिए साकार हो रहा घर का सपना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बुधवार को शहरी भारत में 'सबके लिए आवास' के लक्ष्य को नई गति देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। सेव ग्रुप के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सिंह के अनुसार यह योजना अब केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के लिए घर के सपने को साकार करने का मजबूत माध्यम बन चुकी है। एक सितंबर 2024 से लागू इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लगभग एक करोड़ शहरी परिवारों को आवास सहायता प्रदान करना है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और महंगे होते आवास के बीच यह योजना एक ठोस समाधान के रूप में उभरी है। योजना का सबसे प्रभावी घटक ब्याज सब्सिडी योजना है जिसके तहत पात्र लाभार्थियों को ऋण पर सब्सिडी सीधे उनके खाते में अग्रिम रूप से दी जाती है। इससे ऋण का मूलधन कम होता है, मासिक किस्त घटती है और पहली बार घर खरीदने वालों की पहुंच आसान हो जाती है। अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना को जमीन पर उतारने में हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। वर्ष 2026 तक इन कंपनियों ने किफायती आवास क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है, खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में जहां मांग अधिक है, लेकिन पारंपरिक बैंकिंग की पहुंच सीमित रहती है। मार्च 2025 तक एचएफसी का कुल हाउसिंग लोन पोर्टफोलियो लगभग 8.8 से 9.1 लाख करोड़ रुपये के बीच रहा और वित्तीय वर्ष 2025 में इसमें 14 से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जिनकी आय अनौपचारिक है, जैसे स्वरोजगार करने वाले, छोटे व्यापारी और दैनिक मजदूर। ऐसे वर्गों के लिए एचएफसी नकदी प्रवाह आधारित मूल्यांकन और वैकल्पिक आय संकेतकों के आधार पर ऋण उपलब्ध कराती हैं जिससे वे भी औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जुड़ पा रहे हैं। तकनीक और स्थानीय उपस्थिति के संतुलन पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि डिजिटल आवेदन, डेटा आधारित मूल्यांकन और तेज प्रक्रिया ने ऋण प्रणाली को सरल बनाया है, वहीं शाखाओं और फील्ड नेटवर्क के माध्यम से अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत एचएफसी प्राथमिक ऋण संस्थान के रूप में कार्य करते हुए पात्रता जांच, दस्तावेज सत्यापन और सब्सिडी वितरण की जिम्मेदारी निभा रही हैं। इस प्रकार एचएफसी योजना और नागरिकों के बीच भरोसे की मजबूत कड़ी बनकर उभर रही हैं।

# जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति से मना भगवान अनंतनाथ एवं भगवान अरहनाथ का कल्याणक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ के ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक तथा 18वें तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान अरहनाथ के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर पटना के मीठापुर, कदमकुआं, कमलदह, गुरारा, कालीबीबी कटरा सहित पटना के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए पटना जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में प्रातःकाल में भगवान की प्रतिमाओं का जलाभिषेक, शांतिधारा एवं विशेष पूजन-अर्चन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान अनंतनाथ के केवलज्ञान प्राप्ति के इस दिव्य क्षण को स्मरण करते हुए उनके उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। वहीं भगवान अरहनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर उनके निर्वाण की वंदना कर आत्मशुद्धि और मोक्षमार्ग पर चलने की प्रेरणा ग्रहण की गई।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता : मंगल पांडेय

## सरकारी स्कूलों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के साथ बच्चों को मिल रहा निःशुल्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वस्थ बिहार की परिकल्पना बच्चों के सम्पूर्ण मानसिक एवं शारीरिक विकास से ही पूरी हो सकती है। इसको लेकर सरकार बच्चों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करा रही है। इसी दिशा में राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की आंखों की जांच की जा रही है। इसके लिए विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी जिलों के सिविल सर्जन को



निर्देशित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि स्कूल आई स्क्रीनिंग अभियान को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। इसके लिए जिले के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के नेत्र सहायक द्वारा अपने प्रखंड के सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मोबाइल हेल्थ टीम से समन्वय कर विद्यालयों में जाकर बच्चों की आंखों की जांच की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में दृष्टि दोष की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। स्कूल आई स्क्रीनिंग राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। श्री पांडेय ने कहा कि जांच के दौरान जिन बच्चों में दृष्टि दोष पाए जाते हैं, उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में विस्तृत जांच के लिए भेजा जा रहा है। इसके बाद दृष्टि दोष से प्रभावित बच्चों को उनके पावर के अनुसार निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# बिहार विधानसभा में 19-20 मार्च को विकसित भारत युवा संसद

## 37 जिलों के 185 युवा लेंगे भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बुधवार को मेरा युवा भारत, पटना तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 19 और 20 मार्च 2026 को बिहार विधानसभा के केंद्रीय सभागार में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्य के 37 जिलों से चयनित 185 युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों की प्रस्तुति का मूल्यांकन बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में गठित जूरी टीम द्वारा किया जाएगा। जूरी में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय सिंह (टाइगर), सूचना प्रौद्योगिकी एवं खेल विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह, सदस्य नीतीश मिश्रा, राणा रणधीर, मंजीत कुमार सिंह, संगीता कुमारी, दीपा कुमारी, बाबुलाल शौर्य, शुभानंद मुकेश तथा युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को निर्धारित विषय पर भाषण के माध्यम से अपने विचार रखने का मंच प्रदान करना है। युवा संसद का आयोजन तीन स्तरों–जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है।

# संगठन सृजन अभियान को गति देने के लिए जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर की एक आवश्यक बैठक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी का स्पष्ट निर्देश है कि संगठन में सेकंड लाइन और थर्ड लाइन के नेताओं को अवसर दिया जाए, साथ ही वरिष्ठ नेताओं का सम्मान भी सुनिश्चित किया जाए।




उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी स्तरों पर संतुलन और सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत 163 जिला पर्यवेक्षकों को विभिन्न जिलों में नियुक्त किया गया है जो जनवरी माह से ही सक्रिय रूप से संगठनात्मक कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रखंड स्तर के नेताओं को जिला स्तर तक और जिला स्तर के नेताओं को प्रदेश स्तर तक आगे बढ़ाना है, ताकि संगठन को नई ऊर्जा मिल सके। राजेश राम ने बीपीसीसी कनेक्ट सेंटर एवं सभी जिला पर्यवेक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने अत्यंत ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य किया है।

# सिविल लिस्ट पुस्तिका का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सामान्य प्रशासन विभाग के तत्वावधान में बुधवार को पुराना सचिवालय स्थित सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर, वित्त सचिव रचना पाटिल, उच्च शिक्षा सचिव राजीव रौशन एवं विशेष सचिव गीता सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सिविल लिस्ट पुस्तिका 2026 का विमोचन किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव बी. राजेंदर ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से भारतीय प्रशासनिक सेवा, बिहार प्रशासनिक



सेवा, बिहार सचिवालय सेवा तथा बिहार सचिवालय आशुलिपिकीय सेवा से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों की सिविल लिस्ट पुस्तिका 2026 प्रकाशित की गई है। इन पुस्तिकाओं में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के फोटो सहित उनकी सेवा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां समाहित की गई हैं, जो प्रशासनिक कार्यों में उपयोगी सिद्ध होंगी। उन्होंने पुस्तिका के प्रकाशन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई दी तथा उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में अपर सचिव रजनीश कुमार, संयुक्त सचिव जगदीश कुमार, जेएडी संजय कुमार, डीपीआरओ तपिश सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जे पी सेनानियों ने किया सम्पूर्ण क्रांति सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जे पी आवास स्थित जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ ही सभागार में जे पी के सहयोगी रहे कुमार अनुपम, शम्भू प्रसाद सिंह, जयप्रकाश महन्थ, विशेश्वर प्रसाद, डॉ किरण सिन्हा और विशाल कुमार सिंह समेत बीसों जे पी सेनानियों ने सामूहिक रूप से सम्पूर्ण क्रांति सम्मेलन का उद्घाटन किया। कुमार अनुपम ने 1974 के 18 मार्च को शुरू हुए छात्र आंदोलन को बिहार के



इतिहास की अमूल्य विरासत बताया जिसने देश की संसद, विधान मंडलों के चेहरे के साथ ही भारतीय राजनीति के मूल्यों को बुनियादी तौर पर बदल कर रख दिया। इसीलिए इस सम्पूर्ण क्रांति के संघर्ष को भारत सरकार द्वारा शैक्षिक पाठ्यक्रमों में स्थान मिलना चाहिए ताकि नई पीढ़ी को सम्पूर्ण क्रांति के दर्शन से परिचित कराया जा सके। जयप्रकाश महन्थ ने वरिष्ठ जे पी सेनानी स्वर्गीय मिथिलेश कुमार सिंह के नाम पर एक पार्क के नामकरण किए जाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। अध्यक्षता करते हुए शम्भू प्रसाद सिंह और विशेश्वर प्रसाद ने मांग की कि जे पी सेनानियों को जन प्रतिनिधि मानते हुए सरकारी अधिकारी उन्हें वही सम्मान दें जो विधायक सांसदों को मिलता है, ताकि जन समस्याओं के सवालों पर अधिकारी जे पी सेनानियों के ज्ञापनों पर भी त्वरित कार्रवाई कर सकें। डॉ किरण सिन्हा, रीता सिंह और इन्दू शरण ने जे पी सेनानी सलाहकार पर्षद के पुनर्गठन की मांग की ताकि जे पी सेनानियों की समस्याओं पर सघन रूप से विचार हो सके। एम पी जैन ने बताया कि सम्मेलन में शशिभूषण प्रसाद, राजनंदन पांडे, त्रिपुरारि प्रसाद सिंह, राजकिशोर प्रसाद, बागेश्वर प्रसाद सिंह, रविन्दर महतो, रामाश्रय दीक्षित समेत कई जे पी सेनानी शिरकत की।

# संपादकीय

## बदायूं डबल मर्डर ने खोली सुरक्षा तंत्र की पोल

उत्तर प्रदेश सरकार लगातार दावे करती रही है कि राज्य में कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। मगर पिछले कुछ समय से लगातार अपराध, लूटपाट और हत्या के बढ़ते मामलों ने दावों की कलई खोल दी है। अपराधी बेशक बाद में पकड़ लिए जाते हों, लेकिन सच है कि वे वारदात को अंजाम देने से नहीं चूक रहे।सवाल है उनके भीतर पुलिस का खौफ क्यों नहीं दिखता। पिछले दिनों संभल में कुछ लोग एक युवक को घर से खींच कर ले गए और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना को लोग अभी भूले भी नहीं थे कि बदायूं में गुरुवार को हिंदुस्तान पेट्रोलियम के इथेनाल संयंत्र के दफ्तर में घुस कर दो वरिष्ठ अधिकारियों की गोली मार कर हत्या कर दी गई।बताया जा रहा है कि काली सूची में डाले गए एक विक्रेता ने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी पहले भी महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी की कार पर हमला कर चुका था। जब इस मामले की पुलिस और जिला प्रशासन स्तर पर शिकायत दर्ज करा दी गई थी, तो आरोपी पर समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई?सवाल यह भी है कि उच्च सुरक्षा वाले संयंत्र में हथियार लेकर वह कैसे घुसा? कानून व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के पास इसका क्या जवाब है? उत्तर प्रदेश में अपराधियों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, तो स्पष्ट है कि राज्य के पूरे पुलिस तंत्र में समन्वय का अभाव है। आए दिन हो रहीं हत्या की घटनाओं से समझा जा सकता है कि राज्य में अपराध पर लगाम लगने के दावे में दम नहीं है।जमीनी सच्चाई यही है कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। पुलिस की तमाम कथित सख्ती और सक्रियता के बावजूद आपराधिक मानसिकता के लोगों में कानून और सजा का कोई डर नहीं है। ऐसा लगता है कि अपराध नियंत्रण में कहीं न कहीं कमजोर कड़ी रह गई है, जिसकी शिनाख्त नहीं की जा रही है।आज स्थिति यह है कि लोग खुद को घरों से लेकर दफ्तरों तक सुरक्षित नहीं पा रहे हैं। आए दिन जघन्य अपराधों के मद्देनजर उनकी चिंताएं नाहक नहीं हैं। सवाल है कि राज्य सरकार अपराध और अपराधियों पर काबू करने के जो दावे करती रही है, हकीकत उसके उलट क्यों दिख रही है।

# जैव विविधता और टिकाऊ विकास- राजमार्गो पर अब दौड़ेंगी नहीं, भनभनाएंगी मधुमक्खियां

**(विनीता परमार)**

भारत में विकास की कहानी अक्सर सड़कों की लंबाई और गति से मापी जाती है। एक्सप्रेस-वे, चौड़ी होती राष्ट्रीय राजमार्गों की पट्टियां और तेज रफ्तार यातायात- ये सब मिलकर आधुनिक भारत के बुनियादी ढांचे की पहचान बन चुके हैं। हजारों किलोमीटर लंबे राजमार्गों ने व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को नई गति दी है, लेकिन इसके साथ ही प्राकृतिक आवासों की क्षति, पेड़ों की कटाई और जैव-विविधता पर दबाव भी बढ़ा है।

> **वर्तन की संभावना को जन्म देता है, क्योंकि भारत में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग कृषि परिदृश्य से होकर गुजरते हैं। जब इन सड़कों के किनारे परागणकर्ता के अनुकूल पौधों और वृक्षों का रोपण किया जाता है, तो यह केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य नहीं करता, बल्कि एक जीवित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करता है, जो आसपास के खेतों से सीधे जुड़ जाता है।सबसे पहला प्रभाव कृषि उत्पादकता पर दिखाई देता है। मधुमक्खियां और अन्य परागणकर्ता पौधों के प्रजनन की प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाते हैं, जिससे फसलों में दानों का भराव, फल का आकार, बीज की गुणवत्ता और कुल उपज बढ़ती है। सरसों, सूरजमुखी, सेब, आम, टमाटर, कद्दू वर्गीय सब्जियां और कई तिलहन फसलें ऐसी हैं, जिनकी उत्पादकता परागण की उपलब्धता से सीधे प्रभावित होती है।**

परागणकर्ता, विशेषकर मधुमक्खियां इस बदलाव से सबसे अधिक प्रभावित जीवों में शामिल हैं। वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि अगर मधुमक्खियों की संख्या लगातार घटती रही, तो खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है, क्योंकि बड़ी संख्या में दुनिया की फसलें परागण पर निर्भर हैं। वैश्विक खाद्य उत्पादन का लगभग (एक-तिहाई) हिस्सा सीधे तौर पर मधुमक्खियों और अन्य परागणकों पर निर्भर करता है। एक अध्ययन के अनुसार, परागण करने वाले कीटों की आबादी में काफी गिरावट आई है।

इस बात की गंभीरता को देखते हुए देश के राजमार्ग अब केवल तेज रफ्तार यातायात की रेखाओं के समांतर धीरे-धीरे जैव विविधता के जीवित गलियारों में बदलने की दिशा में बढ़ रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 'मधुमक्खी गलियारे' (बी-कारिडोर) विकसित करने की पहल जैव विविधता के संरक्षण की सोच का संकेत है। इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत 2026-27 तक लगभग चालीस लाख पेड़ और फूलदार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसका उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि मधुमक्खियों और अन्य परागणकर्ताओं के लिए सुरक्षित आवास बनाकर पारिस्थितिकी संतुलन को मजबूत करना है। बी-कारिडोर का मतलब है राजमार्गों के किनारे पेड़ों और फूलों की ऐसी हरित पट्टी, जो मधुमक्खियों के लिए खाद्य और आवास मार्ग का काम करे। यह पहल नीतिगत सोच में एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत है, जहां बुनियादी ढांचा केवल उपयोगिता नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी संतुलन का हिस्सा भी माना जा रहा है।

पहले जहां सड़क किनारे पौधरोपण का उद्देश्य मुख्य रूप से सजावटी या धूल नियंत्रण तक सीमित रहता था, वहीं अब ध्यान स्थानीय पारिस्थितिकी के अनुकूल प्रजातियों के चयन पर दिया जा रहा है। राजमार्गों के किनारे सतत् हरित पट्टियां कई पर्यावरणीय लाभ देती हैं। पेड़-पौधे तापमान को नियंत्रित करते हैं, धूल और प्रदूषण को कम करते हैं तथा मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े पैमाने पर हरित पट्टियां सड़क किनारे सूक्ष्म जलवायु को संतुलित करती हैं, जिससे आसपास के क्षेत्रों में तापमान का प्रभाव कम होता है।

राजमार्ग के किनारे विकसित पुष्प संसाधन मधुमक्खियों के लिए निरंतर भोजन उपलब्ध कराते हैं, जिससे शहद उत्पादन बढ़ सकता है। स्थानीय किसान या स्वयं सहायता समूह शहद, मधुमोम और अन्य मधुमक्खी उत्पादों के माध्यम से अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर सकते हैं। इसके अलावा, यह पहल पारिस्थितिकी की स्थिरता को भी मजबूत करती है। परागणकर्ताओं की संख्या बढ़ने से जैव विविधता में वृद्धि होती है, क्योंकि इनके साथ-साथ पक्षी, तितलियां और अन्य कीट भी आकर्षित होते हैं। इससे खेतों और आसपास के परिदृश्य में प्राकृतिक संतुलन बेहतर होता है और कीट प्रबंधन में भी अप्रत्यक्ष लाभ मिलता है।

व्यापक सामाजिक-आर्थिक महत्त्व के लिहाज से देखें तो मधुमक्खी गलियारा पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ कृषि, ग्रामीण रोजगार और जैव विविधता- इन चारों को जोड़ने वाला एक समेकित ढांचा बन सकता है, जो भविष्य की हरित अवसंरचना की दिशा भी तय करता है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मधुमक्खियों और अन्य परागणकर्ताओं को निरंतर भोजन और आश्रय उपलब्ध कराना है। इसके लिए राजमार्गों के किनारे ऐसी वनस्पति लगाई जाएगी जिसमें साल भर फूल आते रहें।

इस योजना में नीम, पलाश, जामुन और अन्य स्थानीय फूलदार पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें फूलदार पौधों को लगभग पांच सौ मीटर से एक किलोमीटर की दूरी पर लगाया जाएगा, ताकि मधुमक्खियों की उड़ान दूरी के भीतर लगातार भोजन स्रोत उपलब्ध रहे। हालांकि, मधुमक्खी गलियारे की सफलता केवल पौधे लगाने से तय नहीं होगी। इसकी असली चुनौती दीर्घकालिक रखरखाव में है। सड़क किनारे पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई, चराई से संरक्षण और कीटनाशकों के सीमित उपयोग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होंगी। इसके अलावा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी महत्त्वपूर्ण है। अगर ग्रामीणों, स्वयंसेवी संगठनों और स्थानीय प्रशासन को इस पहल से जोड़ा जाए, तो इसकी स्थिरता और प्रभाव दोनों बढ़ सकते हैं। यह पहल दरअसल एक महत्त्वपूर्ण विचार की ओर संकेत करती है। ऐसा विकास प्रारूप, जिसमें प्रकृति और बुनियादी ढांचा, आपस में विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी हों। तेज रफ्तार वाहनों के बीच अगर सड़क किनारे फूलों पर मंडराती मधुमक्खियां दिखाई दें, तो वह दृश्य केवल सुंदर नहीं होगा। वह इस बात का संकेत होगा कि विकास की दिशा में हम एक अधिक संतुलित और टिकाऊ रास्ता चुन रहे हैं।




दूसरी ओर, मधुमक्खी गलियारे का प्रभाव वास्तव में एक बहुस्तरीय परिवर्तन की संभावना को जन्म देता है, क्योंकि भारत में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग कृषि परिदृश्य से होकर गुजरते हैं। जब इन सड़कों के किनारे परागणकर्ता के अनुकूल पौधों और वृक्षों का रोपण किया जाता है, तो यह केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य नहीं करता, बल्कि एक जीवित पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करता है, जो आसपास के खेतों से सीधे जुड़ जाता है।

सबसे पहला प्रभाव कृषि उत्पादकता पर दिखाई देता है। मधुमक्खियां और अन्य परागणकर्ता पौधों के प्रजनन की प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाते हैं, जिससे फसलों में दानों का भराव, फल का आकार, बीज की गुणवत्ता और कुल उपज बढ़ती है। सरसों, सूरजमुखी, सेब, आम, टमाटर, कद्दू वर्गीय सब्जियां और कई तिलहन फसलें ऐसी हैं, जिनकी उत्पादकता परागण की उपलब्धता से सीधे प्रभावित होती है। जब परागणकर्ता लगातार उपलब्ध रहते हैं, तो किसानों को रासायनिक खाद और कीटनाशकों को बढ़ाने की आवश्यकता कम पड़ती है और प्राकृतिक उत्पादकता चक्र मजबूत होता है।

दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू गुणवत्ता का है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि पर्याप्त परागण होने पर फलों का आकार अधिक समान होता है, उनका पोषण मूल्य बेहतर होता है और बाजार में उनकी कीमत भी अधिक मिलती है। इस तरह मधुमक्खी गलियारा अप्रत्यक्ष रूप से किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर सकता है। तीसरा आयाम ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ा है। अगर इस पहल को योजनाबद्ध तरीके से मधुमक्खी-पालन से जोड़ा जाए, तो यह दोहरी आय का ढांचा बन सकता है।

आने वाले वर्षों में यह देखना महत्त्वपूर्ण होगा कि मधुमक्खी गलियारे की पहल कितनी व्यापक रूप से लागू होती है और इसके परिणाम कितने सकारात्मक और प्रभावी होते हैं। अगर इसे वैज्ञानिक योजना, स्थानीय ज्ञान और सामुदायिक भागीदारी के साथ लागू किया जाए, तो यह भारत में हरित बुनियादी ढांचे का एक उदाहरण बन सकता है। इस पहल का असली मूल्य पर्यावरणीय आंकड़ों से आगे उस दृष्टि में है, जिसमें सड़कें केवल शहरों और बाजारों को नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्रों को भी जोड़ती हैं। राजमार्गों की गूंज के बीच मधुमक्खियों की भनभनाहट इस ओर इंगित करती है कि प्रगति का सबसे टिकाऊ रास्ता वही है, जिसमें जीवन के सभी रूपों के लिए जगह हो।

# चैत्र नवरात्रि पालकी से आएंगी मां दुर्गा, जाएंगी हाथी से, कैसा रहेगा प्रभाव



**(आयुषी त्यागी)**

चैत्र नवरात्रि इस बार 19 मार्च गुरुवार के दिन से हो रहा है। गुरुवार के दिन मां दुर्गा का आगमन होने से मां दुर्गा का वाहन पालकी से होगा। वहीं, नवरात्रि का समापन 27 मार्च को होगा। आइए जानते हैं नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन का कैसा प्रभाव रहेगा।

चैत्र नवरात्रि का आरंभ इस बार 19 मार्च से हो रहा है। नवरात्रि में इन पावन दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरुपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन और प्रस्थान तय करता है कि आने वाले दिनों पर कैसा प्रभाव देखने को मिलेगा। मां दुर्गा के वाहन नवरात्रि किस दिन से शुरु होगा और किस दिन समाप्न होगा इससे तय किया जाता है। पंड़ित राकेश झा के अनुसार, चैत्र नवरात्रि का आरंभ इस बार 19 मार्च गुरुवार से होने वाला है। ऐसे में मां दुर्गा का वाहन पालकी होगा। आइए जानते हैं चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का पालकी पर आने का कैसा प्रभाव रहने वाला है।

शशिसूर्ये गजारूढ़ा , शनिभौमे तुरंगमे ।
गुरुशुक्रे च दोलायां बुधे नौका प्रकीर्तिता ।।
फलम् - गजे च जलदा देवी , छत्रभङ्ग तुरंगमे ।
नौकायां सर्व सिद्धिस्यात् दोलायां मरणं धुव्रम् ।।

श्रीमददेवी भागवत महापुराण के अनुसार, जब भी नवरात्रि का आरंभ 19 मार्च गुरुवार से हो रहा है तो तब तब मां दुर्गा का आगमन पालकी पर होता है। वहीं, नवरात्रि का समापन 27 मार्च को होने वाला है। जब भी मां दुर्गा का आगमन डोली पर होता है तो यह एक शुभ संकेत नहीं माना जाता है। ऐसा होने पर युद्ध जैसा हालात बनते हैं और लोगों में रोग आदि बढ़ता है। साथ ही आर्थिक उतार चढ़ाव और सामाजिक अशांति फैल सकती है।

मां दुर्गा के प्रस्थान का वाहन

शशिसूर्यदिने यदि सा विजया, महिषा गमनेरूज शोककरा,
शनिभौमे यदि सा विजया चरणायुधयानकरी विकला,
बुधशुक्रे यदि सा विजया गजवाहनगा शुभवृष्टिकरा,
सुरराजगुरौ यदि सा विजया नरवाहनगा शुभसौख्यकरा ।।

श्रीमददेवी भागवत महापुराण में बताया गया है कि जब भी माता शुक्रवार के दिन प्रस्थान करती हैं तो उनका वाहन हाथी होता है। मां दुर्गा जब भी हाथी पर प्रस्थान करती हैं तो तब अच्छी वर्षा होती है। साथ ही हिंदू नववर्ष के राजा गुरु रहेंगे। यह भी अच्छी वर्षा का संकेत दे रहे हैं। वहीं, हिंदू नव वर्ष में रोहिणी वास समुद्र में होने के कारण कुछ स्थानों पर अति बारिश के कारण जन धन हानि योग भी बन रहे हैं।

नवरात्र के दिन मां दुर्गा का वाहन

पंड़ित राकेश झा के मुताबिक श्रीमददेवी भागवत महापुराण में कहा गया है कि अगर नवरात्रि का आरंभ रविवार या सोमवार को होता है तब माता का वाहन हाथी होता है। शनिवार और मंगलवार के दिन जब भी मां दुर्गा आगमन करती हैं तब माता का वाहन घोड़ा होता है। वहीं, गुरुवार और शुक्रवार से नवरात्र का आरंभ होने से मां दुर्गा का आगमन डोली या पालकी से होता है। बुधवार के दिन नवरात्र का आरंभ जब होता है तो मां दुर्गा का आगमन तब नाव पर होता है।

मां दुर्गा का वाहन और प्रभाव

हाथी - जब भी मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है तो वह शुभ माना जाता है। अच्छी वर्षा, सुख समृद्धि बढ़ती है।

घोड़ा - माता का वाहन घोड़ा होने पर अशांति के संकेत, समय चुनौतीपूर्ण, सत्ता परिवर्तन और प्राकृतिक आपदा आदि के संकेत मिलते हैं।

डोली-पालकी - माता का वाहन पालकी होने से समय काफी संघर्षपूर्ण रहता है। आर्थिक उतार चढ़ाव, सामाजिक अस्थिरता, जन धन हानि के संकेत मिलते हैं।

नाव - मां दुर्गा का वाहन नाव होने पर बहुत ही शुभ माना जाता है। नाव वाहन होने के कारण मनोकामनाएं पूरी होती हैं। लोगों में खुशहाली और समृद्धि बढ़ती है।

# इंडो पैसेफिक में भारत कैसे बनता जा रहा है सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति?

> **हम आपको बता दें कि इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार की जीवनरेखा है। विश्व के प्रमुख समुद्री मार्ग इसी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों से संचालित होता है। इस कारण हिंद महासागर की सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्थिरता भारत के लिए केवल रणनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि आर्थिक आवश्यकता भी है। भारत ने इसी दृष्टि से अपनी विदेश नीति को समुद्री शक्ति, समुद्री संपर्क और समुद्री सहयोग से जोड़ा है।**

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार की जीवन रेखा है। विश्व के प्रमुख समुद्री मार्ग इसी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों से संचालित होता है।

21वीं सदी की वैश्विक राजनीति का केंद्र तेजी से इंडो पैसेफिक क्षेत्र बनता जा रहा है। हम आपको बता दें कि यह वही भू क्षेत्र है जहां विश्व की लगभग 65 प्रतिशत आबादी रहती है, वैश्विक सकल उत्पादन का लगभग 62 प्रतिशत हिस्सा उत्पन्न होता है और दुनिया के करीब आधे समुद्री व्यापार का संचालन होता है। ऐसे रणनीतिक और आर्थिक महत्व वाले क्षेत्र में भारत की भूमिका पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। यह केवल संयोग नहीं बल्कि भारतीय विदेश नीति की दूरदर्शिता, संतुलन और आक्रामक कूटनीति का परिणाम है।

हम आपको बता दें कि इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र वैश्विक समुद्री व्यापार की जीवन रेखा है। विश्व के प्रमुख समुद्री मार्ग इसी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं। भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों से संचालित होता है। इस कारण हिंद महासागर की सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्थिरता भारत के लिए केवल रणनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि आर्थिक आवश्यकता भी है। भारत ने इसी दृष्टि से अपनी विदेश नीति को समुद्री शक्ति, समुद्री संपर्क और समुद्री सहयोग से जोड़ा है।

भारत की भौगोलिक स्थिति भी उसे इस क्षेत्र में स्वाभाविक शक्ति बनाती है। भारत हिंद महासागर के मध्य में स्थित है और मलक्का जलडमरूमध्य जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के निकट है। यह वही मार्ग है जिससे एशिया, अफ्रीका और यूरोप के बीच भारी मात्रा में व्यापारिक जहाज गुजरते हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित द्वीपों और समुद्री मार्गों की निगरानी करने की क्षमता भारत को इस पूरे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में केंद्रीय भूमिका प्रदान करती है।

वैसे इंडो पैसेफिक में भारत की भूमिका के बढ़ने का एक बड़ा कारण चीन की बढ़ती आक्रामकता भी है। पिछले कुछ वर्षों में चीन ने दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी सैन्य और आर्थिक गतिविधियों का विस्तार किया है। बंदरगाह निर्माण, समुद्री मार्गों पर नियंत्रण और ऋृण आधारित अवसंरचना परियोजनाओं के माध्यम से चीन ने इस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास किया है। इस परिस्थिति में अनेक देशों ने भारत को संतुलन स्थापित करने वाली शक्ति के रूप में देखा है।



यही कारण है कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों ने भारत के साथ रणनीतिक सहयोग को मजबूत किया है। क्वॉड सुरक्षा संवाद जैसे मंचों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा, प्रौद्योगिकी सहयोग और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में व्यापक सहयोग विकसित हुआ है। इससे भारत की सामरिक और कूटनीतिक क्षमता दोनों में वृद्धि हुई है।

भारतीय विदेश नीति की सफलता इस बात में भी दिखाई देती है कि भारत ने इंडो पैसेफिक को केवल सैन्य दृष्टिकोण से नहीं देखा बल्कि उसे आर्थिक और विकासात्मक सहयोग के मंच के रूप में भी विकसित किया। भारत ने आसियान देशों के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। एक्ट ईस्ट नीति के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के साथ व्यापार, निवेश और संपर्क के नए मार्ग विकसित किए गए हैं।

इसके अलावा, भारत ने क्षेत्रीय संगठनों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है। हिंद महासागर रिम संघ, बिमस्टेक और अन्य बहुपक्षीय मंचों के माध्यम से भारत समुद्री सहयोग, व्यापार और संपर्क को बढ़ावा दे रहा है। इन मंचों के माध्यम से भारत क्षेत्रीय विकास और सामूहिक सुरक्षा की नीति को आगे बढ़ा रहा है।

साथ ही समुद्री अवसंरचना के क्षेत्र में भी भारत ने बड़े स्तर पर निवेश शुरू किया है। सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत देश के बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, समुद्री परिवहन का विस्तार और तटीय आर्थिक क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत लगभग एक सौ बीस अरब डॉलर के निवेश की योजना बनाई गई है। इसके अलावा भारत ने दीर्घकालिक दृष्टि से समुद्री क्षेत्र के विकास के लिए विशाल निवेश योजनाएं तैयार की हैं जिनका उद्देश्य भारत को वैश्विक समुद्री शक्ति बनाना है।

इसके अलावा, भारत की नौसैनिक क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री निगरानी, मानवीय सहायता, आपदा राहत और समुद्री सुरक्षा अभियानों में भारत सक्रिय भूमिका निभा रहा है। अनेक अवसरों पर भारत ने संकट के समय पड़ोसी देशों की सहायता कर यह साबित किया है कि वह जिम्मेदार नेतृत्व भी प्रदान कर सकता है।

देखा जाये तो इंडो पैसेफिक के संदर्भ में भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी संतुलित और समावेशी कूटनीति है। भारत किसी सैन्य गुट की राजनीति को बढ़ावा देने की बजाय मुक्त, खुले और समावेशी इंडो पैसेफिक की अवधारणा का समर्थन करता है। इस दृष्टिकोण में सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन केंद्रीय तत्व है।

आज स्थिति यह है कि इंडो पैसेफिक की किसी भी रणनीतिक चर्चा में भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं रहा है। वैश्विक शक्तियां भारत को इस क्षेत्र की स्थिरता और संतुलन का अनिवार्य स्तंभ मानने लगी हैं। यह परिवर्तन भारत की विदेश नीति की निर्णायक सफलता को दर्शाता है।

बहरहाल, यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि इंडो पैसेफिक में भारत की बढ़ती भूमिका एक नए वैश्विक शक्ति संतुलन का संकेत है। समुद्री शक्ति, आर्थिक क्षमता, सक्रिय कूटनीति और रणनीतिक साझेदारियों के संयोजन ने भारत को इस क्षेत्र की केंद्रीय शक्ति बना दिया है। आने वाले वर्षों में जब वैश्विक राजनीति का केंद्र और अधिक तेजी से इंडो पैसेफिक की ओर स्थानांतरित होगा, तब इस कहानी के केंद्र में भारत की भूमिका और भी निर्णायक होती दिखाई देगी।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# पर्वों को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विकास भवन सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी ईद-उल-फित्त, रामनवमी,चैती छठ एवं चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत में शांति समिति के सदस्यों ने अपने पूर्व के अनुभवों के आधार पर महत्वपूर्ण सुझाव दिया। समिति सदस्यों से प्राप्त सुझावों के आधार पर त्यौहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।



जिला पदाधिकारी ने सदस्यों को आश्वस्त किया सुझावों के मद्देनजर प्रशासन द्वारा उचित कदम उठाया जाएगा। जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में आगामी ईद, रामनवमी, चैती छठ एवं चैती दुर्गा पूजा को संपन्न कराने में प्रशासन को अपेक्षित सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर एहतिहातन सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। सूचनातंत्र को पूरी तरह से सक्रिय किया गया है,साथ हीं अनुमंडल एवं जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की जायेगी जो हर प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखेगी। हर स्थिति से निपटने के लिये तेज-तर्रार अधिकारियों के नेतृत्व में क्विक रिस्पांस टीम तैयार है। उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी क्षेत्रों के सभी वर्गों के गणमान्य व्यक्तियों से क्षेत्र विशेष की गतिविधियों की जानकारी एवं उनका महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त करना है। डीएम ने कहा कि ईद से पूर्व बाजारों में होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रात्रि में पेट्रोलिंग करते रहने तथा नगर निकायों में विशेष सफाई अभियान चलाने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि साइबर सेल एवं सोशल मीडिया की टीम सभी पोस्टों पर नजर बनाए हुए है। इसलिए अफवाह फैलाने वाले या आपत्तिजनक पोस्ट जिससे विधि-व्यवस्था खराब होने की संभावना है, को फैलाने से परहेज करने एवं प्रशासन को इसकी जानकारी देने की बात कही।स्थानीय पदाधिकारियों को छठ घाटों का भौतिक सत्यापन कर खतरनाक घाटों का संकेत लगाने कर बेरिकेडिंग, एसडीआरएफ और प्रकाश की व्यवस्था सौनिश्चित करने का निदेश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निरंतर भ्रमणशील रहकर विधि व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने का भी निदेश दिया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि किसी भी तरह के जूलूस के आयोजन हेतु लाइसेन्स लेना अनिवार्य होगा और निर्धारित शर्तों के अनुपालन के आधार पर ही आयोजन की अनुमति दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं राज्य सरकर के निदेश पर पर्व, त्योहार के अवसर पर डीजे का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने पर विधि-सम्मत कार्रवाई करने की बाध्यता होगी। लाउडस्पीकर के प्रयोग के लिये भी अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। जुलूसों में शस्त्र का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा।अश्लील, भड़काऊ गीत, संगीत एवं संवाद के उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं गोपनीय शाखा प्रभारी को सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की स-समय उपस्थिति की जाँच करने तथा थाना को पर्वो को लेकर रात्रि गश्ती बढाने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार, एडीएम डॉ. बिनोद कुमार, डीडीसी अमित कुमार, अपर समाहर्ता आपदा कुमार धनंजय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी अभिषेक रंजन, एसडीओ व एसडीपीओ कटिहार, बारसोई, मनिहारी, जिलास्तरीय अन्य पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित शान्ति समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे ।

## ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना परिसर में ईद-उल-फितर और रामनवमी के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने की। जबकि बीपीआरओ राजकुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

साथ ही शोभायात्रा में समय का पालन करने और डीजे संचालकों को निर्धारित दिशा-निदेशों का पालन करने को कहा गया। बैठक में पूर्व



बैठक में दोनों पर्वो को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर विभिन्न स्थानों से शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। जिसके लिए प्रशासन और आम लोगों का सहयोग जरूरी है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी से सतर्क रहने की अपील की गई। 18 वर्ष से कम उम्र के युवाओं पर विशेष निगरानी रखने और उन्हें संयमित रहने की सलाह दी गई।निर्णय लिया गया कि पर्व के दौरान दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त मुखिया नियामुतुर रहमान, पूर्व उपप्रमुख अमरेंद्र सिंह संजू, पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह, जदयू महासचिव चंद्रमोहन सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि अमरजीत सिंह, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री महेश कुमार चौधरी, सरपंच अर्जुन सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्की साह, बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रवीण रिंकू, राजीव भगत, आदित्य भगत, मो. शहबाज अंसारी तथा शौकत उर्फ कालू सहित कई जनप्रतिनिधि, पुलिस पदाधिकारी और समाजसेवी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** थाना परिसर मनसाही में रामनवमी एवं ईद के लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी एवं प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारी के बीच जन प्रतिनिधियों ने रामनवमी एवं ईद पर्व को लेकर विभिन्न तरह के चचाएं एवं बातें की। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सभी को शांतिपूर्ण माहौल में ईद एवं रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। इस अवसर पर मुखिया सह संघ के अध्यक्ष



शंकर कुमार यादव,कुरेठा पंचायात के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव, चितौड़िया पंचायत के मुखिया दीप नारायण पासवान ,प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह,उप प्रमुख संतोष कुमार यादव,पूर्व प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि निर्मल भगत, कुरेठा पंचायत समिति सदस्य फुलेश्वर उरांव,पूर्व पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे ।

### वारंटी को भेजा जेल

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रेमलाल भगत हैं। जो मनसाही थाना क्षेत्र के गाड़ीघाट के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में मेडिकल कराया जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### तीन पंचायतों में पैक्स चुनाव सम्पन्न

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड में पैक्स चुनाव 2026 को लेकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ । धुरियाही, दिलारपुर और नारायणपुर सहित विभिन्न पंचायतों में



सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं की कतारें देखने को मिली। लोग उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं और प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद थे। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है ग्रामीण इलाकों में खासकर किसानों के बीच इस चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा गया क्योंकि पैक्स से जुड़ी सुविधाएं सीधे उनके जीवन से जुड़ी होती हैं। शाम 4:30 बजे तक मतदान चला। जिसके बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई और देर शाम तक परिणाम सामने आने की संभावना है।अब देखना होगा किसके सिर सजेगी ताज।

### त्रिमुहानी गांव में इफ्तार पार्टी का आयोजन

**अमदाबाद/कटिहार (नबिटासं)।** माह - ए - रमजान के अवसर पर बुधवार को नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 6 के वार्ड



पार्षद जैबा प्रवीण एवं उनके प्रतिनिधि शेख मौसीम द्वारा अपने आवास में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों रोजेदारों ने भाग लिया और एक साथ इफ्तार कर आपसी भाईचारे, एकता और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह एवं मुख्य पार्षद बबलू मंडल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने कहा कि पवित्र माह रमजान इबादत का महीना है,जिसमें लोग रोजा रखकर अल्लाह तआला की इबादत करते हैं और अपने गुनाहों की माफी अल्लाह ताला से मांगते हैं।इस अवसर पर संजीव शाह,बंटी सिंह,आनंद कुमार पासवान, अब्दुल कैयूम, निरंजन यादव, इनामुल हक सहित बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित रहे और सभी मिलजुल कर रोजा खोला।

# डीआरएम ने किया रेल स्टेशनों का निरीक्षण

## यात्री सुविधा बढ़ाने सहित आवश्यक कार्य का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह ने मंडल के विभिन्न स्टेशन दलन, रानीपतरा, पूर्णिया, जलालगढ़, अररिया कोर्ट, अररिया एवं रहमतपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित स्टेशनों के गुड्स शेड एवं सकुर्लेटिंग एरिया का बारीकी से जायजा लिये। निरीक्षण के क्रम में स्टेशन परिसर में उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं,यात्री सेवाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं परिचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन आकलन किया गया।



मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए यात्री सुविधाओं में और अधिक सुधार तथा माल ढुलाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया। इस निरीक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता निर्माण, वरिष्ठ मंडल अभियंता-कक्र अनिल कुशवाहा, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अजितेश दास सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यात्री सुविधाओं के उन्नयन, सुरक्षा मानकों के अनुपालन एवं कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखें, ताकि यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित रेल सेवाएं प्रदान की जा सकें।

# पिता ने पुलिस से लगाई न्याय और सुरक्षा की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** मनसाही थाना क्षेत्र के एक गांव से कोचिंग पढ़ने गई एक लड़की को मनचले युवक के द्वारा उठा लिया गया। जिसके बाद लड़की के पिता ने मनसाही थाने में लिखित आवेदन देते हुए पुलिस से आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में पीड़ित पिता ने कोढ़ा थाना क्षेत्र के भैंस दियारा के रहने वाले करण कुमार को नामजद आरोपी बनाते हुए पुलिस से न्याय के गुहार लगाई है।

वहीं इस संबंध में जब लड़की के भाई ने कजरा के रहने वाले आरोपी के रिश्तेदार से बात करने पहुंचे तो लड़की के भाई को भी आरोपी के रिश्तेदारों ने तेज हथियार से सर पर वार करते हुए घायल कर दिया। पुलिस ने लड़की के पिता द्वारा दिए गए आवेदन एवं उनके पुत्र पर किए जानलेवा हमले को गंभीरता से लेते हुए अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने भी इस तरह के मामलों पर पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की । ताकि ऐसे मनचलों को न सिर्फ सबक सिखाया जा सके बल्कि पिता अपने बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंता मुक्त रहे। इस संबंध में थानाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में पुलिस अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। जल्द ही इस मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

# कोढ़ा पुलिस ने कई बर्षो से फरार आरोपी को दबोचा

## कांड संख्या 56/26 का मुख्य अभियुक्त जितेंद्र चौरसिया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में कोढ़ा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने थाना कांड संख्या 56/26 के प्राथमिक अभियुक्त जितेंद्र चौरसिया उर्फ हैप्पी चौरसिया को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महेशपुर निवासी बीरेंद्र प्रसाद चौरसिया के पुत्र जितेंद्र चौरसिया (44) के रूप में हुई है। वह लंबे समय से पुलिस की रडार पर था और कोढ़ा थाना में दर्ज कांड संख्या 56/26 में मुख्य आरोपी था। जितेंद्र चौरसिया उर्फ



हैप्पी चौरसिया महेशपुर, थाना-कोढ़ा, जिला- कटिहार गुप्त सूचना के आधार पर कोढ़ा थाना पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोचा। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा । इस गिरफ्तारी से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस अब इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित कड़ियों की जांच में जुट गई है।

# पैक्स चुनाव में 64.97 फीसदी हुआ मतदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सौरिया पैक्स का चुनाव बुधवार को तीन मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। चुनाव को लेकर सुबह सात बजे से हीं मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतार देखी गई। कतारों में महिला मतदाताओं की संख्या भी खासी रही।वहीं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी।



अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह, एएसआई सुमन कुमार पुलिस बलों के साथ मुस्तैद थे तो प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश एवं थानाध्यक्ष विजय महतो को भी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते देखा गया।अध्यक्ष पद के दोनों अभ्यर्थियों के खेमें में उत्साह का माहौल देखा गया।बीडीओ ने बताया कि तीनों मतदान केन्द्रों पर चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।कुल 1716 मतदाताओं में 1115 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 720 तथा महिलाओं की संख्या 395 रही है।

उन्होंने बताया कि 64.97 प्रतिशत मतदान हुआ है। बीडीओ ने बताया कि बीआरसी भवन में स्थापित बज्रगृह में हीं देर शाम मतपत्रों की मणना कराई जाएगी।

# कांग्रेस कार्यकताओं का विधायक के खिलाफ प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के तीन एवं राजद के एक विधायक के द्वारा वोट में शामिल नहीं होने के विरोध में मनसाही के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के झंडे के साथ कजरा चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए ऐसे विधायकों को पार्टी से बाहर करने की मांग की। जनता के जनादेश का अपमान करने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष से आवश्यक कार्रवाई की मांग किया है।



कांग्रेस नेत्री ई. मीनाक्षी श्वेता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ऐसे विधायकों को पार्टी का जयचंद बताते हुए पार्टी और जनता दोनों का विश्वास तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विरोध में खड़े विधायक अपने आप को बंधुआ मजदूर नहीं होने की बात कर रहे हैं। अगर उन्हें अपने पर इतना ही विश्वास हैं तो वे बिना पार्टी के निर्दलीय चुनाव लड़के दिखाएं। उन्हें उनकी हैसियत पता चल जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस के नईम खान, जमशेद आलम, खुर्शीद आलम उर्फ राजा, आजाद कुमार यादव, सुनील यादव, मजहर आलम, किशोर कुमार आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऑयल इंडिया पंप स्टेशन पर ऑफ साइट मॉकड्रिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गेड़ाबाड़ी फलका रोड स्थित ऑयल इंडिया पंप स्टेशन संख्या-09 डुमर में एक दिवसीय लेवल-3 ऑफ साइट मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी कटिहार के निर्देश पर आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित बचाव एवं सुरक्षा उपायों का अभ्यास करना था। मॉकड्रिल का आयोजन नाहरकटिया-बरौनी पाइपलाइन के गेड़ाबाड़ी पिलर के समीप किया गया। जहां संभावित दुर्घटनाओं को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया।





इस दौरान यह दशार्या गया कि यदि क्रूड ऑयल पाइपलाइन में किसी कारणवश तेल का रिसाव होकर आग लग जाए तो किस प्रकार त्वरित कार्रवाई कर स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आपदा प्रबंधक पदाधिकारी रितिका भारती मौजूद रहीं। इसके अलावा कटिहार अग्निशमन पदाधिकारी गौतम कुमार, अग्निशमन पदाधिकारी साधना भारती, कोढ़ा अंचलाधिकारी संजीव कुमार, मुख्य पार्षद धीरज कुमार सिंह, ऑयल इंडिया पंप स्टेशन संख्या-08 के जनरल मैनेजर निर्मल दत्त, एचपीसीएल की सुमित्रा जायसवाल, कोढ़ा थाना के अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, एसआई विवेक कुमार सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। ऑयल इंडिया की ओर से डिप्टी चीफ इंजीनियर अलाकेश डेका, एसी सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर सीके. मंचेखून एवं टेलीकॉम इंजीनियर भारत सिंह रावत ने मॉकड्रिल की विस्तृत जानकारी दी।

अभ्यास के दौरान पाइपलाइन में तेल रिसाव और आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसमें आग पर काबू पाने के लिए अग्निशामक यंत्र, पानी एवं फोम का उपयोग किया गया। साथ ही एक मजदूर के घायल होने की स्थिति का भी अभ्यास किया गया, जिसमें उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया। लगभग एक घंटे तक चले इस मॉकड्रिल में फायर ब्रिगेड, प्राथमिक उपचार, बचाव कार्य एवं विभिन्न आपदा प्रबंधन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के मॉकड्रिल कार्यक्रमों का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। ताकि किसी भी बड़ी दुर्घटना में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

## जियो लेकर आ रहा है देश का सबसे बड़ा आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपनी टेलीकॉम यूनिट जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम की तैयारियों में जुट गई है। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि कंपनी इस महीने के आखिर तक दिसंबर तिमाही के वित्तीय नतीजों के साथ ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर सकती है। मंगलवार को कंपनी ने इस प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत करते हुए 17 बैंकरों को इससे जोड़ा है। इस आईपीओ को सफल बनाने के लिए नौ अंतरराष्ट्रीय बैंकों का चयन सलाहकार की




भूमिका के लिए किया गया है। इनमें मॉर्गन स्टेनली, एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी, जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी, सिटीग्रुप इंस और गोल्डमैन सैक्स ग्रुप इंक जैसे नाम शामिल हैं। वहीं, घरेलू सलाहकारों में कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड प्रमुख हैं। गौरतलब है कि सरकार द्वारा लिस्टिंग से जुड़ी शर्तों में बदलाव के बाद आईपीओ की योजना ने गति पकड़ी है। अब बड़ी कंपनियों को अपनी महज 2.5 फीसदी हिस्सेदारी ही सार्वजनिक करनी होगी। अरबपति मुकेश अंबानी की प्रमुख कंपनी रिलायंस की किसी बड़ी इकाई का करीब दो दशकों में यह पहला आईपीओ होगा।

## खत्म होगा टाटा की टाटा स्टील कंपनी का वजूद...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा स्टील के कारोबार से जुड़ी एक अहम खबर है। दरअसल, टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने मंगलवार को नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) के अपने साथ विलय को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ अब नीलाचल इस्पात का



वजूद खत्म हो जाएगा। बता दें कि टाटा स्टील ने चार जुलाई 2022 को ओडिशा स्थित नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड का अधिग्रहण अपनी पूर्व सब्सिडयरी टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स (टीएसएलपी) के माध्यम से 12,100 करोड़ रुपये में पूरा किया था। नीलाचल का मुख्यालय ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में है। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि इस विलय से उसकी परिचालन दक्षता और कारोबारी तालमेल बेहतर होगी। वित्तीय प्रबंधकीय एवं तकनीकी संसाधनों, कर्मचारियों, क्षमता, कौशल, विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी के एक साथ हो जाने से प्लांट्स का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा, लागत में कमी आएगी और शेयरधारकों को अधिकतम लाभ मिलेगा। टाटा स्टील ने पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडयरी कंपनी टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई (टीएसएचपी) में दो अरब डॉलर (18,488.10 करोड़ रुपये) के निवेश को मंजूरी दे दी है। टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2026-27 से एक या एक से अधिक किस्तों में टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई के शेयरों की खरीद के माध्यम से इस निवेश को मंजूरी दी। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि निदेशक मंडल ने मणिपाल हॉस्पिटल्स ईस्टर्न इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से मेडिका टीएस हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड (मेडिका टीएस हॉस्पिटल) में 1.49 करोड़ रुपये में हिस्सेदारी के अधिग्रहण को भी मंजूरी दे दी है। हालांकि यह सौदा आवश्यक मंजूरी के अधीन है। इस डील के पूरा होने के बाद मेडिका टीएस हॉस्पिटल टाटा स्टील लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन जाएगी।

# पेट्रोल-डीजल के दाम कई देशों में 72 प्रतिशत तक उछले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ चुके हैं, लेकिन अभी तक भारत के लोगों के लिए राहत है। ईरान-इजरायल युद्ध की आग में जल रहे मिडिल-वेस्ट के चलते कच्चे तेल में उबाल है। इसका असर ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है। 23 फरवरी 2026 को जहां दुनिया भर में ईंधन की कीमतें सामान्य स्तर पर थीं, वहीं ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से हालात पूरी तरह बदल गए। ब्रेंट क्रूड ने 71 डॉलर प्रति बैरल से छलांग लगाते हुए 100 डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया। यह करीब 45 प्रतिशत की बढ़ोतरी है, जो ग्लोबल एनर्जी मार्केट में युद्ध की गंभीर आशंकाओं को साफ दर्शाता है। इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ना शुरू हो गया है। ग्लोबल पेट्रोल प्राइस डॉट कॉम के मुताबिक ग्लोबल लेवल पर पेट्रोल की औसत कीमतें 1.20 डॉलर प्रति लीटर से बढ़कर 1.27 डॉलर पर पहुंच गई हैं। जबकि, डीजल ने तो और भी तेज रफ्तार दिखाई है। डीजल की औसत कीमत 1.20 डॉलर से 1.33 डॉलर प्रति लीटर पर जा पहुंची। ये आंकड़े बताते हैं कि डीजल पर युद्ध की मार कहीं ज्यादा भारी पड़ी है। लाओस में डीजल ने 72.4 प्रतिशत की छलांग लगाई है। वियतनाम में पेट्रोल की कीमतों में 50 प्रतिशत और डीजल में 65.8 प्रतिशत का उछाल आया है। कंबोडिया में डीजल 37.3 प्रतिशत महंगा हुआ है। ये आंकड़े बताते हैं कि दक्षिण पूर्व एशिया के इन देशों में ईंधन संकट ने विकराल रूप ले लिया है। अफ्रीकी देश नाइजीरिया में पेट्रोल 39.5 प्रतिशत और डीजल 62.5 प्रतिशत महंगा हो चुका है। वहीं अमेरिका में भी डीजल में 27.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्यूर्टो रिको में तो डीजल 25.1 प्रतिशत महंगा हुआ है।

यूरोपीय देशों में जर्मनी सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है। यहां डीजल 25.3 प्रतिशत

### भारत, चीन, रूस और सऊदी अरब में राहत



महंगा हुआ है। स्पेन में भी डीजल ने 25.6 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया है। बेल्जियम, डेनमार्क और फ्रांस में भी डीजल के रेट 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़े हैं।

हैरानी की बात है कि भारत, चीन, रूस और सऊदी अरब जैसे बड़े देशों में अभी तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, मैक्सिको और वेनेजुएला सहित तमाम देश ऐसे हैं, जहां कीमतें स्थिर हैं। यह साफ दिखता है कि ये सरकारें या तो सब्सिडी दे रही हैं या फिर कीमतों को नियंत्रित कर रही हैं। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का दबाव तो भारत पर भी पड़ रहा है। इधर देश के 5 राज्यों में चुनाव का भी ऐलान हो चुका है। ऐसे में कई विशेषज्ञों को लगता है कि चुनाव से पहले शायद की पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े।

क्रूड में हर 1 डॉलर की बढ़ोतरी से सालाना आयात बिल में लगभग 2 अरब डॉलर का इजाफा होता है। अभी क्रूड 100 डॉलर के पार बना हुआ है। इसका असर ये होगा कि आयात बिल बढ़ेगा, रुपये पर दबाव बढ़ेगा, सरकारी खर्च बढ़ेगा। इन चीजों से इससे अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। यही नहीं, ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स, एविएशन,मैन्युफैक्चरिंग सब पर असर पड़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर युद्ध जारी रहता है इसका असर लंबे समय तक रह सकता है। कुछ देशों में तो कीमतें घटी भी हैं। फिजी में पेट्रोल 4.3 प्रतिशत और डीजल 1.8 प्रतिशत सस्ता हुआ है। मेडागास्कर में दोनों में 4 प्रतिशत की गिरावट आई है। जांबिया में पेट्रोल 4.6 प्रतिशत सस्ता हुआ है।

## सरकार ने आईडीबीआई बैंक को लेकर बदला मन, दोबारा शुरू करनी पड़ रही प्राइवेटाइजेशन की पूरी प्रक्रिया

### पुराने बोलीदाताओं को मिलेगी छूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने आईडीबीआई बैंक के प्राइवेटाइजेशन की पूरी प्रक्रिया को फिर से शुरू करने का मन बना लिया है। दरअसल, पिछले हफ्ते मिले वित्तीय बोलियों के आंकड़े सरकार द्वारा तय किए गए रिजर्व प्राइस से काफी कम थे, जिसके चलते यह प्रक्रिया रोक दी गई थी। ईटी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि अब इस मामले को विनिवेश से जुड़ी एक अहम मंत्री समूह की बैठक में रखा जाएगा, जहां इस पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। शुरुआती चर्चाओं में यही राय बनती दिख रही है कि प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर आगे बढ़ना चाहिए। करीब पांच सालों से बैंक में हिस्सेदारी बेचने की कोशिश में जुटी सरकार अब पूरी प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा करेगी। खासतौर पर उस तंत्र की जांच होगी, जिसके तहत आईडीबीआई बैंक के लिए रिजर्व प्राइस तय किया गया था। जानकारों का कहना है कि सीमित सार्वजनिक हिस्सेदारी वाले बैंकों के लिए स्टॉक प्राइस के आधार पर रिजर्व प्राइस तय करना सही नहीं है, क्योंकि इससे बाजार में हेरफेर का खतरा बना रहता है।

**बैंक के शेयर की कीमत में करीब 19 प्रतिशत की गिरावट:** फिलहाल सरकार के पास बैंक में 45.48 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि के पास 49.24 प्रतिशत हिस्सा है। बाकी बचा करीब 5 प्रतिशत हिस्सा आम जनता के पास है। वित्तीय बोलियां रद्द होने के बाद से बैंक के शेयर की कीमत में करीब 19 प्रतिशत की गिरावट आई है। मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यह 74.28 रुपये पर बंद हुआ, जो इसके 52 हफ्तों के निचले स्तर 72 रुपये के करीब है। बता दें कि प्रेम वत्सा की फेयरफैक्स फाइनेंशियल और अमीरात के एमिरेट्स एनबीडी ने ही इस प्रक्रिया में वित्तीय बोलियां दाखिल की थीं। एक अधिकारी ने बताया कि भले ही यह प्रक्रिया नए सिरे से शुरू हो रही है, लेकिन अगर पुराने बोलीदाता दोबारा बोली लगाना चाहते हैं, तो उन्हें एजेंसियों और रेगुलेटर से दोबारा मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। इससे प्रक्रिया में और देरी नहीं होगी। हालांकि, अगर कोई नया




बोलीदाता आता है, तो उसके दस्तावेजों की नियमों के मुताबिक फिर से जांच की जाएगी। अधिकारी ने यह भी साफ किया कि आईडीबीआई बैंक को किसी दूसरे सरकारी बैंक में मिलाने की कोई योजना नहीं है।

### आरबीआई की मंजूरी और आगे की राह

इस बार भी वही प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जो पिछली बार थी। सफल बोलीदाता को के 'फिट एंड प्रॉपर' मापदंडों पर खरा उतरना होगा, जिसके बाद ही उसे अंतिम मंजूरी मिलेगी। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा आयोग सहित कई दूसरे नियामकों और सांविधिक संस्थानों से भी मंजूरी लेनी होगी। साथ ही, बैंक के छोटे निवेशकों (माइनॉरिटी शेयरहोल्डर्स) को अपने शेयर बेचने का ऑफर देना (ओपन ऑफर) भी सफल बोलीदाता के लिए जरूरी होगा।

### एयरलाइंस को सख्त निर्देश

## 60 प्रतिशत सीटें फ्री कर दी गई... हवाई यात्रियों के लिए बड़ी राहत, सरकार ने बदले नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के एविएशन सेक्टर से हवाई यात्रियों के लिए बड़ी राहत वाली खबर सामने आई है। सरकार अब 'पैसेंजर-फर्स्ट' यानी यात्री को प्राथमिकता देने वाले अप्रोच पर तेजी से काम कर रही है। इसी के तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कई अहम फैसले लिए हैं, जिनका मकसद सफर को ज्यादा आसान, सस्ता और सुविधाजनक बनाना है। इनमें सबसे बड़ा फैसला सीट आवंटन के नियमों में बदलाव का है। अब एयरलाइंस को कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध करानी होंगी। इसके अलावा, सरकार की नई पहल के तहत अब एयरपोर्ट्स पर यात्री कैफे खोले जाएंगे, जहां यात्रियों को किफायती दरों पर खाना-पीना मिलेगा। यह कदम खासतौर पर उन यात्रियों के लिए राहत भरा होगा, जो एयरपोर्ट पर महंगे खाने से परेशान रहते हैं।

नए नियमों के मुताबिक, एयरलाइंस को अपनी कम से कम 60 प्रतिशत सीटें यात्रियों को मुफ्त में चुनने के लिए देनी होंगी। यानी अब सीट सिलेक्शन के लिए अतिरिक्त पैसे देने की मजबूरी काफी हद तक खत्म हो जाएगी। साथ ही, एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे



परिवारों और समूहों को अब अलग-अलग सीटों पर नहीं बैठाया जाएगा। एयरलाइंस को निर्देश दिया गया है कि ऐसे यात्रियों को जहां तक संभव हो, साथ में सीट दी जाए।

इसके अलावा, खेल इक्विपमेंट और म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स ले जाने को लेकर भी नियमों को आसान और पारदर्शी बनाया जा रहा है। अब यात्रियों को पहले से साफ जानकारी मिलेगी कि क्या और कैसे ले जाया जा सकता है। इसी तरह, पालतू जानवरों (पेट्स) के साथ यात्रा करने वालों के लिए भी एयरलाइंस को स्पष्ट और आसान नियम जारी करने होंगे। सरकार ने एयरलाइंस को यह भी सख्त निर्देश दिए हैं कि फ्लाइट लेट होने, कैंसिल होने या ओवरबुकिंग की स्थिति में यात्रियों के अधिकारों का पूरा पालन किया जाए। अब एयरलाइंस को अपने वेबसाइट, मोबाइल ऐप, टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म और एयरपोर्ट काउंटर पर यात्रियों के अधिकार साफ-साफ दिखाने होंगे, ताकि किसी को भी जानकारी की कमी न हो। इतना ही नहीं, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन जानकारियों को क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। कुल मिलाकर, ये नए नियम हवाई यात्रा को ज्यादा पारदर्शी, सस्ती और यात्री-फ्रेंडली बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माने जा रहे हैं।

## सहारा ग्रुप के जमाकर्ताओं को लौटाए गए 8800 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संसद को बताया कि पिछले महीने तक 'सहारा ग्रुप ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज' के 40 लाख से अधिक जमाकर्ताओं को 8,800 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि फरवरी 2026 तक, 'सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल' पर निवेशकों द्वारा 1.45 करोड़ आवेदन और 4.06 करोड़ दावे किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''सहारा सहकारी समितियों के समूह के 40,33,448 निवेशकों को 8,783.55 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है।'' आदेशों के अनुपालन में 'रिफंड' प्रक्रिया चलाई जा रही है। शाह ने कहा, ''भुगतान सीधे वास्तविक जमाकर्ताओं के आधार से जुड़े बैंक खाते में किया जाता है।'' वर्तमान में, आधार से जुड़े बैंक खाते के माध्यम से सत्यापित दावों के आधार पर 'सहारा ग्रुप ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज' के प्रत्येक



वास्तविक जमाकर्ता को 50,000 रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है। जमाकर्ताओं को आवेदन में, किसी भी प्रकार की कमी होने पर अपना आवेदन पुनः जमा करने के लिए कहा गया है।

**न्यायालय का आदेश:** न्यायालय ने आदेश दिया है कि 'सहारा-सेबी रिफंड खाते' से सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार को 5,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि हस्तांतरित की जाए और जमाकर्ताओं को रिफंड के वितरण के लिए 31 दिसंबर 2026 तक का समय दिया गया है। सहकारिता मंत्री ने एक अन्य प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि सहकारी समितियों द्वारा संचालित 'भारत टैक्सी' के 1 मार्च तक 21.34 लाख पंजीकृत उपयोगकर्ता और 2.31 लाख ड्राइवर हैं। आठ राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं द्वारा स्थापित भारत टैक्सी की आधिकारिक शुरूआत 5 फरवरी को की गयी थी। शाह ने कहा, ''एक मार्च 2026 तक भारत टैक्सी के 21.34 लाख पंजीकृत उपयोगकर्ता और 2.31 लाख पंजीकृत सारथी (ड्राइवर) हैं।'' फिलहाल, भारत टैक्सी सेवा दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद (दिल्ली-एनसीआर) और अहमदाबाद, राजकोट, सोमनाथ और द्वारका (गुजरात) में उपलब्ध है। शाह ने कहा कि भारत टैक्सी का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध तरीके से छोटे शहरों में अपनी सेवा का विस्तार करना है और देश भर में तहसील स्तर तक सेवाएं प्रदान करना है। मंत्री ने कहा कि भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म 'जीरो-कमीशन' मॉडल पर काम करता है, जिसमें मुनाफे का सीधा वितरण चालकों को किया जाता है।

## 8वें वेतन आयोग का बड़ा ऐलान, केंद्रीय कर्मचारियों को मिल गई नई डेडलाइन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का केंद्रीय कर्मचारियों को बेसब्री से इंतजार है। वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने में 18 से 20 महीने लग जाएंगे लेकिन इससे पहले केंद्रीय कर्मचारियों समेत अन्य हितधारकों को अपने सुझाव देने का सुनहरा मौका है। दरअसल, बीते दिनों आठवें वेतन आयोग ने एक वेबसाइट को लॉन्च किया और साथ में लोगों से सुझाव या राय मांगे। अब ताजा खबर ये है कि वेतन आयोग को सुझाव सौंपने की डेडलाइन बढ़ा दी गई है। अब अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तय की गई है। इस कदम को कर्मचारियों के लिए एक बड़ा अवसर माना जा रहा है, क्योंकि वे सीधे तौर पर अपने सुझाव आयोग तक पहुंचा सकते हैं। वेतन आयोग ने पोर्टल पर 18 सवालों का एक विस्तृत प्रश्नावली जारी किया है। इस प्रश्नावली के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्रालयों, विभागों, केंद्र शासित प्रदेशों, न्यायिक अधिकारियों, कोर्ट कर्मचारियों, नियामक संस्थाओं के सदस्यों, कर्मचारी संगठनों, पेंशनर्स, शोधकर्ताओं और आम नागरिकों से राय मांगी गई है। अहम बात है कि जवाब देने वाले के नाम का खुलासा नहीं होगा और प्रश्नावली के उत्तरों का विश्लेषण सामूहिक रूप से, बिना किसी विशेष व्यक्ति को पहचाने, किया जाएगा। कहने का मतलब है कि इस प्रक्रिया में गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा गया है।

## टॉप पिक्स: टेक महिंद्रा, विप्रो समेत 5 स्टॉक्स में हैं बड़े अपडेट्स, निवेशकों की रहेगी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान युद्ध को लेकर सतर्कता के बीच वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बाद भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी-50 के बुधवार को स्थिर रुख के साथ खुलने की उम्मीद है। इस बीच हम आपके लिए 5 ऐसे स्टॉक्स लाए हैं, जिनमें बड़े अपडेट्स हैं। इन अपडेट्स की वजह से आज इनमें बड़ी हलचल की उम्मीद है। इनमें मफतलाल इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा,हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, विप्रो और सीगल इंडिया शामिल हैं। कंपनी को ओडिशा कंप्यूटर एप्लीकेशन सेंटर (ओसीएसी) से 114 करोड़ रुपये का पांच साल का ऑर्डर मिला है। इसके तहत, ओडिशा के 16 जिलों में 500 रोबोटिक लैब स्थापित की जाएंगी। मफतलाल इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को करीब 1 फीसद ऊपर 115.15 रुपये पर बंद हुए थे। इस साल अबतक करीब 24 प्रतिशत का नुकसान कराने वाले इस स्टॉक ने शुरुआत से करीब 55 प्रतिशत का फायदा भी पहुंचाया है। कंपनी की सहायक कंपनी टेक महिंद्रा लंदन ने मिदाद कंपनी से टेक महिंद्रा



अरबिया में उसकी 20 प्रतिशत हिस्सेदारी 206.2 करोड़ रुपये में खरीदने के लिए समझौता किया है। इसके बाद टेक महिंद्रा अरबिया पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी। टेक महिंद्रा के शेयर मंगलवार को मामूली तेजी के साथ 1339.70 रुपये पर बंद हुए थे। इस साल अब तक इसमें करीब 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। अगर शुरुआत से अबतक के रिटर्न की बात करें तो इसने 889 प्रतिशत का छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। कंपनी ने 'एजेंटवर्स' नाम से एक एंटरप्राइज एजेंट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। इसमें 600 से अधिक तैनाती के लिए तैयार एआई एजेंट शामिल हैं। 1.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 410 रुपये पर बंद हुए थे। इस साल अबतक इसमें करीब 46 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। शुरुआत से अबतक इसने करीब 50 प्रतिशत का निगेटिव रिटर्न दिया है। कंपनी ने एआई सॉफ्टवेयर डिलीवरी प्लेटफॉर्म कंपनी, हार्नेस के साथ सहयोग की घोषणा की है। इसका उद्देश्य वैश्विक उद्यमों को बेहतर मोमेंटम के साथ एआई नेटिव सॉफ्टवेयर डिलीवरी में मदद करना है। विप्रो के शेयर मंगलवार को दो प्रतिशत से अधिक नुकसान के साथ 191.10 रुपये पर बंद हुए। इस साल अबतक इसने अपने निवेशकों को 28 फीसद से अधिक का निगेटिव रिटर्न दिया है। शुरुआत से अबतक की बात करें तो इसने 2669 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। कंपनी की सहायक कंपनी सीगल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स पंजाब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से 207 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं के लिए सबसे कम बोलीदाता बनकर उभरी है। ये परियोजनाएं लुधियाना में विश्व स्तरीय शहरी सड़कों के निर्माण से संबंधित हैं। सीगल इंडिया के शेयर मंगलवार को 2.44 पर्सेंट की तेजी के साथ 279 रुपये पर बंद हुए। इस साल अबतक यह 2.69 पर्सेंट का रिटर्न दे चुका है।

### इन शहरों में मिलेगी सुविधा

## स्पीड पोस्ट की नई सेवाएं, तय समय पर डिलीवरी नहीं तो पैसा वापस!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय संचार मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को डाक विभाग की 3 नई सेवाओं की शुरुआत की है। इनमें 24 स्पीड पोस्ट, 24 स्पीड पोस्ट पार्सल तथा 48 स्पीड पोस्ट शामिल हैं। इनके जरिए अब जरूरी डॉक्यूमेंट्स और पार्सल महज 24 घंटे के भीतर गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। देरी होने पर पैसे वापसी की गारंटी भी दी जाएगी। इस मौके पर सिंधिया ने कहा कि आज का दिन हमारे विभाग के लिए काफी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में इंडिया पोस्ट देश के हर नागरिक और वैश्विक ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। इस पहल को इंडिया पोस्ट और उसके करोड़ों ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए सिंधिया ने कहा कि ये सेवाएं विश्वसनीयता, जवाबदेही और उत्कृष्ट सेवा के प्रति नई प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। उन्होंने सेवाओं के व्यापक परीक्षण और सुधार में लगे डाक कर्मचारियों के समर्पण की भी सराहना की। भारतीय डाक विभाग की नई सेवाएं भारत के लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इनके माध्यम से विभाग एक्सप्रेस डिलीवरी सेगमेंट में अपनी स्थिति को और मजबूत कर रहा है तथा प्रमुख महानगरों में विश्वसनीय, सुरक्षित और समयबद्ध डिलीवरी समाधान उपलब्ध करा रहा है। डाक विभाग की इन सेवाओं का लाभ फिलहाल देश के छह प्रमुख शहरों में मिलेगा। पहले चरण में यह सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होंगी। मार्च 2027 तक इसे देशभर में शुरू करने का लक्ष्य है। निर्धारित समयसीमा का पालन करने के लिए विभाग प्राथमिकता आधारित हवाई परिवहन का उपयोग



करेगा। इससे ई-कॉमर्स कंपनियों, एमएसएमई, स्टार्टअप्स और व्यापारिक संस्थानों को तेज और प्रभावी पार्सल मूवमेंट में विशेष लाभ मिलेगा। पहली बार '24 स्पीड पोस्ट' सेवा के तहत रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी डिलीवरी की जाएगी। साल में केवल तीन राष्ट्रीय अवकाशों (26 जनवरी, 15 अगस्त और 2 अक्टूबर) को छोड़कर यह सेवा साल के 362 दिन चालू रहेगी। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए पार्सल की डिलीवरी ओटीपी सत्यापन के बाद ही की जाएगी।

# यहां स्वयं प्रगट हुई थी माता झालखण्डी

## चैत नवमी से शुरू होता है विशेष अनुष्ठान



## कई राज्यों से यहां पहुंचते हैं श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तरहसी।** प्रखंड क्षेत्र की मंझौली पंचायत के मंझीगांवा गांव स्थित मां झालखंडी मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का बड़ा केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना माता रानी पूरी करती हैं। यही कारण है कि चैत माह में यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ता है।

झारखंड ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्य बिहार, उत्तरप्रदेश सहित अन्य इलाकों से भी प्रतिदिन हजारों भक्त माता के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। चैत माह में यहां उमड़ने वाली भीड़ इस बात की गवाही देती है कि क्षेत्र ही नहीं, आसपास के जिलों और राज्यों के लोगों के मन में भी माता के प्रति गहरी श्रद्धा है।

मंदिर में चैत नवमी से विशेष धार्मिक अनुष्ठान शुरू होता है, जो चैत पूर्णिमा तक चलता है। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और जयकारों से गूंज उठता है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग जाती हैं और दिनभर पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहता है।मां झालखंडी मंदिर की पहचान केवल एक धार्मिक स्थल के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे आस्था केंद्र के रूप में है, जो अपनी प्राचीनता और चमत्कारिक मान्यताओं के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। स्थानीय लोगों के अनुसार माता की प्रतिमा किसी व्यक्ति द्वारा स्थापित नहीं की गई थी, बल्कि वह स्वयं भूमि से प्रकट हुई थी। यही मान्यता इस मंदिर को विशेष बनाती है। स्थानीय स्तर पर यह भी कहा जाता है कि यह ऐसा दुर्लभ मंदिर है, जहां माता की प्रतिमा की पारंपरिक प्राण-प्रतिष्ठा नहीं हुई, बल्कि वे स्वयं प्रकट हुईं।

मंदिर के प्रधान पुजारी नंदलाल मिश्रा बताते हैं कि उनके पूर्वज राजा मेदिनीराय के प्रधान पुजारी रामदत्त मिश्रा थे। उन्हें स्वप्न में माता रानी ने एक विशेष स्थान के बारे में संकेत दिया था। जब उस स्थान की खोज की गई, तो वह घने जंगल के बीच मिला। वहां खुदाई के दौरान माता की मूर्ति से रक्तस्राव जैसा दृश्य दिखाई दिया।

इस घटना को लोगों ने माता का चमत्कार माना। मान्यता है कि जमीन के भीतर से प्रकट हुई वनदेवी मां की प्रतिमा खून से लथपथ अवस्था में मिली थी, जिसके बाद यहां विधिवत पूजा-अर्चना शुरू कराई गई।

पुजारी के अनुसार, इस मंदिर का अब तक तीन बार जीर्णोद्धार कराया जा चुका है। मंदिर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2:30 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहता है। श्रद्धालु यहां माता को चुनरी, नारियल, श्रृंगार सामग्री और अन्य पूजन सामग्री अर्पित करते हैं।

प्रतिदिन मां को स्नान कराकर नई चुनरी पहनाई जाती है। इसके बाद फूल, फल, मेवा, मिश्री और नारियल का भोग लगाकर विधिवत पूजा-पाठ किया जाता है।बताया जाता है कि वर्ष 1965 से मां झालखंडी मंदिर में नियमित रूप से पूजा-अर्चना शुरू हुई, जो आज तक अनवरत जारी है।

# रजरप्पा मंदिर को ले हाई कोर्ट सख्त

## उपायुक्त और पर्यटन सचिव को हाजिर होने का दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत में रामगढ़ के मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े अवमानना याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने रामगढ़ डीसी को पूर्व में दिए गए आदेशों का हर हाल में पालन करने का निर्देश दिया। रामगढ़ डीसी सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित थे।

कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 25 मार्च को निर्धारित करते हुए इस दिन रामगढ़ के उपायुक्त और पर्यटन सचिव को हाजिर होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने दोनों से पूछा है कि अब तक के आदेशों का कितना पालन किया गया। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि कोर्ट के कुछ आदेशों का पालन किया गया है कुछ शेष है। आठ चेंजिंग रूम बनाए गए हैं। स्ट्रीट लाइट लगा दिया गया है।

## इथेनॉल उद्योग संकट में

**पटना।** बिहार में ग्रेन आधारित इथेनॉल उद्योग गंभीर संकट से गुजर रहा है। राज्य के 10 प्रमुख इथेनॉल प्लांट बंद हो चुके हैं। इसका प्रभाव उद्योग, रोजगार के साथ किसानों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। प्लांट बंद होने के पीछे मुख्य कारण इथेनॉल आपूर्ति में 50 से 55 प्रतिशत आपूर्ति पर रोक एवं आयल कंपनियों द्वारा इथेनॉल खरीद से कन्नी काटना माना जा रहा है।

यही कारण है कि बक्सर जिले के नवानगर स्थित इथेनॉल प्लांट को दिनांक 17 मार्च से एक माह के लिए बंद कर दिया गया है। प्रबंधन द्वारा सभी कर्मचारियों को अवकाश पर भेजने का आदेश जारी किया गया है। अब प्लांट के संचालन को अगले तिमाही (मई से जुलाई) के लिए संभावित आदेश पर निर्भर बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, यह समस्या केवल एक प्लांट तक सीमित नहीं है, बल्कि बिहार के लगभग सभी इथेनॉल प्लांट इसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा नवंबर 2025 से बिहार से इथेनॉल की खरीद में कमी की गई है।

# महापौर सहित पार्षदों को दिलायी गयी शपथ



## विकास व पारदर्शिता का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चास।** चास नगर निगम सभागार में मंगलवार को आयोजित भव्य समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा ने नव निर्वाचित महापौर भोलू पासवान सहित 35 वार्डों से चुने गए पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान पूरे सभागार में उत्साह का माहौल रहा। समर्थकों और आम नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

जनप्रतिनिधियों ने इस मौके को ऐतिहासिक बताते हुए नगर के विकास में नई दिशा देने की बात कही। चास नगर निगम परिसर में उत्सव का माहौल रहा। नव निर्वाचित महापौर भोलू पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम कार्यालय पूरी तरह जनता का कार्यालय है और यहां किसी भी नागरिक को आने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता सभी लंबित कार्यों को जल्द पूरा करना और विकास कार्यों में तेजी लाना होगा। हम सब मिलकर चास को फिर से एक नंबर का चास बनाएंगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रांजल ढांडा, सभी अधिकारियों ने नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई दी और बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर जोर दिया।

शपथ ग्रहण के दौरान सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों ने स्वच्छता, पारदर्शिता, जनसेवा और समग्र विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कई पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने, सड़क, पानी, बिजली और साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने का भरोसा दिलाया।

अपने संबोधन में डीईओ सह डीसी अजय नाथ झा ने सभी नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चुना है, उस पर खरा उतरना ही उनकी असली परीक्षा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना और विकास योजनाओं को तेजी से लागू करना जरूरी है। प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया गया।

## अभिभावकों में पनप रहा रोष

**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर में असरगंज थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय सजुआ में प्रधानाध्यापक पर लगे चिकन पार्टी और छात्र की पिटाई के आरोप ने तूल पकड़ लिया है। घटना के बाद विद्यालय की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं और अभिभावकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। दरअसल, मंगलवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यालय का मुख्य गेट बंद कर प्रधानाध्यापक व कुछ शिक्षकों द्वारा किचन में चिकन पार्टी की जा रही थी। बाहर मौजूद बच्चों ने आरोप लगाया कि शिक्षक अंदर खाना बना रहे थे, जिससे नाराज होकर छात्रों ने हंगामा भी किया।

हालांकि, प्रधानाध्यापक प्रदीप सिंह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। मामला यहीं नहीं थमा। बुधवार को वार्षिक परीक्षा के दौरान एक और गंभीर आरोप सामने आया। प्रधानाध्यापक ने सातवीं कक्षा के छात्र आयुष कुमार की बेरहमी से पिटाई कर दी। घायल छात्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उसे भागलपुर रेफर कर दिया गया।

# चुनाव में अपनायी जा रही साम, दाम, दंड, भेद की नीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव में चाणक्य नीति साम, दाम, दंड, भेद देखने को मिल रही है। 19 मार्च को होने वाले डिप्टी मेयर चुनाव को लेकर महागठबंधन कांग्रेस, जेएमएम, आरजेडी और दूसरी तरफ भाजपा के दिग्गज नेताओं ने मोर्चा संभाला है।

पार्षदों को अपने पक्ष में लाने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक बैठकों को दौर चल रहा है। महागठबंधन का डिप्टी मेयर प्रत्याशी कौन होगा इसे लेकर सोमवार को स्टेशन रोड में पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व जेएमएम के नेताओं के साथ पार्षदों की बैठक हुई।बैठक में महागंठबंधन समर्थित 34 के करीब पार्षद शामिल हुए। डिप्टी मेयर का चुनाव रांची नगर निगम के 53 पार्षद अपने वोट से करेंगे। शुरूआत में कुछ पार्षदों ने डिप्टी मेयर के लिए खुद को सबसे योग्य उम्मीदवार बताया। इसके बाद बात हुई कि कौन-कौन कितना खर्च करेगा।

शुरूआत पांच लाख से हुई। जो बढ़कर 10 लाख तक पहुंच गई। जैसे ही एक वोट 10 लाख का खर्च करने की बात हुई, लगभग सभी डिप्टी मेयर के प्रत्याशी बैकफुट पर आ गए। बैठक में अन्य निगमों का उदाहरण भी दिया गया।

अंत में चुटिया से जीतकर आई जेएमएम समर्थित एक महिला पार्षद को डिप्टी मेयर प्रत्याशी बनाए जाने पर सहमति बनी। इस दौरान एक पार्षद ने एक वोट के लिए थार राक्स एसयूवी देने की बात कही। लेकिन वह भी बैकफुट पर आ गया। भाजपा से डिप्टी मेयर के लिए शुरूआत में वार्ड-20 के पार्षद सुनील यादव, वार्ड-1 के पार्षद नकुल तिर्की, वार्ड-26 के पार्षद प्रदीप वर्मा और वार्ड-31 से पहली बार पार्षद बने नीरज कुमार का नाम आगे चल रहा था, लेकिन सूत्रों ने बताया कि जैसे ही पैसा खर्च करने की बात आई तो नीरज कुमार को छोड़कर सभी बैकफुट पर आ गए।

भाजपा से डिप्टी मेयर के लिए नीरज कुमार का नाम सबसे आगे चल रहा है। बताया गया भाजपा समर्थित करीब 19 पार्षद पुरी में कैंप कर रहे हैं। रांची के एक बड़े बिल्डर चुनाव का पूरा खर्च उठा रहे हैं। लक्ष्य इतना ही मेयर के साथ रांची का डिप्टी मेयर भी भाजपा का बने।

## बिहार में पंचायत चुनाव की सरगर्मियां हुई तेज

**पटना।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरंभिक तैयारियां राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रारंभ कर दी है। पंचायत चुनाव नवंबर-दिसंबर में संभावित हैं। आयोग ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर सबसे पहले जिला स्तर पर अधिकारियों की तैनाती करने का आदेश जारी कर दिया है।

आदेश में आयोग ने कहा है कि बिहार पंचायत चुनाव 2026 एवं कुछ कारणों से होने वाले रिक्त पदों के लिए उप चुनाव कराना पड़ सकता है। ऐसे में राज्य के हर जिले के लिए उस जिला के जिला दंडाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), के रूप में दायित्व जाता है।

# युद्ध और वैश्विक तनाव का असर दिख रहा हवाई यात्रियों पर भी

## हवाई उड़ानें भी हुई महंगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव का असर अब हवाई यात्रा पर भी दिखने लगा है। देश की प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने घरेलू उड़ानों पर नया फ्यूल सरचार्ज लागू कर दिया है।

यह व्यवस्था 14 मार्च 2026 से लागू हो गई है, जिसके बाद नई बुकिंग कराने वाले यात्रियों को टिकट पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। कंपनी के अनुसार अब भारत के भीतर किसी भी घरेलू उड़ान की टिकट पर प्रति यात्री 425 रुपये का अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज जोड़ा जाएगा। एयरलाइन्स का कहना है कि हाल के दिनों में विमान ईंधन यानी एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है, जिससे परिचालन लागत में भारी इजाफा हुआ है।

उदाहरण के तौर पर यदि देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली की टिकट का किराया लगभग 5000 रुपये है, तो अब उसमें 425 रुपये अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज जोड़ दिया जाएगा। इससे यात्रियों को पहले की तुलना में अधिक किराया देना पड़ेगा।

गौरतलब है कि देवघर एयरपोर्ट से फिलहाल दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के लिए नियमित उड़ानें संचालित हो रही हैं और इन तीनों मार्गों पर इंडिगो की ही सेवाएं उपलब्ध हैं। ऐसे में इन रूटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों पर भी यह अतिरिक्त शुल्क लागू होगा।

कंपनी सूत्रों के मुताबिक वैश्विक हालात के कारण विमान ईंधन की कीमतों में करीब 85 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। इसके बावजूद यात्रियों पर सीमित अतिरिक्त बोझ डालने की कोशिश की गई है।

इंडिगो ने अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के लिए भी अलग-अलग फ्यूल चार्ज तय किए हैं। मध्य पूर्व की यात्रा करने पर यात्रियों को प्रति टिकट 900 रुपये अतिरिक्त देना होगा। वहीं दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन जाने पर करीब 1800 रुपये का अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

इसी तरह अफ्रीका और पश्चिम एशिया के कुछ मार्गों पर भी यही शुल्क लागू रहेगा। अगर कोई यात्री यूरोप की यात्रा करता है, तो उसे प्रति टिकट लगभग 2300 रुपये तक अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज देना पड़ेगा।

## कंट्रोल रुम से हो रही गैस वितरण की निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर किसी तरह की कमी नहीं है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। गैस की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भागलपुर जिले में कुल 58 एलपीजी गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। इनमें इंडियन आयल (आईओसीएल) की 33, हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) की 16 तथा बीपीसीएल की 9 एजेंसियां शामिल हैं, जो उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति कर रही हैं। प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। इसके लिए सभी गैस कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों, अनुमंडल पदाधिकारियों और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा बैठक की जा रही है।

# चौथी रेल लाइन परियोजना की घोषणा से लोगों में हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** केंद्रीय कैबिनेट में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा पाकुड़ और सैथिया रेलवे स्टेशनों के बीच फोर लाइन रेल परियोजना की घोषणा के बाद पाकुड़ में खुशी का माहौल है। इस घोषणा से जिले में रेल सुविधाओं के विस्तार का नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों और व्यापारिक संगठनों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इस पहल के लिए रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। चैंबर के सचिव संजीव कुमार खत्री ने कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह एक सकारात्मक पहल है। इससे न केवल माल ढुलाई में तेजी आएगी, बल्कि रेल यात्रियों को भी काफी सुविधा मिलेगी। ट्रेनों का परिचालन समय पर हो सकेगा और भविष्य में कई नई ट्रेनों के विस्तार की संभावना भी बढ़ेगी।

रेलवे सूत्रों के अनुसार, गुमानी स्टेशन से मुरारई स्टेशन के बीच फिलहाल डबल लाइन ही है, जबकि इस रेलखंड पर चार लाइनों का दबाव है। बरहड़वा और मालदा दोनों दिशाओं से दो-दो लाइनों का ट्रैफिक इस मार्ग पर पड़ता है। इसी प्रकार सैथिया में भी खाना और अंडाल की ओर से दो-दो लाइनों का दबाव रहता है।

हालांकि, सैथिया और मुरारई स्टेशन के बीच थर्ड लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। गुमानी और मुरारई के बीच तीसरी लाइन को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है और उसका टेंडर भी हो चुका है।

वहीं, गुमानी और पाकुड़ के बीच फोर लाइन का टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है। अब पाकुड़ से सैथिया के बीच चौथी लाइन की स्वीकृति मिलने से पूरा रेलखंड फोर लाइन में तब्दील हो जाएगा।

रेल मंत्री इससे पहले बरहड़वा और भागलपुर के बीच थर्ड और फोर्थ लाइन परियोजना की भी घोषणा कर चुके हैं। रेलवे से जुड़े जानकारों का मानना है कि इन सभी परियोजनाओं के वर्ष 2029 तक पूरा होने की संभावना है। इसके बाद पाकुड़ रेलवे स्टेशन एक बड़े रेलवे हब के रूप में विकसित हो सकता है।

ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन, हावड़ा के सचिव राणा शुक्ला ने कहा कि पाकुड़ और सैथिया के बीच चौथी रेल लाइन की घोषणा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद अब तक उपेक्षित रहा पाकुड़ स्टेशन एक महत्वपूर्ण रेलवे हब बनकर उभरेगा।

# बच्चा चोर के संदेह में दो युवकों को बनाया घंटों बंधक

## पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर कराया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** मुरहू थानांतर्गत केवड़ा पंचायत के तुतडीह गांव में ग्रामीणों ने मुरहू के दो युवकों को बच्चा चोर के संदेह में पकड़कर पांच घंटे तक बंधक बनाए रखा। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से दोनों युवकों को मुक्त कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरहू बस्ती निवासी रिशू गुप्ता और मोनू गुप्ता नामक दो युवक बाइक से केवड़ा पंचायत घूमने गए थे। तुतडीह गांव में बाइक को एक जगह खड़ी कर प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए नदी किनारे की ओर चले गए। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों की नजर उन पर पड़ी।

अपरिचित होने के कारण ग्रामीणों को संदेह हुआ और उन्होंने दोनों युवकों को कथित बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया। ग्रामीणों ने उनसे काफी पूछताछ की, लेकिन संतुष्ट नहीं होने पर उन्हें गांव में ही रोककर रखा।

बाद में युवकों के स्वजनों को बुलाया गया, लेकिन काफी देर तक बातचीत होने के बाद भी जब ग्रामीण उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुए, तो घटना की सूचना मुरहू थाना की पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए केवड़ा पिकेट के पुलिस जवानों को मौके पर भेजा। पिकेट के जवान देर शाम तुतडीह गांव पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर दोनों युवकों को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद पुलिस दोनों युवकों को पिकेट लेकर आई और आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें उनके स्वजनों के हवाले कर दिया।

## दूसरी शादी को लेकर विवाद गहराया

**जमुई।** एक वर्ष पहले शादी हुई एक विवाहिता कुछ दिन ससुराल में रहने के बाद जब अपने पिता के घर आकर रह रही थी, इसी बीच विवाहिता के पति ने दूसरी लड़की से शादी करने का मन बना लिया और अपनी पत्नी को छोड़ प्रेमिका से मोबाइल पर घंटों बात करने लगा। जब विवाहिता को इसकी जानकारी हुई तो उसने विरोध किया, परंतु लड़के वालों ने भी अपने पुत्र की दूसरी शादी कराने की बात कही। मामला थाना क्षेत्र के कठबजरा गांव निवासी उमेश यादव की विवाहित पुत्री अंजली कुमारी से जुड़ा है। इस मामले में 15 मार्च को नागी डैम के पास दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई, जिसमें तीन दर्जन से अधिक ग्रामीण शामिल हुए। पंचायत में लड़का सहित उसके स्वजनों ने लड़की को रखने से इनकार कर दिया। इस दौरान लड़की के स्वजनों ने उसे रखने और उसके साथ खिलवाड़ नहीं करने की काफी अपील की, बावजूद इसके लड़के वाले तैयार नहीं हुए। इसी बीच 17 मार्च को खैरा थाना क्षेत्र के देवपुर मंदिर में चुपके से लड़का बिट्टू की शादी कराई जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर विवाहिता अपने स्वजन के साथ मंदिर पहुंची और डायल-112 पुलिस को इसकी जानकारी दी।

# प्रस्तावित वेंडर मार्केट में एक करोड़ की लागत से करीब 65 दुकानों का होगा निर्माण

- आधुनिक सुविधाओं से होगा सुसज्जित
- फुटपाथी दुकानदारों को किया जायेगा व्यवस्थित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के गुमला शहर में फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित करने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की दिशा में जिला प्रशासन ने अहम पहल शुरू की है।

इसके लिए अनाबद्ध निधि से लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से वेंडर मार्केट का निर्माण कराया जाएगा। इस योजना के तहत शहर के फुटपाथ और सड़क के किनारे दुकान लगाने वाले दुकानदारों को एक निर्धारित स्थान पर बसाया जाएगा, जिससे शहर की सड़कों पर होने वाली भीड़भाड़ कम होगी।

प्रस्तावित वेंडर मार्केट में करीब 65 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए नगर परिषद द्वारा शहर में उपयुक्त खाली जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन चिन्हित होने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

फुटपाथ और सड़क किनारे अस्थायी रूप से दुकान लगाने वाले दुकानदारों को एक व्यवस्थित और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जाए। वेंडर मार्केट को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाया जाएगा। यहां सोलर हाई मास्ट लाइट, कामन टायलेट, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, पाथवे और मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा दुकानदारों और ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

नगर परिषद के अनुसार वेंडर मार्केट बनने से फुटपाथ और सड़क किनारे दुकान लगाने वाले दुकानदारों को स्थायी स्थान मिलेगा। इससे उन्हें हर मौसम में व्यापार करने में सुविधा होगी और उन्हें बार-बार दुकान हटाने या स्थान बदलने की परेशानी से भी मुक्ति मिलेगी।

आए दिन अतिक्रमण चलाए जाने पर उन्हें दुकान को हटाना पड़ता है। शहर की सड़कों और फुटपाथों पर होने वाली अव्यवस्था और भीड़भाड़ भी कम होगी। इससे यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा और राहगीरों व वाहन चालकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार ने बताया कि वेंडर मार्केट का निर्माण शहर को व्यवस्थित और साफ-सुथरा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

साथ ही इससे छोटे दुकानदारों को सम्मानजनक तरीके से व्यापार करने का अवसर मिलेगा और शहर की समग्र व्यवस्था में भी सुधार आएगा।

## ग्लेन फिलिप्स का दिखा नया अवतार, क्रिकेटर ने पायलट के रूप में फैंस को चौंकाया

**ऑकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स मैदान पर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी, बेहतरीन स्पिन और हैरान करने वाली फील्डिंग के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, फिलिप्स सिर्फ मैदान पर ही नहीं बल्कि हवा में भी करतब दिखा सकते हैं। मंगलवार को ऑकलैंड के आकाश में उन्होंने कुछ ऐसा किया जिसे देख दुनियाभर के क्रिकेट फैंस हैरान हैं। ग्लेन फिलिप्स ने मंगलवार को ऑकलैंड के आर्डमोर एयरोड्रोम पर एक लाइट एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक लैंड कराकर अपनी पायलट क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसका वीडियो फिलिप्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया। फिलिप्स ने बताया कि वह कमर्शियल पायलट का लाइसेंस लेने की प्रक्रिया में हैं और इसके लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। ऑल-राउंडर ने हाल ही में आर्डमोर फ्लाइंग स्कूल में स्टूडेंट्स और इंस्ट्रक्टर्स से बातचीत भी की। फिलिप्स ने कहा, 'यह मेरा बड़ा पैशन है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया भर का पैसा होता, तो शायद मैं पायलट बनता। मुझे हवा में रहना बहुत पसंद है। पहाड़ों में जाकर अपने शौक पूरे करना और पायलट बनना मेरी प्राथमिकता है। दाएं हाथ से बल्लेबाजी के अलावा बाएं हाथ से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग में भी सक्षम फिलिप्स का एयरक्राफ्ट के कॉकपिट में भी हाथ आजमाना उनकी जिंदगी के आयामों को प्रदर्शित करता है और यह बताता है कि शायद ऐसा कुछ नहीं, जो फिलिप्स न कर सकें। ग्लेन फिलिप्स जल्द आईपीएल 2026 में दिखेंगे। वह लीग में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। फिलिप्स को उनकी क्षमता के मुताबिक आईपीएल में मौके नहीं मिले हैं। देखना होगा आगामी सीजन में जीटी उनका कितना और कैसे इस्तेमाल करती है।



### अफ्रीकी फुटबॉल में बवाल

### 2 महीने बाद सेनेगल से छीना AFCON का खिताब

# हारने वाली टीम बनी चैंपियन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफ्रीकी फुटबॉल में बड़ा विवाद सामने आया है। कन्फेडरेशन ऑफ अफ्रीकन फुटबॉल (सीएएफ) ने अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस 2026 के फाइनल का नतीजा पलटते हुए मोरक्को को चैंपियन घोषित कर दिया है। यह फैसला मंगलवार को लिया गया। सीएएफ ने जनवरी में खेले गए विवादित फाइनल में सेनेगल की 1-0 की जीत को पलटकर 3-0 से मोरक्को के पक्ष में कर दिया। सीएएफ की अपील समिति ने कहा कि सेनेगल का मैदान छोड़ना टूर्नामेंट नियमों के आर्टिकल 82 और 84 का उल्लंघन है। इन नियमों के तहत बिना अनुमति मैच छोड़ने वाली टीम को हार मान लिया जाता है। इसी आधार पर मैच का परिणाम बदलते हुए मोरक्को को 3-0 से विजेता घोषित किया गया।

- **सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने किया विरोध–** इस फैसले पर सेनेगल फुटबॉल फेडरेशन ने कड़ा विरोध जताया है। फेडरेशन के सचिव जनरल अब्दुलाये सेदौ सो ने इसे मजाक बताते हुए कहा कि फैसले का कोई कानूनी आधार नहीं है। सेनेगल इस मामले को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) में ले जाएगा और आखिरी फैसले तक लड़ाई जारी रखेगा।
- **इस फैसले से मोरक्को ने 50 साल बाद जीता अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस का खिताब–** इस फैसले के साथ मोरक्को ने 50 साल बाद अपना दूसरा अफ्रीकन कप ऑफ नेशंस खिताब जीत लिया।

### फाइनल में स्टॉपेट टाइम में हुआ था जमकर विवाद

18 जनवरी को रबात में खेले गए फाइनल के दौरान स्टॉपेज टाइम में भारी विवाद हुआ। सेनेगल ने एक गोल किया, लेकिन रेफरी जीन-जैक्स नडाला ने मोरक्को के बॉक्स में फाउल बताते हुए गोल को रद्द कर दिया। इसके तुरंत बाद मोरक्को को पेनल्टी मिली, जब ब्राहिम डियाज को फाउल किया गया। इस फैसले से नाराज होकर सेनेगल के कोच पेप बौना थियाव ने अपनी टीम को मैदान से बाहर बुला लिया। करीब 20 मिनट बाद कप्तान सादियो माने के समझाने पर टीम वापस लौटी। हालांकि, तनाव बना रहा। पेनल्टी पर डियाज गोल नहीं कर सके, जिसे एडौर्ड मेंडी ने बचा लिया। इसके बाद पापा गुये ने 94वें मिनट में गोल कर सेनेगल को जीत दिलाई थी।

## पहलवान मीनाक्षी गोयत ने किया उलटफेर

### अंतिम पंघाल को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवान मीनाक्षी गोयत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए हुए ट्रायल में बड़ा उलटफेर किया। मीनाक्षी ने 53 किग्रा वर्ग में अंतिम पंघाल को हराया और भारतीय टीम में जगह बना ली। पहलवान मीनाक्षी गोयत ने बड़ा उलटफेर करते हुए अंतिम पंघाल को हराकर अगले महीने होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बना ली है। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम को घरेलू मैदान पर हार झेलनी पड़ी। ट्रायल में इससे पहले तीन बार अंतिम से हार चुकी मीनाक्षी ने इस बार मजबूत रक्षात्मक खेल का शानदार प्रदर्शन किया और 6–2 की बढ़त लेने के बाद विन बाय फॉल से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंतिम, दिग्गज विनेश फोगाट के 53 किग्रा वर्ग छोड़ने के बाद इस वर्ग में दबदबा बनाए हुए थीं। मुकाबले के दौरान मीनाक्षी ने कई बार अंतिम के सिर पर मजबूत पकड़ बनाई और उन्हें आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं करने दिया। शुरुआत में अंतिम ने मीनाक्षी के दोनों पैरों को जकड़ने की कोशिश की, लेकिन उनकी यह चाल नाकाम हो गई। अंतिम हार के बाद कुछ समय तक अविश्वास में मैट पर ही पड़ी रहीं, जबकि मीनाक्षी मुस्कुराते हुए उनके पास गईं और हाथ बढ़ाया।

### ● रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को किया बाहर

# आर्सेनल और पीएसजी क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली एजेंसी।** यूरोप के सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। रियल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया, जबकि आर्सेनल और पेरिस सेंट-जर्मेन ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। रियल मैड्रिड के लिए विनीसियस जूनियर हीरो बनकर उभरे। विनीसियस ने 2 गोल मारते हुए टीम की जीत पक्की की। उन्होंने शुरुआती बढ़त दिलाई और फिर इंजरी टाइम (93वें मिनट) में दूसरा गोल कर मुकाबला खत्म कर दिया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से एकमात्र गोल एर्लिंग हालैंड ने 41वें मिनट में लगाया। रियल मैड्रिड ने 2-1 से मैच जीता। इस हार के साथ पेप गार्डियोला की टीम लगातार तीसरे सीजन में मैड्रिड के हाथों बाहर हो गई। ब्राजीलियन ने मैड्रिड को उस समय बढ़त दिलाई जब बर्नार्डो सिल्वा को अपने ही बॉक्स के अंदर बॉल हैंडल करते हुए पाया गया। इसका मतलब यह भी था कि होम टीम के खिलाड़ी घटकर 10 रह गए। विनी जूनियर ने सिटी के फैंस से बदला लिया और रोते हुए जश्न मनाया।

जीत के बाद विनीसियस ने कहा, 'पिछली बार जब हम यहां आए थे, तो मैनचेस्टर सिटी के फैंस मेरा मजाक उड़ा रहे थे। मैं सिटी फैंस की बेइज्जती नहीं कर रहा था, लेकिन यह मेरे लिए उन्हें खुद को साबित करने का एक तरीका था। दूसरे मुकाबले में आर्सेनल ने बायर लेवरकुसेन को 2-0 से हराया और कुल स्कोर 3-1 से जीत दर्ज की। एबेरेची एजे ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि डेक्लान राइस ने दूसरा गोल कर जीत सुनिश्चित की। आर्सेनल के एबेरेची एजे ने अपना यूसीएल अकाउंट खोला गनर्स के लिए एक शानदार गोल से मिकेल आर्टेटा की टीम आसानी से क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गई।

बायर लेवरकुसेन ने आर्सेनल के जोरदार शुरुआती स्पेल के बावजूद मजबूती से गोल किया, जिसमें गोलकीपर जेनिस ब्लासविच ने शानदार खेल दिखाया। लेकिन 37वें मिनट में उनकी मुश्किल तब टूट गई जब एजे ने एक शानदार लंबी दूरी से गोल किया, जिससे आर्सेनल को आखिरी-16 के मुश्किल मुकाबले में बढ़त मिल गई।

# केकेआर के तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा को यकीन

### आईपीएलः साउदी के साथ काम करने से स्किल्स होगी बेहतर




**कोलकाता, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा हैं, जो नए सीजन से पहले अपने खेल को बेहतर बनाने और अपनी स्किल्स को निखारने पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वह इस सीजन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी कर रहे हैं। अंबाला के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने साल 2023 में इस फ्रेंचाइजी के लिए अपना डेब्यू किया था। वैभव अरोड़ा आईपीएल करियर में अब तक 32 मुकाबलों में 36 विकेट हासिल कर चुके हैं। वह आईपीएल 2024 में केकेआर की खिताबी जीत में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं।

उस सीजन वैभव ने 10 मुकाबलों में 11 विकेट हासिल किए थे। जैसे-जैसे टीम आगामी सीजन के लिए तैयार हो रही है, अरोड़ा ट्रेनिंग कैंप के दौरान जमकर मेहनत कर रहे हैं और अपनी गेंदबाजी के अलग-अलग पहलुओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर, हमारी तैयारी मजबूत है। हम प्रैक्टिस मैच खेल रहे हैं और नेट्स में अपनी गेंदबाजी के अलग-अलग तरीकों को भी निखार रहे हैं। बतौर तेज गेंदबाज आप हमेशा अच्छी तैयारी करना चाहते हैं और अपनी स्किल्स को बेहतर बनाना चाहते हैं, ताकि आप मैच के दौरान उन्हें असरदार तरीके से इस्तेमाल कर सकें। अरोड़ा खासतौर पर अपने पुराने साथी टिम साउदी के साथ करीब से काम करने के मौके को लेकर उत्साहित हैं। साउदी इस सीजन में फ्रेंचाइजी के साथ गेंदबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान के पास इस भूमिका के लिए बहुत ज्यादा अनुभव है, जिन्होंने 700 से ज्यादा इंटरनेशनल विकेट लिए हैं। साउदी ने साल 2021 से 2023 के बीच तीन सीजन तक केकेआर का प्रतिनिधित्व भी किया था।

### आईपीएल 2026:

## विराट कोहली आरसीबी के लिए खिताब डिफेंड करने की चुनौती के साथ बेंगलुरु पहुंचे

**बेंगलुरु एजेंसी।** ।रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली आईपीएल 2026 के लिए टीम से जुड़ गए हैं। कोहली बुधवार सुबह बेंगलुरु पहुंचे। टीम मैनेजमेंट, खिलाड़ियों और फैंस को कोहली का बेसब्री से इंतजार था। बेंगलुरु पहुंचने से पहले कोहली लंदन में ही अभ्यास कर रहे थे। कोहली ने अपने अभ्यास की एक तस्वीर भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाली थी जिसे आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। कोहली के टीम से जुड़ने के बाद अभ्यास सत्र में जोश और तेजी आएगी। आरसीबी आईपीएल 2026 में चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम का मुख्य लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था। आरसीबी को चैंपियन बनाने में विराट कोहली का अहम योगदान रहा था। फ्रेंचाइजी के लिए पारी की शुरुआत करने वाले विराट कोहली ने पिछले सीजन में 15 मैचों में 54.75 की औसत और 144.71 की स्ट्राइक रेट से 657 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 8 अर्धशतक निकले थे। कोहली ने 66 चौके और 19 छक्के भी लगाए थे। आरसीबी को अगर आईपीएल 2026 में अपने खिताब की रक्षा करनी है, तो इसमें विराट कोहली की भूमिका अहम होने वाली है। टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में एक बार फिर उनसे निरंतर बेहतर और प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। हालांकि, विराट कोहली आरसीबी के साथ पहले सीजन से जुड़े हुए हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता रहती है। लगभग हर साल वह टीम की तरफ से शीर्ष स्कोरर रहते हैं। कोहली लीग के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाज हैं। उनके नाम सर्वाधिक रन और शतक का रिकॉर्ड है।



कोहली ने 267 मैचों में 8 शतक और 63 अर्धशतक लगाते हुए 8,661 रन बनाए हैं। विराट 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान भी रहे हैं। कोहली की कप्तानी में आरसीबी 2016 का फाइनल खेली थी, लेकिन खिताब जीतने में सफल नहीं रही थी। आरसीबी ने पिछले सीजन अपना पहला खिताब रजत पाटीदार की कप्तानी में जीता था। आईपीएल 2026 में भी पाटीदार की कप्तानी और बल्लेबाजी पर आरसीबी फैंस की नजर रहेगी।

# क्या 2028 ओलंपिक में नहीं खेलेगा इंग्लैंड?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम स्थित प्रतिष्ठित 'वैगेनर स्टेडियम' में एक रोमांचक आधिकारिक ड्रॉ समारोह आयोजित किया गया। यह उन दो स्थानों में से एक है, जहां आगामी विश्व कप के मैच खेले जाएंगे। दूसरा स्थान बेल्जियम के वेव्रे में स्थित बिल्कुल नया 'बेल्फियस हॉकी एरिना' है। ड्रॉ के जरिए एफआईएच हॉकी विश्व कप (बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026) के ग्रुप चरण के लिए पुरुष और महिला वर्गों के आठ पूलों का निर्धारण किया गया। इस ड्रॉ में 16 टीमों को चार-चार के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान के अलावा, पूल डी की अन्य दो टीमें इंग्लैंड और वेल्स हैं। भारत के लिए यह एक कठिन ड्रॉ है, क्योंकि क्वार्टरफाइनल में सीधे जगह बनाने के लिए उसे इंग्लैंड और पाकिस्तान से आगे निकलना होगा, जबकि प्रत्येक ग्रुप में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें टॉप-8 चरण में अपनी जगह पक्की करने के लिए 'क्रॉस-ओवर' मुकाबलों में हिस्सा लेंगी। विमेंस एफआईएच वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स में इन्हीं तारीखों पर आयोजित किया जाएगा। भारतीय महिला टीम का मुकाबला एक बार फिर इंग्लैंड से होगा। पूल डी में उनके साथ एशियन चैंपियन चीन और अफ्रीकन चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी शामिल हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम को कुछ दिन पहले ही तेलंगाना के हैदराबाद में खेले गए एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर के फाइनल में इंग्लैंड के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद टीम दूसरे स्थान पर रही थी। मुख्य टूर्नामेंट में ये दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी।




**पुरुष**

- **पूल ए:** नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान (नीदरलैंड्स में खेलेंगे)।
- **पूल बी:** बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस, मलेशिया (बेल्जियम)।
- **पूल सी:** ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, आयरलैंड, साउथ अफ्रीका (बेल्जियम)।
- **पूल डी:** इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, वेल्स (नीदरलैंड्स)।

**महिलाः**

- **पूल ए:** नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया, चिली, जापान (नीदरलैंड्स में खेलेंगे)।
- **पूल बी:** अर्जेंटीना, जर्मनी, यूएसए, स्कॉटलैंड (बेल्जियम)।
- **पूल सी:** बेल्जियम, स्पेन, न्यूजीलैंड, आयरलैंड (बेल्जियम)।
- **पूल डी:** चीन, इंग्लैंड, भारत, साउथ अफ्रीका (नीदरलैंड्स)।

# सचिन तेंदुलकर और खेलना चाहते थे लेकिन 1 फोन कॉल ने खत्म किया वनडे करियर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक सचिन तेंदुलकर ने 18 मार्च 2012 को मीरपुर में पाकिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी वनडे मैच खेला था. इसके बाद 22 दिसंबर को सचिन ने वनडे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था. 'क्रिकेट के भगवान' कहे जाने वाले दुनिया के सबसे महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को रिटायर हुए एक दशक से भी ज्यादा समय हो गया है. इसके बावजूद भी सचिन के नाम कई वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बरकरार हैं. टीम इंडिया को साल 2011 के वनडे वर्ल्ड कप जिताने वाले सचिन ने 90 के दशक और 2000 के दशक में भारत को वनडे क्रिकेट में एक मजबूत टीम की पहचान दिलाई थी. उन्होंने अपने करियर का आखिरी वनडे मुकाबला 18 मार्च, 2012 को एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था. इसके बाद उन्होंने 22 दिसंबर 2012, को वनडे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था.

**संदीप पाटिल ने किया बड़ा खुलासा–** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व चीफ सेलेक्टर संदीप पाटिल ने सचिन की वनडे क्रिकेट से रिटायरमेंट को लेकर बड़ा खुलासा किया है. 'मास्टर ब्लास्टर' ने साल 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया था, लेकिन बीसीसीआई ने पहले ही उन्हें बता दिया था कि वे उनके रिप्लेसमेंट की तलाश कर रही है. साल 2012 में सचिन ने वनडे क्रिकेट छोड़ दिया था और टी20 इंटरनेशनल भी खेलना बंद कर दिया था.

### आईपीएल से पहले अर्जुन तेंदुलकर का खतरनाक फॉर्म!

# नेट्स सेशन में फेंके जसप्रीत बुमराह जैसे यॉर्कर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है. इस टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले अर्जुन तेंदुलकर जमकर पसीना बहा रहे हैं. वे लखनऊ के नेट्स सेशन में खतरनाक यॉर्कर गेंद फेंकते हुए नजर आ रहे हैं. 'क्रिकेट के भगवान' कहे जाने वाले भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर के लिए आईपीएल 2026 एक नई शुरुआत लेकर आया है. मुंबई इंडियंस के साथ सालों तक जुड़े रहने के बाद इस सीजन में अर्जुन लखनऊ सुपर जायंट्स की जर्सी में खेलते नजर आएंगे. नवंबर 2025 में हुए एक ट्रेड डील के तहत लखनऊ ने अर्जुन को उनकी मौजूदा फीस 30 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था. अब अर्जुन लखनऊ के ट्रेनिंग सेशन में जमकर पसीना बहा रहे हैं, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी वायरल हो रहा है.

**जसप्रीत बुमराह जैसी यॉर्कर फेंकते नजर आए अर्जुन तेंदुलकर–** अर्जुन तेंदुलकर लखनऊ सुपर जायंट्स के ट्रेनिंग सेशन में शानदार गेंदबाजी करते हुए नजर आए हैं.

- **आईपीएल 2026 में लखनऊ के लिए खेलेंगे अर्जुन–** अर्जुन तेंदुलकर का आईपीएल का सफर साल 2021 में शुरू हुआ था, जब उन्हें मुंबई इंडियंस ने उनके बेस प्राइस पर ऑक्शन में खरीदा था. हालांकि, उन्हें शुरुआत के दो सालों में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला. अर्जुन का आधिकारिक डेब्यू साल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हुआ और अपने डेब्यू सीजन में उन्होंने 4 मैचों में सिर्फ 3 विकेट चटकाए थे. उनका पहला आईपीएल विकेट सनराइजर्स हैदराबाद के भुवनेश्वर कुमार का बना था. अब आईपीएल 2026 में अर्जुन लखनऊ के लिए खेलते नजर आएंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वी दिल्ली में एलपीजी सिलिंडर संकट गहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुनापार में एलपीजी सिलिंडर की किल्लत दूर होने का नाम नहीं ले रही है। गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लग रही



हैं। हालात यह है कि पांच से छह घंटे लाइन लगने के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल रहा है। इस संकट के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में लोग चूल्हे पर खाना बनाने लगे हैं। बाजार से लकड़ी व कोयला खरीदकर ला रहे हैं। छतों पर चूल्हे बना रहे हैं। गढ़ी मेंडू, सभापुर, मौजपुर, दल्लूपुरा, गाजीपुर, बदरपुर खादर समेत अन्य गांव में सिलिंडर की किल्लत है। ग्रामीणों का कहना है कि वह लाइनों में लगकर परेशान हो गए हैं। बुकिंग होने के कई दिनों तक सिलिंडर नहीं आ रहा है। डिलीवरी ब्वाय को फोन करो तो वह उठाते नहीं है। एजेंसी संचालक ठीक तरह से बात नहीं कर रहे हैं। मौजपुर गांव में रहने वाली पिंकी मंडार ने बताया कि गैस सिलिंडर बुक करवाया हुआ है। लेकिन आया नहीं। उन्होंने बाजार से लकड़ी खरीदी। छत पर चूल्हा बनाया। चूल्हे पर खाना बनाकर परिवार को दे रही हैं। धुएं की वजह से बहुत परेशानी होती है। बदरपुर खादर गांव में रहने वाले मोहसिन ने बताया कि यह उत्तर पूर्वी जिले के आखिर में बसा गांव है। यहां से गांव से एजेंसी कई किलोमीटर दूर है। गोबर के उपले इस्तेमाल करके चूल्हे पर खाना व रोटी बनाई जा रही है।

### सुल्तानपुरी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान भारी हंगामा

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** एसडीएम एसटीएफ टीम ने सुल्तानपुरी के एसबीआई बैंक रोड पर अतिक्रमण हटाए। एसटीएफ की इस कार्रवाई के विरोध में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। भीड़ व हंगामा बढ़ता देख कार्रवाई बीच में रोकनी पड़ी। बाद में लोगों ने एसडीएम ने लोगों को तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी। बताया जाता है कि टीम को सुल्तानपुरी में कई जगह अतिक्रमण हटाने थे, लेकिन पर्याप्त पुलिस बल नहीं मिल पाने के कारण यह कार्य आज नहीं हो पाया। मंगलवार को एसडीएम और तहसीलदार की उपस्थिति में सुल्तानपुरी के वार्ड-43 में एसबीआई बैंक रोड पर किए गए अतिक्रमण अर्थ मूवर्स मशीन की मदद से हटाए गए। टीम ने अभी 5-7 दुकानों के बाहर लगाए गए टीनशेड व अन्य अतिक्रमण गिराए थे कि लोगों ने कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। प्रशासनिक अधिकारी व नगर निगम के अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। इसके बाद भीड़ बढ़ती गई। निगम को अपनी कार्रवाई रोकनी पड़ी। लोगों ने एसडीएम व तहसीलदार से बात की और कुछ दिन की मोहलत मांगी। लंबी जद्दोजहद के बाद अधिकारियों ने लोगों को तीन दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने को कहा।

### हेलमेट न पहनने वालों पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, एक दिन में काटे 6,971 चालान

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी में सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने विशेष ट्रैफिक जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर रखा गया। अभियान के पहले ही दिन ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की। इस दौरान कुल 6,971 चालान और नोटिस जारी किए गए। वहीं, जागरूकता बढ़ाने के लिए कई स्थानों पर वाहन चालकों को हेलमेट भी वितरित किए गए, ताकि लोग अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें। दरअसल, ट्रैफिक पुलिस ने इस अभियान के तहत राजधानी के उन इलाकों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।

# कालकाजी मंदिर में नवरात्र की तैयारियां, भीड़ प्रबंधन का मास्टर प्लान तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सिद्धपीठ कालकाजी मंदिर में नवरात्र को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्थाओं को पहले से अधिक सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाया है ताकि दर्शन के दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हो। कालकाजी मंदिर प्रबंधक सुधार कमिटी के अध्यक्ष लोकेश भारद्वाज ने बताया कि नवरात्र के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने प्रवेश और निकास की विस्तृत और सुनियोजित व्यवस्था तैयार की है। वहीं उपाध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्राउड मैनेजमेंट प्लान तैयार किया है। इसके तहत 500 से अधिक सेवादारों को अलग-अलग शिफ्टों में तैनात किया जाएगा, जो पूरे दिन और रात श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इनके अलावा 100 से ज्यादा प्रशिक्षित सिक्योरिटी गार्ड भी नियुक्त किए गए हैं, जो मंदिर परिसर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखेंगे और अव्यवस्था से निपटेंगे। साथ ही, सैकड़ों पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी, जो भीड़ नियंत्रण,




ट्रैफिक मैनेजमेंट और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे। इनके अलावा, पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स की कंपनियां भी इस व्यवस्था का हिस्सा होंगी। भक्तों के लिए कुल तीन प्रमुख एंट्री गेट निर्धारित किए गए हैं। पहला प्रवेश द्वार राम प्याऊ (शंभूदयाल) की ओर से होगा, जहां से बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थित कतार प्रणाली और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। दूसरा प्रवेश मार्ग ओखला साइड से बनाया गया है, जो दक्षिणी दिशा से आने वाले भक्तों के लिए सुविधाजनक रहेगा। वहीं तीसरा एंट्री प्वाइंट लोटस टेंपल की ओर से रखा गया है ताकि आसपास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को भी आसान पहुंच मिल सके। श्रद्धालु दर्शन के बाद दो निर्धारित मार्गों- ओखला और महंत परिसर, से बाहर निकल सकेंगे। नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर प्रशासन ने कुछ गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्णय लिया है। इसके तहत हाथों में दिया लेकर दंडवत यात्रा करना, साउंड सिस्टम का उपयोग करना और ध्वज (झंडा) लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि इन नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### दिल्ली की चार दशक पुरानी कॉलोनी, नाला जाम होने से घरों में आता है सीवर युक्त पानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईस्ट आफ कैलाश, बी ब्लाक स्थित एसएफएस डीडीए फ्लैट सोसायटी है, जो 1985 में बनी। यहां 144 फ्लैट में लगभग 400 लोग निवास करते हैं। आधी कॉलोनी की सीवेज व ड्रेनेज लाइन जाम हो चुकी हैं। वहीं पीछे के हिस्से में सीवेज लाइन की निकासी भी पिछले दो महीने से अधिक समय से बाधित है। इसके चलते सुबह-शाम नालियां भी ओवरफ्लो होती हैं। नालियों के ऊपर से ही पेयजल लाइन है। नाली भरा होने से दूषित पानी लीकेज के चलते पाइपलाइन से होकर घरों तक पहुंच रहा है। आरडब्ल्यूए का आरोप है कि समस्या का स्थायी समाधान किए बिना महकमा शिकायतों को ''निस्तारित'' दर्शाया गया है, जबकि वास्तविक स्थिति यथावत बनी हुई है। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के मुताबिक पास में स्लम कालोनी की ओर से बाउंड्री वाल के साथ अवैध निर्माण कर गंदे पानी एवं सीवरेज का बहाव खुले रूप में परिसर में छोड़ा जा रहा है। वहीं कालोनी की मूल ड्रेनेज निकासी, जो 1985 से धोबी घाट होते हुए नाले में मिलती थी, उसे स्थानीय स्तर पर अवरुद्ध कर दिया गया है। मुख्य ड्रेनेज लाइन में गंदगी भरी रहती है। नालियां ओवरफ्लो हो रही हैं। पिछले कई दिनों से घरों में पानी की सप्लाई गंदगी के साथ हो रही है।

**प्रशासन ने शुरू की जांच**

## दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों के साथ रैगिंग का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठत मौलाना आजाद मेडिकल कालेज (एमएएमसी) में फर्स्ट ईयर रेजिडेंट डाक्टरों के साथ अपमानजनक व्यवहार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप मुख्य रूप से ऑर्थोपेडिक्स विभाग से जुड़े हैं, जहां सीनियर रेजिडेंट्स पर जूनियर्स के साथ अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। कॉलेज प्रशासन ने इस तरह के आरोप की पुष्टि तो की है पर, उसने इसे रैगिंग न होने का दावा करते हुए बताया है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एमएएमसी की डीन डॉ. मुनीषा अग्रवाल ने पूछे जाने पर बताया कि मामला उनके संज्ञान में है,




लेकिन प्रथम दृष्टया इसे रैगिंग नहीं कहा जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया, 'पूरे मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई होगी।' वहीं, आर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. ललित मणि ने कहाकि 'आरोप और शिकायत से ऐसा प्रतीत नहीं होता कि सीनियर रेजिडेंट्स रैगिंग कर रहे हैं, फिर भी पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। यदि कोई दोषी पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फर्स्ट ईयर रेजिडेंट डॉक्टरों को 'मुर्गा' बनाकर अपमानित करने के आरोप छोटी गलतियों पर सार्वजनिक रूप से डांट-फटकार और थप्पड़ मारने का आरोप घंटों खड़े रहने की सजा, जिससे शारीरिक दर्द की शिकायत सीनियर्स के लंच खर्च उठाने का आरोप पीड़ित फर्स्ट ईयर रेजिडेंट डाक्टरों का कहना प्रभावित फर्स्ट ईयर रेजिडेंट डाक्टर के अनुसार, इस तरह के व्यवहार से शारीरिक और मानसिक थकान बढ़ रही है।

## दिल्ली में सनसनीखेज वारदात, सुल्तानपुरी पार्क में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुल्तानपुरी थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के पार्क में गए एक शख्स को बदमाशों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। मृतक की पहचान राजेंद्र सिंह (40) के रूप में हुई। चाकू लगने के बाद घायल पीड़ित किसी तरह घर के पास आकर गिर गए। परिवार वालों ने उन्हें पास के अस्पताल में लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। सुल्तानपुरी पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दो नाबालिग समेत चार आरोपितों को पकड़ा है, जिसमें पीड़ित के खुद के बचाव के दौरान राज नाम का एक बदमाश भी घायल हुआ है। उसका सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक राजेंद्र सिंह अपनी पत्नी सुरिंदर कौर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सुल्तानपुरी के ई ब्लाक में रहते थे। उनकी पत्नी ने बताया कि रोज की तरह वह तड़के करीब तीन बजे बीड़ी सिगरेट पीने के लिए घर से सामने पार्क में गए थे। उनके पास मोबाइल फोन और एक हजार रुपये थे। कुछ देर बाद अचानक शोर शराबा हुआ और उसके पति ने उसे आवाज लगाई। वह भागकर बाहर आई। बाहर में उनका पति जमीन पर गिरे हुए थे और उनके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। उनके पेट से अंतड़ियां बाहर निकली हुई थी। उन्हें तुरंत पास के ही संजय गांधी अस्पताल लेकर गए। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि संजय गांधी अस्पताल से पुलिस को चाकू लगने के बाद राजिंदर सिंह को अस्पताल में भर्ती कराए जाने की जानकारी मिली। वह बयान देने की हालत में नहीं था। उसके पेट में चाकू के कई बार किए गए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके पर क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने वहां छानबीन करने के बाद साक्ष्य हासिल किए। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया. पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की जांच करने के बाद दो हमलावरों रतन विहार सुल्तानपुरी निवासी राज और एफ ब्लाक सुल्तानपुरी निवासी करण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक लूटपाट के दौरान राज भी घायल हो गया है। पुलिस हिरासत में उसकी सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इनके निशानदेही पर वारदात में शामिल दो नाबालिगों को भी पकड़ लिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि आरोपितों से पूछताछ कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## हमलों के बाद अफगानिस्तान का भरोसा टूटा

**मुत्ताकी ने उठाए सवाल; यूएस में वोटिंग बिल पर बहस**

**काअुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर गहराता नजर आ रहा है। अमीर खान मुत्ताकी ने कहा है कि काबुल पर हालिया हवाई हमलों के बाद अफगानिस्तान का पाकिस्तान की कूटनीतिक मंशा पर से भरोसा पूरी तरह उठ गया है। विदेश मंत्री मुत्ताकी ने काबुल में राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई यह दर्शाती है कि वह विवादों को बातचीत से सुलझाने के बजाय बल प्रयोग का रास्ता अपना रहा है। अफगान विदेश मंत्री ने कहा कि जब तक पाकिस्तान अपनी आक्रामक कार्रवाई बंद नहीं करता, तब तक किसी भी तरह की बातचीत या समझौता संभव नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सेना ने पिछले कुछ वर्षों में कई बार अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। मुत्ताकी ने चेतावनी दी कि यह स्थिति केवल अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है। उन्होंने पड़ोसी देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे इस मुद्दे पर हस्तक्षेप कर हालात को और बिगड़ने से रोकें। इक्वाडोर राष्ट्रपति ने कोलंबिया पर बमबारी के आरोपों का किया खंडन इक्वाडोर के राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ ने कोलंबिया में अपने देश द्वारा बमबारी करने के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका देश नार्को आतंकवाद के खिलाफ अपने क्षेत्र में कार्रवाई कर रहा है और केवल इक्वाडोरियन क्षेत्र में ही छिपे नार्को गिरोहों के ठिकानों को निशाना बना रहा है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सोमवार को दावा किया कि इक्वाडोर ने उनके देश की सीमा पर बमबारी की, लेकिन कोई सबूत पेश नहीं किया। पेट्रो ने अमेरिकी राष्ट्रपति से नोबोआ से संपर्क कर कार्रवाई रोकने का अनुरोध भी किया।

### अमेरिका में रिपब्लिकन वोटिंग बिल बहस

अमेरिका में रिपब्लिकन सांसदों ने मंगलवार को सीनेट में मतदान नियमों को कड़ा करने वाले बिल पर बहस शुरू की, जिसे पास कराना मुश्किल है। यह टॉकथॉन कई दिनों या हफ्तों तक चल सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सीनेट नेता जॉन थून पर दबाव डाला है कि वे फिलिबस्टर को खत्म करें या बिल पास करने का कोई रास्ता खोजें, लेकिन थून ने बार-बार कहा कि उनके पास पर्याप्त वोट नहीं हैं।

### कोलंबिया का वेनेजुएला निवेश प्रयास

कोलंबिया ने वेनेजुएला की बिजली और गैस परियोजनाओं में निवेश के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों से छूट मांगी। ऊर्जा मंत्री एडविन पाल्मा ने कहा कि राज्य की तेल कंपनी इकोपेट्रोल अमेरिकी अधिकारियों से नियामक शर्तों पर चर्चा कर रही है। कोलंबिया राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो लंबे समय से अमेरिकी प्रतिबंधों के विरोध में रहे हैं।

अंतरिक्ष में 50,000 विशाल दर्पण लगाए जाएंगे। इनके जरिये सौर ऊर्जा फार्मों को 24 घंटे धूप मिलेगी। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित स्टार्टअप रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल ने अंतरिक्ष से पृथ्वी पर सूर्य की रोशनी भेजने की एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है। कंपनी का लक्ष्य पृथ्वी की कक्षा में 50,000 विशाल दर्पण स्थापित करना है, जो रात के अंधेरे में भी सौर ऊर्जा फार्मों और विशिष्ट क्षेत्रों को रोशन कर सकेंगे। हॉथोर्न स्थित इस कंपनी ने एक प्रोटोटाइप तैयार किया है, जो एक छोटे फ्रिज के आकार का उपग्रह है। इसमें 60 फीट चौड़ा एक मुड़ने वाला दर्पण लगा है। यह दर्पण अंतरिक्ष से सूर्य की किरणों को परावर्तित कर जमीन पर लगभग तीन मील चौड़े क्षेत्र में रोशनी फैलाएगा। इस कृत्रिम धूप का लाभ उठाना सस्ता नहीं होगा। यदि कोई ग्राहक सालाना 1,000 घंटे का अनुबंध करता है, तो उसे एक घंटे की रोशनी के लिए लगभग 4.6 लाख रुपये चुकाने होंगे। कंपनी ने अब तक निवेशकों से 28 अरब डॉलर से अधिक की राशि जुटाई है। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में स्थित एक वेटरन्स अफेयर्स क्लनिक में मंगलवार दोपहर गोलीबारी की घटना सामने आई। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ के दौरान हमलावर को मार गिराया गया।

## फैमस मंकी पंच को मिली नई जिंदगी

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के इचिकावा सिटी जू में रहने वाला पंच नाम का मैकाक बंदर इन दिनों अपनी नई दोस्ती को लेकर चर्चा में है। कभी अपनी तन्हाई मिटाने के लिए एक सॉफ्ट टॉय से चिपके रहने वाले पंच को अब एक असली साथी मिल गई है जिसका नाम मोमो-चान है।



पंच की कहानी बेहद भावुक रही है। जन्म के कुछ समय बाद ही उसकी मां ने उसे छोड़ दिया था। बंदरों के बच्चों के लिए अपनी मां के शरीर से चिपके रहना उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद जरूरी होता है। ऐसे में चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने पंच को एक बंदर जैसा दिखने वाला सॉफ्ट टॉय दिया। पंच उस खिलौने को ही अपनी दुनिया समझ बैठा और उसे हर वक्त कसकर पकड़े रहता था। उसकी वे तस्वीरें दुनिया भर में वायरल हुई थीं। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार अब पंच की जिंदगी में खुशियों ने दोबारा दस्तक दी है। चिड़ियाघर प्रशासन ने उसकी मुलाकात मोमो-चान नाम की एक मादा मैकाक से कराई। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि पंच अब अपने पुराने खिलौने के बजाय मोमो-चान के साथ खेल रहा है। दोनों एक-दूसरे का पीछा करते हैं साथ में उछलते-कूदते हैं और एक-दूसरे के प्रति स्नेह भी जताते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि पंच ने अपनी नई दोस्त मिलने के बाद भी अपने उस पुराने सॉफ्ट टॉय को नहीं छोड़ा है। वीडियो में वह खिलौना भी कहीं न कहीं नजर आ जाता है। जू प्रशासन का कहना है कि यह खिलौना पंच के लिए सिर्फ एक चीज नहीं बल्कि उस कठिन दौर का साथी था जिसने उसे सुरक्षा और आत्मविश्वास दिया।

चिड़ियाघर के कर्मचारियों का कहना है कि पंच अब पहले से कहीं ज्यादा खुश और सहज महसूस कर रहा है। मोमो-चान के साथ उसकी बॉन्डिंग यह दिखाती है कि सही साथ और समय मिलने पर गहरे जख्म भी भर जाते हैं। सोशल मीडिया पर लोग इस जोड़ी को खूब प्यार दे रहे हैं और इसे सच्ची खुशी का प्रतीक बता रहे हैं।

# ईरान युद्ध के बीच अमेरिका में गैस कीमतों में उछाल, ट्रंप के लिए बढ़ी राजनीतिक चुनौती

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के तीसरे सप्ताह में ऊर्जा बाजार पर दबाव बढ़ने लगा है, जिससे अमेरिका में पेट्रोल की कीमतों में तेज उछाल आया है। यह स्थिति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए न सिर्फ रणनीतिक बल्कि घरेलू राजनीतिक चुनौती भी बनती जा रही है, क्योंकि बढ़ती महंगाई और जीवनयापन की लागत पहले से ही मतदाताओं के लिए प्रमुख चिंता का विषय है। ईरान के खिलाफ युद्ध के तीसरे सप्ताह में राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे फैसलों का सामना कर रहे हैं, जो उनके पूरे कार्यकाल को परिभाषित कर सकते हैं। हालांकि सार्वजनिक मंचों पर वे इस युद्ध को लेकर दबाव में दिखाई नहीं देते। सोमवार रात व्हाइट हाउस में एक घंटे से अधिक लंबे संबोधन में उन्होंने युद्ध के अलावा केनेडी सेंटर के नवीनीकरण, व्हाइट हाउस बॉलरूम निर्माण, वर्ल्ड कप और अन्य घरेलू मुद्दों पर भी विस्तार से बात की।

बीबीसी के अनुसार ट्रंप ने सप्ताहांत फ्लोरिडा स्थित अपने रिसॉर्ट में गोल्फ खेलते हुए बिताया और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर भी सुप्रीम कोर्ट जैसे मुद्दों पर उतना ही समय दिया,

### ● सैन्य गतिविधियां और बढ़ता जोखिम



जितना ईरान युद्ध पर। इसके बावजूद संकेत मिल रहे हैं कि यह युद्ध अब लंबा खिंच सकता है, जबकि ट्रंप इसे पहले ही जीत लिया गया और पूरी तरह समाप्त बता चुके थे। सोमवार को ट्रंप ने घोषणा की कि युद्ध के कारण अप्रैल की शुरुआत में प्रस्तावित चीन यात्रा को एक महीने टाल दिया गया है। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने कहा कि कमांडर-इन-चीफ के रूप में राष्ट्रपति की सर्वोच्च जिम्मेदारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी की सफलता सुनिश्चित करना है।

अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप प्रशासन ने जापान से लगभग 5,000 सैनिकों और नाविकों वाली एक मरीन उभयचर इकाई को मध्य पूर्व भेजने का आदेश दिया है। यह कदम अमेरिका को सैन्य विकल्प खुले रखने की दिशा में देखा जा रहा है, लेकिन इससे क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा को लेकर जोखिम भी बढ़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर तनाव व वैश्विक समर्थन की कमी ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर खतरे के बीच ट्रंप ने इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की अपील की है। उन्होंने चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देशों से इसमें शामिल होने को कहा। हालांकि, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई यूरोपीय देशों ने इस पहल में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने एक व्यवहार्य सामूहिक योजना पर विचार करने की बात कही। इस युद्ध का सबसे बड़ा असर अमेरिका के घरेलू मोर्चे पर दिख रहा है, जहां पेट्रोल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। एक महीने पहले जहां पेट्रोल की औसत कीमत 2.94 डॉलर प्रति गैलन थी, वह अब 3.72 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ऊर्जा कीमतों में लगातार वृद्धि ट्रंप के लिए गंभीर राजनीतिक खतरा बन सकती है।

### महंगाई और अफोर्डेबिलिटी एजेंडा पर असर

अमेरिका में महंगाई दर में गिरावट के बावजूद आवास, खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें अभी भी ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें ट्रंप प्रशासन के अफोर्डेबिलिटी एजेंडा को कमजोर कर सकती हैं। क्लिफर्ड यंग के शब्दों में, यह पूरी रणनीति को पटरी से उतार सकता है।

# बिना डीजे रामनवमी जुलूस निकालने का तुगलकी फरमान वापस ले हेमंत सरकार : कुमार अमित

- बोकारो में रामनवमी अखाड़ा समितियों की बैठक, सभी ने किया इस फरमान का विरोध
- बोकारो विधायक श्वेता सिंह की सदन में इस विषय पर चुप्पी को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के रामनवमी अखाड़ा समितियों की संयुक्त बैठक बुधवार को सेक्टर 3 थाना मोड़ शिव मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बजरंग विजय अखाड़ा समिति के श्री संजय पांडे ने की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री कुमार अमित ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड की हेमंत सरकार द्वारा बिना डीजे रामनवमी जुलूस निकालने का तुगलकी फरमान सनातन के मनोबल को कुचलने का प्रयास है। यह राज्य सरकार द्वारा अपनाए जा रहे तुष्टिकरण नीति का ही नतीजा है। सरकार और प्रशासन को ऐसे हीं नियम नीति बनाना चाहिए जिसका पालन व्यावहारिक हो और लोग उसका पालन कर सकें। सरकार और प्रशासन के ऐसे नियम .समाज के लिए अव्यावहारिक और हास्यास्पद और दुर्भाग्यपूर्ण भी हैं बोकारो के सभी रामनवमी अखाड़ा समितियों को इस नियम के विरोध में एक मंच पर आकर जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार की इस तुगलकी फरमान को लोकतांत्रिक तरीके से वापस लेने की पहल करनी चाहिए। कुमार अमित ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सनातनी समाज का वोट लेकर बोकारो की विधायक बनी श्रीमती श्वेता सिंह का इस विषय पर सदन में चुप रहना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें अपनी कांग्रेस पार्टी की सरकार के इस सनातन विरोधी निर्देश का विरोध कर इसे वापस लेने की मांग करनी चाहिए थी। बैठक में उपस्थित सभी रामनवमी अखाड़ा समितियों ने भी सरकार के इस निर्देश का विरोध करते हुए कहा कि इस निर्देश के आड़ में पुलिस जुलूस के दौरान अखाड़ा समितियों को परेशान करते हुए डीजे मशीनों को जप्त कर डी जे संचालकों पर केस करने की धमकी देती है। बैठक में अखाड़ा समितियों ने शीघ्र हीं एक मंच पर आकर प्रशासनिक अधिकारियों से मिल इस फरमान को वापस लेने की मांग करने का निर्णय लिया है। बैठक का संचालन बजरंग अखाड़ा समिति के श्री नागेंद्र सिंह ने किया। बैठक का संचालन बजरंग अखाड़ा समिति के श्री नरेन्द्र सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री राम मंडली अखाड़ा समिति के श्री सुनील कुमार ने किया, बैठक में विभिन्न अखाड़ा समितियों के नवीन सिंह, के.एल गुप्ता, अशोक कुमार, रामाश्रय प्रसाद, संजीव कुमार, जन्मजय गोस्वामी, संतोष पंडित, राजेश साह, लाल बाबू कुमार, कुन्दन कालिन्दी, विवेक कुमार, राजु सिंह, राहुल, सुनील मिश्रा, एके सिंह, बीएन प्रसाद, हरि सिंह आदि उपस्थित रहे।



# उपायुक्त ने मेयर व वार्ड पार्षदों को दिलाई शपथ

**मेयर ने नवनिर्वाचित उप महापौर अरुण कुमार चौहान को दिलाई शपथ**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 में धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर श्री संजीव सिंह एवं सभी 55 वार्ड पार्षदों को समाहरणालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में शपथ दिलाई। सर्वप्रथम उपायुक्त ने धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर श्री संजीव सिंह को शपथ दिलाई। इसके बाद धनबाद नगर निगम के सभी 55 वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद धनबाद नगर निगम के उप महापौर के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया। दोपहर 12:30 बजे से 1:00 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रुटनी की गई। तत्पश्चात विधि मान्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई। जबकि दोपहर 1:30 बजे से 1:45 बजे तक नाम वापस लेने का समय निर्धारित किया गया। तत्पश्चात 1:45 बजे से 2:15 बजे तक मत पत्र की तैयारी की गई। इसके बाद दोपहर 2:15 बजे से 3:00 बजे तक धनबाद नगर निगम के उप महापौर के लिए मतदान किया गया। मतगणना के बाद निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें अरुण कुमार चौहान विजय घोषित किए गए। नगर निगम चुनाव में महापौर के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने नवनिर्वाचित उप महापौर को प्रमाण पत्र सौंपा। अरुण कुमार चौहान को 50 वोट प्राप्त हुए। जबकि दूसरे स्थान पर मेनका सिंह को 5 वोट प्राप्त हुए। इसके बाद धनबाद नगर निगम के मेयर संजीव सिंह ने उप महापौर को शपथ दिलाई। इस मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) मुकेश कुमार बाउरी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बाल किशोर महतो, विशाल कुमार पांडेय, संजय झा, राम विलास राम, रूपेश मिश्रा, श्री सुशील सिन्हा, श्री आनंद पटेल, प्रशांत झा, विजय कुमार, श्री मनीष कुमार, संतोष कुमार, अंशु देव, उमेश प्रमाणिक, नाविक कुमार के साथ सभी 55 वार्ड पार्षद उपस्थित थे।




## संक्षिप्त समाचार

### प्रबंधन की मनमानी के विरोध में बैंककर्मियों का प्रदर्शन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक प्रबंधन की कथित मनमानियों के विरुद्ध एवं अपने जायज मांगों के समर्थन में फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस द्वारा आंदोलन के कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। जिसके तहत आज आंचलिक कार्यालय के समक्ष सांय काल 5.30बजे प्रदर्शन किया गया। सभी आंचलिक प्रबंधन को ज्ञापन के माध्यम से सूचित किया गया। आज के प्रदर्शन को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रियंका कुमारी, रामजी कुमार, शशि मिश्रा, ब्रजेश, विनय कुमार, सुजीत झा, सरयू शर्मा, धर्मेंद्र, नागेंद्र सिंह, सुजाता कुमारी शामिल हैं।

### नव निर्वाचित मेयर संजीव सिंह को दी बधाई



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को ब्राह्मण समाज श्रीराम पाण्डेय तथा मुकेश पाण्डेय के पहल में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी सुरेश चंद्र तिवारी की नेतृत्व में धनबाद नगर निगम में नव निर्वाचित महापौर संजीव सिंह को उनके आवास सिंह मेंशन में भगवान श्रीराम के प्रतिक धनुष वाण, पगड़ी, अंगवस्त्र एवं तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस का एक प्रति देकर वैदिक रीति-रिवाज से मंत्रोच्चारण तथा माल्यार्पण कर स्वागत, अभिनन्दन, बधाई एवं आशीर्वाद दिया। ज्ञात रहे कि भगवान परशुराम जी भगवान श्रीराम जी को धनुष देकर कहा था की राम रमापति कर धेनु लेहु खेंचहु चाप मिटहुं संदेहु।"उसी तर्ज पर झारखण्ड राज्य के ऐतिहासिक रामराज्य मंदिर चिटाही धाम से संकल्पित धनुष-बाण आज ब्राह्मण समाज ने अपने शंसय को मिटाने हेतु नव निर्वाचित महापौर संजीव सिंह को सोंप कर अपने सामाजिक हितों के प्रति शंसय को मिटाने हेतु आस्वस्त हुए।मौके पर सत्येंद्र प्रकाश पाण्डेय, प्रमोद कुमार दूबे,द्रेवेंद्र कुमार उपाध्याय, श्रीनाथ तिवारी, सुशील कुमार मिश्रा,राजीव रंजन त्रिवेदी, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी,नयन कुमार चौबे,देवेश मिश्रा,अजीत ओझा, रविन्द्र शुक्ला आदी उपस्थित हुए।

### गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सदर अस्पताल में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला गंगा समिति, बोकारो द्वारा गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को सदर अस्पताल परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस अभियान में सदर अस्पताल के प्रशिक्षुओं तथा सफाई कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर अस्पताल परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई की और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि स्वच्छ वातावरण न केवल अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि गंगा एवं अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर सदर अस्पताल के प्रशासक, प्रशासनिक कर्मचारी, नोडल पदाधिकारी तथा डीपीओ, नमामि गंगे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता बनाए रखने एवं समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### टाइगर फोर्स की बैठक में संगठन विस्तार, बनी रणनीति



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुटकी क्लब, धनबाद के सभागार में टाइगर फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक अवधेश पासवान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर ठोस रणनीति तैयार करना रहा।बैठक में उपस्थित प्रमुख वक्ताओ भोला साव, हमजला बिन हक, कैलाश गुप्ता, अनूप साव, जयदेव , प्रेम महतो, दिनेश झा, गफ्फार अंसारी, रामप्रवेश दास, चंदन नंदी एवं विकास बजरंगी—ने संगठन की भूमिका, सामाजिक जिम्मेदारियों और वर्तमान चुनौतियों पर अपने विचार रखते हुए संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया।कार्यक्रम का कुशल संचालन दिनेश रवानी द्वारा किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विजय सिंह ने प्रस्तुत किया।इस अवसर पर संगठन के विस्तार को नई गति देते हुए ओम प्रकाश, राजू साव, विजय पासवान, बदल दास, विकास , बबलू, छोटू राम, धर्मेंद्र राम, महेंद्र यादव, रंजीत सिंह एवं बैजनाथ पासवान सहित कई लोगों ने टाइगर फोर्स की सदस्यता ग्रहण की। बैठक को सफल बनाने में गुलाब डे, चंदन सिंह, विक्की रवानी, अजित पासवान, अनिल पासवान, सोनू हाड़ी, शुभम रवानी एवं रवि पासवान सहित अनेक कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम का आयोजन धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।टाइगर फोर्स ने इस बैठक के माध्यम से स्पष्ट किया कि संगठन आने वाले समय में जनसमस्याओं के समाधान और सामाजिक न्याय के लिए और अधिक सशक्त रूप से कार्य करेगा।

### डीएसओ व एसडीओ ने गैस एजेंसी संचालकों के साथ की बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) शालिनी खालखो एवं अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढांडा की अध्यक्षता में जिले के सभी गैस एजेंसी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में घरेलू - कमर्शियल गैस आपूर्ति की स्थिति, वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित समयावधि में अपनी-अपनी दुकानें नियमित रूप से खोलें, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। साथ ही, गैस सिलेंडर की आपूर्ति में पूर्ण पारदर्शिता बरतने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच किसी प्रकार की भ्रांति न फैले, इसके लिए एजेंसी संचालक स्पष्ट रूप से यह जानकारी दें कि घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुरूप ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

# बोकारो परिसदन की सेवाओं का होगा कायाकल्प

## आधुनिक सुविधाएं, सुदृढ़ प्रबंधन, पारदर्शिता एवं उच्च स्तरीय आतिथ्य व्यवस्था पर जिला प्रशासन का विशेष फोकस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो परिसदन को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। इस पहल के तहत परिसदन के संचालन, रख-रखाव, सुरक्षा, स्वच्छता एवं खान-पान की व्यवस्थाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आगंतुकों, अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

**उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक आयोजित**

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में बोकारो परिसदन संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिसदन के संचालन हेतु नई एजेंसी के चयन को लेकर निविदा प्रकाशित करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रण (आरएफपी) के विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न हो सके।

**मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण एवं अनुशासित कार्यसंस्कृति पर जोर**

परिसदन में कार्यरत कर्मियों की संख्या को आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जाएगा, जिससे सेवाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहे। सभी कर्मियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड एवं आईडी कार्ड अनिवार्य किया जाएगा, जिससे अनुशासन, पहचान एवं पेशेवर कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, कार्यों के स्पष्ट निर्धारण एवं जवाबदेही तय करने के लिए दायित्वों का विभाजन किया जाएगा।

**सुरक्षा व्यवस्था होगी और अधिक मजबूत**

परिसदन की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए 24 घंटे सुरक्षा



गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी जाएगी। इससे नहीं केवल सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई भी संभव हो सकेगी।

**परिसदन में स्वच्छता – हाइजीन को सर्वोच्च प्राथमिकता**

परिसदन में स्वच्छता एवं हाइजीन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए सफाई कर्मियों की 24.7 शिफ्टवार तैनाती की जाएगी, ताकि परिसर हर समय स्वच्छ एवं व्यवस्थित बना रहे।

**स्थानीय स्वाद को बढ़ावाः बोकारो थाली की विशेष पहल**

परिसदन में आने वाले अतिथियों के लिए स्थानीय स्वाद को बढ़ावा देते हुए 'बोकारो थाली', 'बोकारो स्पेशल वेज थाली' एवं 'बोकारो स्पेसल नॉन-वेज थाली' की व्यवस्था की जाएगी। इन थालियों में स्थानीय व्यंजनों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे क्षेत्रीय पहचान को बढ़ावा मिलेगा। इनके दर का निर्धारण परिसदन संचालन समिति द्वारा किया जाएगा, ताकि गुणवत्ता एवं किफायती दर दोनों सुनिश्चित हो सकें। वहीं, संचालन करने वाली एजेंसी सुबह व अन्य समयों के लिए अलग से मेनू तैयार करेगी, जिसे समिति से अप्रुव करना होगा।

**पारदर्शी प्रक्रिया से हो नई एजेंसी का चयन**

परिसदन के संचालन हेतु होटल उद्योग, आवासीय भोजन व्यवस्था से जुड़े एक सक्षम एवं अनुभवी एजेंसी का चयन निविदा (टेंडर) प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। संबंधित एजेंसी का टेक्नीकल मूल्यांकन, प्रेजेंटेशन एवं फाइनेंसियल बिड के बाद चयन किया गया। साथ ही, चयनित एजेंसी के कार्यों का एक वर्ष का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्य संतोषजनक पाए जाने पर अधिकतम एक वर्ष की अवधि का विस्तार प्रदान किया जा सकेगा। इस व्यवस्था से प्रतिस्पर्धा, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।

**नियमित निगरानी एवं जवाबदेही की व्यवस्था**

परिसदन संचालन समिति के सदस्य प्रत्येक सप्ताह परिसदन का निरीक्षण करेंगे एवं अपनी विस्तृत प्रतिवेदन उपायुक्त को सौंपेंगे। इससे कार्यों की निरंतर निगरानी, समस्याओं की शीघ्र पहचान एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम, श्रम अधीक्षक रंजीत कुमार, जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, उद्योग विभाग के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# तेलगड़िया मोड़ से आइटीआइ मोड़-उकरीद मोड़ से बीएस सिटी रेलवे स्टेशन मोड़ तक फ्लाई ओवर निर्माण का प्रस्ताव तैयार करें एनएचआइः उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा की वर्तमान स्थिति, दुर्घटनाओं के कारण, यातायात प्रबंधन की चुनौतियों एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी मारूति मिंज, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

**सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने हेतु उपायुक्त के सख्त निर्देश**

जिले में बढ़ते यातायात दबाव, लगातार लगने वाले जाम एवं सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) को तेलगड़िया मोड़ से आईटीआई मोड़ तथा उकरीद मोड़ से बीएस सिटी रेलवे स्टेशन मोड़ तक फ्लाईओवर निर्माण हेतु विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) को इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी पहलुओं, लागत आकलन एवं व्यवहार्यता रिपोर्ट समर्पित करने को कहा, ताकि भविष्य में सुगम एवं सुरक्षित यातायात



व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

**घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर**

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। इसे रोकने के लिए संबंधित विभागों को कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर स्थायी एवं अस्थायी बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाए। विशेषकर उकरीद मोड़ से बीएसएसिटी स्सस्टेशन चौक... और तेलगड़िया मोड़ से आइटीआइ चौक तक...। साथ ही, आगे घनी आबादी है, धीमी गति से चलें एवं कई स्पीड ब्रेकर है... जैसे चेतावनी बोर्ड प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएं, ताकि वाहन चालकों को पहले से सचेत किया जा सके।

**तेज गति व बिना हेलमेट वाहन चालकों पर दैनिक कार्रवाई का निर्देश**

सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने के लिए उपायुक्त ने पुलिस एवं ट्रैफिक विभाग को निर्देश दिया कि तेज गति से वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिक न होकर निरंतर और प्रभावी होना चाहिए, जिससे आम लोगों में जागरूकता बढ़े और नियमों का पालन सुनिश्चित हो।

**पेटरवार व चंदनकियारी में ट्रॉमा सेंटर संचालन की पहल**

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन आवर के भीतर त्वरित एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को पेटरवार एवं चंदनकियारी में ट्रॉमा सेंटर स्थापित एवं संचालित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में ट्रॉमा सेंटर शुरू होने से दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी और गंभीर मामलों में जीवन बचाने की संभावना बढ़ेगी।

**सड़क जाम पर नामजद एफआइआर दर्ज करने व गुड समैरिटन को प्रोत्साहन**

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अनावश्यक रूप से सड़क जाम कर आमजन को परेशान करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाए। उन्होंने इस बाबत संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। प्रत्येक माह सड़क जाम की कितनी घटना हुई और कितनो पर प्राथमिकी दर्ज हुई, इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले नागरिकों (गुड समैरिटन) को चिन्हित कर सम्मानित किया जाए, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए और अधिक से अधिक लोग मानवता के इस कार्य के लिए प्रेरित हों। पेटरवार चौक पर अक्सर लगने वाले जाम को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### चन्दनकियारी स्टेडियम निर्माण कार्य की डीसी ने की समीक्षा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चन्दनकियारी स्थित स्टेडियम को लेकर एक समीक्षा बैठक बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने की। बैठक में स्टेडियम निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सबसे पहले स्टेडियम निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों से कार्य की गुणवत्ता, समय-सीमा और शेष कार्यों की जानकारी ली गई। इसके पश्चात स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं जैसे मैदान, रनिंग ट्रैक, दीर्घा (गैलरी) आदि के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। कहा कि खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए स्वच्छ और सुगम वातावरण सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। बैठक में उपायुक्त ने भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्माण कार्य से संबंधित जांच प्रतिवेदन शीघ्र समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही, उपस्थित उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार को स्टेडियम का स्थल निरीक्षण कर, अपने स्तर से संबंधित पदाधिकारियों के साथ सभी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा बैठक करने को कहा। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून, कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल राजू मरांडी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल श्री अमृत टोपनो आदि उपस्थित थे।

### बीएसएल फूड-स्ट्रीट में झारखंडी व्यंजनों की पारंपरिक खुशबू बनेगी विशेष आकर्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा आगामी 22 मार्च 2026 को संध्या 05 बजे से आयोजित एक दिवसीय ह्लफूड-स्ट्रीटह्व कार्यक्रम में झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक जीवनशैली एवं स्थानीय स्वादों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। जहां आगंतुकों को देश के विभिन्न प्रांतों के व्यंजनों के साथ-साथ झारखंड के खान-पान की पारंपरिक खुशबू और विशिष्ट स्वाद का अनोखा अनुभव भी प्राप्त होगा। इस आयोजन में झारखण्ड फूड स्टॉल प्रमुख आकर्षण रहेगा, जहां परोसे जाने वाले व्यंजन अपनी सादगी, प्राकृतिकता और पारंपरिक पाक-विधियों के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। यहां आगंतुक विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पिठा जैसे जिल पिठा, डुबुग पिठा, गुड़ पिठा एवं पनीर पिठा का स्वाद ले सकेंगे।

# अधिशासी निदेशक स्किल एक्सीलेंस प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में 'अधिशासी निदेशक (संकार्य) स्किल एक्सीलेंस प्रतियोगिता-2026' के पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त द्वारा परम्परागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई. इस प्रतियोगिता का आयोजन कुल दस प्रमुख तकनीकी श्रेणियों में किया गया था, जिसमें फिटर , टर्नर, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक्स, ड्राइव्स, पीएलसी (प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर), हाइड्रोलिक्स, कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट), इलेक्ट्रिशियन




एवं इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक्स शामिल थे. प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, फिटर श्रेणी में ब्लास्ट फर्नेस के बीरेन्द्र कपरदार विजेता रहे, जबकि सौविक दास प्रथम रनर-अप और अमरजीत गरेरी द्वितीय रनर-अप घोषित किए गए. टर्नर श्रेणी में ब्लास्ट फर्नेस मैकेनिकल के संदीप पूर्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सिंटर प्लांट के शशि भूषण खाल्खो दूसरे और बीरेन्द्र बी पूर्ति तीसरे स्थान पर रहे. एआई (अक) श्रेणी में सीईडी - एस आई जी एस के मोहित गुप्ता विजेता बने, जबकि ए. के. पाण्डेय प्रथम रनर-अप और अमर्त्य शिवम द्वितीय रनर-अप रहे. इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक्स में एम. के. पाण्डेय ने बाजी मारी, वहीं डी. कुमार और आर. कुमार क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे. ड्राइव्स श्रेणी में एसएमएस-क के उत्कर्ष ऋषभ विजेता रहे, जबकि करुणेश जायसवाल प्रथम रनर-अप और संदीप कुमार द्वितीय रनर-अप रहे. पीएलसी श्रेणी में एचएसएम के अवधेश कुमार ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि सीआरएम-III के विजय प्रसाद और पी. सिंह क्रमशः उप-विजेता रहे. हाइड्रोलिक्स श्रेणी में सीआरएम-III के नंदलाल महतो विजेता रहे, जबकि आनंद कुमार मौर्य और पंकज ठाकुर क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय रनर-अप घोषित किए गए. कोपा श्रेणी में कंप्यूटर एवं ऑटोमेशन विभाग की सुकन्या भारती विजेता बनीं, वहीं अमर्त्य शिवम दूसरे और शैलेंद्र कुमार तीसरे स्थान पर रहे. इलेक्ट्रिशियन श्रेणी में एसएमएस-कक्रएवं सीसीएस के लक्ष्मण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आदित्य नारायण और संगीता बनर्जी उप-विजेता रहे. इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक्स में एसएमएस-क के अवनीश यादव विजेता रहे, जबकि सुकन्या भारती और करुणेश जायसवाल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया. कार्यक्रम का सफल समन्वय सहायक महाप्रबंधक मंजरी श्रीवास्तव, प्रबंधक जयनारायण यादव, सच्चिदा नन्द मिश्रा, सहायक प्रबंधक एस. के. डी. भौमिक सहायक प्रबंधक द्वारा किया गया. अपने संबोधन में अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी ने कार्मिकों के नवाचार और समर्पण की प्रशंसा करते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी. अधिशासी निदेशक अनुप कुमार दत्त ने विजेताओं की तकनीकी कुशलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं संयंत्र की परिचालन उत्कृष्टता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होती हैं. यह प्रतियोगिता बोकारो इस्पात संयंत्र के कार्मिकों की तकनीकी दक्षता और नवाचार क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कार्यस्थल पर सुरक्षा और गुणवत्ता के मानकों में सुधार होता है, बल्कि यह संयंत्र की समग्र उत्पादकता और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए एक कुशल कार्यबल तैयार करने में भी सहायक सिद्ध होता है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com